# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-11-2022

# फरियादियों की समस्या सुन सीएम ने दिया कार्रवाई का निर्देश

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गोरखपुर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लगभग 600 लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने अधिकारियों को कार्यवाही का निर्देश देते हुए फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने बारी-बारी से हर फरियादी के पास पहुंचकर उसकी समस्सा सुनी। अफसरों को कार्यवाही के निर्देश दिये। देवरिया की महिला ने किडनी से संबंधित बीमारी के इलाज के लिए मदद की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने कमिश्नर से महिला का आयुष्मान कार्ड बनाने और इलाज के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता



गोरखनाथ मंदिर के जनता दरवार में लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : एसएनबी

## जनता दर्शन

**मुख्यमंत्री ने लगभग 600 लोगों की समस्या सुनी**

से पूर्ण कर शासन में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में कई जिलों से फरियादी पहुंचे थे। इस दौरान महिला फरियादियों के साथ आए उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार कर आशीर्वाद दिया। बच्चों को चॉकलेट देने के साथ ही उनकी माताओं को समझाया कि बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

### गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन कर सीएम ने की गोसेवा

इससे पहले सुबह मठ से बाहर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचकर वहां गोसेवा की।

# नेपाल के कारोबारी से लूट : हवाला के एंगल से जांच कर रही पुलिस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चिलुआताल इलाके के मानीराम के पास नेपाल के कारोबारी से करीब 60 लाख रुपये की लूट में हवाला की आशंका से पुलिस के कान खड़े हो गए है। इसे देखते हुए जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।

कार सवार कैरियर ने सात लाख रुपये लूट की तहरीर दी है। उसके आधार पर चिलुआताल पुलिस लूट का केस दर्ज कर जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया जांच के बाद यह बात सामने आ रही है कि लूटी गयी रकम लगभग 60 लाख रुपये है। बस इसी से पुलिस महकमा सन्न है। इतनी बड़ी रकम कहां से आयी ? कहां जा रही थी ? किस किस के बीच इसे बांटा जाना था ? क्या यह पहली बार हुआ या इस तरह की वारदात को पहले भी अंजाम दिया जाता रहा ? इसमें कौन कौन शामिल रहा है? इन सारे सवालों का जवाब अब पुलिस गंभीरता से तलाश रही है। जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।

> चिलुआताल में 60 लाख की लूट का मामला
>
> हर एंगल पर पुलिस कर रही है जांच पड़ताल
>
> बाइक सवार बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस

लूटी गयी रकम के बारे में पुलिस टीम पिंटू और उनके दो सहयोगियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को संदेह है कि कार में पैसा रखने की जानकारी कैसे हुई ? इस पहलु पर सभी का कॉल डिटेल खंगाले जा रहे है।

मिली जानकारी के मुताबिक नेपाल (भैरहवा) निवासी पिंटू मोबाइल व इलेक्ट्रानिक सामान का कारोबार करते है। शनिवार को रात कारोबारी के दो कर्मचारी मोटी रकम लेकर गोरखपुर जा रहे थे। कार सवार मानीराम ओवरब्रिज के पास पहुंचा ही था कि पल्सर सवार तीन बदमाश कार चालक से सारा पैसा लूट कर फरार हो गए।

मामला चिलुआताल पुलिस के पास पहुंचा तो पता चला कि सात लाख रुपये की लूट हुई है। लेकिन कारोबारी का कहना है कि रकम करीब 60 लाख रुपये थी। रकम गोरखपुर के कुछ लोगों को दिया जाना था।

पुलिस का कहना है कि लूट कांड की जांच परत दर परत की जा रही है। पुलिस पहले सात लाख की रकम की जांच कर रही थी लेकिन जब पुलिस अफसरों को पता चला कि लूटी गयी रकम ज्यादा है तो सोमवार को अवकाश से लौटे एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने फौरी तौर पर जांच का दायरा बढ़ा दिया और पूरे मामले की जांच एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी को सौंप दी। कई पुलिस टीमें जांच में जुटी है। अब तक की जांच में यह बात खुलकर सामने आयी है कि मोटी रकम नेपाल से गोरखपुर किसी के पास जानी थी। पुलिस को आशंका है कि लूटी गई रकम हवाला की हो सकती है। पुलिस इस पहलु पर भी गंभीरता से काम कर रही है। अब वह लूट करने वालों को ही नहीं, हवाला के धंधेबाजों की भी बारीकी से छानबीन कर रही है।

**व्यापारी से पहले भी हो चुकी है शहर में लूट :** नेपाल के कारोबारी पिंटू से 23 अप्रैल को कैंट इलाके में करीब चालीस लाख रुपये बदमाश लूट कर फरार हो गए थे। लूट का केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी तो लूट करने वाले लुटेरों के गैंग को पुलिस ने दबोचा था।

पुलिस के मुताबिक लूट करने वाले लुटेरों से कैंट पुलिस की मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली भी लगी थी। लूटी गई रकम बरामद की गई थी। कैंट इलाके के रुस्तमपुर में लूट की घटना को पहले पुलिस फर्जी मानकर चल रही थी लेकिन बाद में पुलिस को सच्चाई पता चला तो गैंग का खुलासा हुआ था। लूटी गयी रकम हवाला का बताया गया था।

## रकम की बरामदगी के लिए आपरेशन में जुटे एसएसपी



**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर पुलिस अफसर के साथ चिकित्सक भी है। वह कहते है कि लूट की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम वर्कआउट में जुट गई। लूट की रकम की बरामदगी के लिए काम शुरू हो गया है। वह कहते है कि बहुत जल्द ही घटना का खुलासा हो जाएगा।

डॉ ग्रोवर ने बताया कि लूट के बाद वादी ने जो तहरीर दी है उसके आधार पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बाद में पता चला कि लूटी गयी रकम ज्यादे हो सकती है। उसकी भी जांच की जा रही है। उनका कहना है कि लूट की वर्कआउट करने की जिम्मेदारी एसपी नार्थ को सौंपी गयी है। खुद वह पूरे जांच की मानीटरिंग कर रहे है। लूटी गयी रकम यदि अधिक मिली तो संबंधित विभाग की टीम जांच करेगी।

### इन बिंदुओं पर पुलिस का फोकस

- कारोबारी की हिस्ट्री खंगाल रही है पुलिस।
- कार सवार दोनों कैरियर की हिस्ट्री भी जांच के दायरे में।
- नेपाल के कारोबारी का लेन-देन कहां और किन किन से और कब कब हुआ।
- मानीराम में हुई लूट के बदमाशों के बारे में साक्ष्य जुटाने में जुटी पुलिस।
- सात लाख की बजाए बड़ी रकम की जानकारी अफसरों तक पहुंची।
- खुलासे के लिए कई टीमें कर रही है जांच पड़ताल।
- हवाला का पैसा होने से पुलिस का दायरा बढ़ा।

# छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**सहजनवा (एसएनबी)।** सहजनवा इलाके में एक गांव में मनबढ़ युवक छत के रास्ते किशोरी के घर में घुसकर छेड़खानी के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सहजनवां पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपित को तहसील रोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दी। क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि बीती रात एक युवक रात को छत के रास्ते घर में घुस गया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने मारपीट भी किया। पीड़िता की तहरीर पर नामजद केस दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि छेड़छाड़ के आरोपित प्रदीप कुमार सिंह (22) निवासी बसडिला उर्फ अमवा थाना श्यामदेउरवा जनपद महराजगंज को सोमवार को दोपहर में तहसील रोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# गल्ला व्यवसायी से लूट के प्रयास मामले में केस

**ब्रह्मपुर (एसएनबी)।** झंगहा थाना क्षेत्र के गोबरौर चौकी के पास 25 नवम्बर को बुलेट सवार बदमाशो ने इसी थाना क्षेत्र के नई बाजार निवासी एवं गल्ला व्यवसायी सुधांशु जायसवाल की चारपहिया गाड़ी को रोककर लूट का प्रयास किया था। बदमाशों ने लूट में असफल होने पर कार का शीशा तोड़ दिया था। इस मामले में झंगहा पुलिस ने तीन अज्ञात बुलेट सवार बदमाशों के विरूद्ध आईपीसी की धारा 393, 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर बदमाशों की तलाश कर रही है। बतादें कि सुधांशु कौड़ीराम से पैसे का तगादा करके वापस घर आ रहे थे कि झंगहा के गोवरौर के पास बदमाशो ने लूट के नियत से उनके वाहन को रोकने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। जिससे बुलेट सवार लुटेरों ने गाड़ी का सीसा तोड़ दिया था।

# बैनर व स्लोगन से सड़क सुरक्षा के लिए किया प्रेरित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान पर रैली निकाली गयी। रैली में बैनर, हेलमेट, स्लोगन के जरिए महाविद्यालय से निकलकर आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

**एमपी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली रैली**

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह ने कहा कि चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें, नशा व शराब पीकर गाड़ी नहीं चलायें, उचित दूरी बनाकर रहें, साथ ही जेब्रा क्रासिंग पर वाहन की गति धीमी करने व पैदल यात्रियों को चलने का अवसर देना चाहिए। रैली का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरती सिंह एवं डॉ.अखिलेश गुप्त ने किया। इस अवसर पर सभी स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

# जालसाज महिला को जेल

हरपुर-बुदहट। थाना पुलिस ने फरार चल रही जालसाज महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह, कांस्टेबिल इसराफिल अहमद, सुधाकर यादव महिला कांस्टेबिल मीना मिश्रा संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले पर थे। तभी जानकारी मिली कि फरार चल रही जालसाज मीना प्रजापति पत्नी गणेश प्रजापति निवासी भेउरा थाना कोतवाली जिला सन्तकबीर नगर जो आमी नदी के कुआवल पुल के पास खड़े होकर वाहन का इंतजार कर रही है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुच गयी और अभियुक्ता को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

## अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** प्रभारी निरीक्षक बांसगांव संदीप यादव ने हमराही फोर्स के साथ अपहरण के मामले में फरार चल रहे युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवम पुत्र रामदेव निवासी ग्राम ककरही थाना गोला जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस ने आरोपित को आईपीसी की धारा 363 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## नकली असलहा के साथ डांस कर रहे युवक का चालान

**पिपराइच।** क्षेत्र के पतरा बाजार में बीती रात एक मांगलिक कार्यक्रम में असलहा लेकर एक युवक डांस कर रहा था। जिसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया। जांच के दौरान पता चला कि युवक का नाम सैयद अली निवासी पतरा बाजार है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके पास मिले असलहे की जांच की तो वह असलहा नकली मिला। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित युवक को शांतिभंग में चालान कर दिया।

# कनेक्शन के नाम पर ₹12 हजार मांगने का वीडियो वायरल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बिजली निगम के बक्शीपुर खंड के एक संविदाकर्मी ने एक किलोवाट क्षमता के कामर्शियल प्रीपेड बिजली कनेक्शन के नाम पर 12 हजार रुपये मांगे। यह कनेक्शन 74 सौ रुपये में मिलता है। सोमवार को रुपये मांगने का वीडियो वायरल हो गया। संविदाकर्मी बेबाकी से कह रहा है कि, तुम्हारे परिसर पर बकाया है। दूसरा कनेक्शन तो किसी हाल में नहीं मिल सकता। 12 हजार रुपये दोगे तब ही कनेक्शन मिल पाएगा। अब बिजली निगम के अभियंता जांच की बात कह रहे हैं। इससे पहले भी संविदाकर्मी पर कई आरोप लग चुके हैं लेकिन वह लगातार काम कर रहा है।

सितंबर में बिजली निगम की विजिलेंस टीम जांच करने संविदाकर्मी युसूफ के घर पहुंची थी। प्रभारी दिलीप मिश्र के नेतृत्व में टीम पहुंची तो संविदाकर्मी ने लकड़ी का फट्ठा उठा कर पुलिसकर्मियों को मारने के लिए दौड़ा लिया। पुलिसकर्मियों ने सख्ती की जगह वहां से निकलने में ही भलाई समझी। विजिलेंस प्रभारी ने संविदाकर्मी पर एफआइआर भी दर्ज कराया था लेकिन कुछ नहीं हुआ। बिजली निगम में संविदाकर्मियों को हटाने के लिए प्रबंध निदेशक से संस्तुति लेनी पड़ती है। यह प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि कई मामलों में कार्रवाई भी नहीं हो पाती।

बताया जा रहा है कि संविदाकर्मी अभियंताओं का काफी चहेता है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता बक्शीपुर अतुल रघुवंशी ने बताया कि वायरल वीडियो बक्शीपुर खंड के एक संविदाकर्मी का है। पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं।

# इंजीनियर पर पिस्टल तानने वाले ठेकेदार को जेल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जलकल के इंजीनियर सौरभ कुमार पर पिस्टल तानने के आरोपित ठेकेदार शिवदयाल पाण्डेय के विरूद्ध कैंट पुलिस ने केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित ठेकेदार को कोर्ट में पेश की जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

नगर निगम और जलकल के अवर अभियंताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मिलकर घटना से एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को घटना की बाबत अवगत कराया था। एसएसपी के आदेश के बाद प्रभारी निरीक्षक कैंट ने फौरी तौर पर केस दर्ज कर आरोपित ठेकेदार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ठेकेदार पर आरोप है कि 29 अक्टूबर को छठ घाट पर कार्य चल रहा था। यहां ठेकेदार शिवदयाल पाण्डेय अवर अभियंता धीरज कुमार से कहासुनी करने लगे। मामले को इंजीनियर सौरभ कुमार ने समझाबुझाकर शांत कराया। उसके बाद वह शाम 5 बजे महाप्रबंधक कक्ष में मौजूद थे। इस दौरान लाइट चली गयी तभी ठेकेदार शिवदयाल पाण्डेय पहुंचे और नियम विरूद्ध एक कार्य को करने के लिए इंजीनियर पर दबाव बनाने लगे। विरोध करने पर उन्होंने इंजीनियर पर पिस्टल तानकर जानमाल की धमकी दी।

**जलकल के इंजीनियर सौरभ कुमार पर पिस्टल तानने का आरोप**

# एमएमएमयूटी के पूर्व कुलसचिव समेत तीन पर केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएमएमयूटी) के पूर्व कुलसचिव डा. जिउत सिंह, प्रोफेसर डा. हरिश चंद्रा व लेखा विभाग के कर्मचारी मनोज बालोनी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ है। 156 (3) के तहत सीजीएम कोर्ट के आदेश पर खोराबार पुलिस ने रविवार की रात केस दर्ज किया। मामले की विवेचना एसएसआई खोराबार संजय सिंह कर रहे हैं।

हमारे नंदानगर एवं खोराबार **प्रतिनिधियों** के मुताबिक झंगहा के मोतीराम अड्डा निवासी वीरेंद्र चौधरी यूनिवर्सिटी में कनिष्ठ कार्यशाला प्रशिक्षक एवं कार्यकारी उद्यान पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे परिवार समेत परिसर के सरकारी आवास में रहते थे। बीते 3 फरवरी, 2021 को वीरेंद्र ने खोराबार के बहरामपुर के पास ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी। उसी समय अन्य कर्मचारियों व वीरेंद्र के परिजनों यूनिवर्सिटी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। तहरीर दिए जाने के बावजूद पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। जिसके बाद 21 सितंबर, 2021 को वीरेंद्र की पत्नी मैनावती ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज करने की गुहार लगाई थी। मैनावती का

**कर्मचारी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**3 फरवरी, 2021 को एक कर्मचारी ने ट्रेन से कटकर की थी खुदकुशी**

यह है आरोप कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में मैनावती है कि उनके पति वीरेंद्र को 14 मार्च, 2018 को परिसर के उद्यान व पेड़ आदि के रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई थी। वर्ष 2020 में उनके पति को परिसर के 465 पेड़ों को काटने व उनके नीलामी का काम सौंपा गया। जिसमें उनकी मदद चौकीदार व माली ने भी की। नीलामी का पैसा जिम्मेदार अधिकारी के पास जमा कर दिया गया और एक एक पेड़ की सूची भी दे दी गई। आरोप है कि एमएमएमयूटी के तत्कालीन कुलसचिव और वर्तमान में वहीं पर कार्यरत डा. जिउत सिंह, प्रोफेसर हरिश चंद्रा व लेखा विभाग के मनोज बालोनी ने पति बीरेंद्र को बुलाकर गबन का आरोप लगाया और जांच की बात कही। साथ ही कहा कि जांच से बचना है तो घूस बालोनी के पास दे दो।

मैनावती ने बताया कि उनके पति ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की लेकिन कुछ नहीं हुआ। बाद में उनके पति 25 जनवरी, 2021 को चिकित्सीय अवकाश पर चले गए। अवकाश खत्म होने के बाद जब वह ड्यूटी आए तो भी उक्त लोग उनपर दबाव बनाने लगे। जिससे वीरेंद्र मानसिक रूप से प्रताड़ित हुए और ट्रेन के आगे जाकर खुदकुशी कर ली। इस संबंध में इंस्पेक्टर खोराबार कल्यान सिंह सागर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**एक्शन** अपराध पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने तेज की कार्रवाई

# छोड़ दें लूट, छिनैती, रंगदारी करना अब जेल में की जाएगी खातिरदारी

हर दिन बदमाशों की गैंग पर गैंगेस्टर एक्ट से कस रही शिकंजा, नए बदमाशों की तैयार हो रही लिस्ट, लगाया जा रहा गैंगेस्टर एक्ट




**GORAKHPUR (28 Nov):** लूट, मर्डर, तस्करी, छिनैती, रंगदारी करने वाले अपराधियों को खोज-खोजकर पुलिस उनकी अच्छे से खातिरदारी करने में लग गई है. इस समय गोरखपुर में हाफ एनकाउंटर तो नहीं हो रहे हैं, लेकिन गोरखपुर पुलिस अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए उन्हें आर्थिक रूप से तोड़ दे रही है. ताबड़तोड़ कार्रवाई में अब तक एक अरब से अधिक संपत्ति अपराधियों की जब्त हुई है.

## गैंगेस्टर से अपराध पर लगाम

गोरखपुर के 28 थानों में जहां भी नए या पुराने अपराधी अपराध में लिप्त पाए जा रहे हैं. उनपर कार्रवाई के साथ ही उनके ऊपर गैंगेस्टर भी लगाया जा रहा है. इसके बाद अपराधियों की संपत्ति की जांच कर ये पता लगाया जा रहा है कि उन्होंने अपराध के दम पर कितनी प्रॉपर्टी बनाई है. जहां भी ऐसी प्रॉपर्टी मिल रही, उसे फौरन जब्त किया जा रहा है. इस कार्रवाई से अपराधियों के मन भी डर समाया है.



**“ भू माफिया, मेडिकल माफिया, एजुकेशन माफिया, ड्रग्स माफिया को खोजकर निकाला जा रहा है. ऐसे अपराध में लिप्त जो भी मिल रहा है, उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. समाज में भय और दहशत फैलाने वाले कतई नहीं बख्शे जाएंगे. उनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी.**

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

## छह दिन में 39 पर लगा गैंगेस्टर

- 27 नवंबर को गुलरिहा थाना ने 8 अपराधियों पर लगाया गैंगेस्टर.
- 25 नवंबर को रामगढ़ताल थाना ने 3 अपराधियों पर लगाया गैंगेस्टर.
- 23 नवंबर को रामगढ़ताल थाना ने 4 अपराधियों पर लगाया गैंगेस्टर.
- 22 नवंबर को चिलुआताल थाना ने 7 अपराधियों पर लगाया गैंगेस्टर.
- 16 नवंबर को उरूवा थाना ने 7 अपराधियों पर लगाया गैंगेस्टर.
- 13 नवंबर को 5 शातिर महिलाओं पर थाना गुलरिहा ने गैंगेस्टर लगाया.
- 28नवंबर को 3 अपराधियों पर थाना सहजनवां ने गैंगेस्टर लगाया.

## गैंगेस्टर एक्ट में ये होती है कार्रवाई



- एक मुकदमे पर भी लग सकता है गैंगेस्टर.
- एक से अधिक व्यक्ति होने पर लगाया जा सकता है गैंगेस्टर.
- गैंगेस्टर एक्ट में दो से 10 साल तक की हो सकती है सजा.
- सुधीर सिंह, विनोद उपाध्याय, पंडिताइन, डॉ. अभिषेक यादव, भृगनाथ सिंह की संपत्ति जब्त की गई.

**घनश्याम सिंह,** विशेष लोक अभियोजक यूपी गैंगेस्टर एक्ट गोरखपुर

## 1.32 अरब की संपति जब्त

ये गौर करने वाली बात है कि गोरखपुर जोन के 11 जिलों में गैंगेस्टर एक्ट के तहत जब्तीकरण की कार्रवाई में गोरखपुर नंबर वन पर है. जनवरी से लेकर अबतक गोरखपुर में 1.32 अरब, बहराइच में 1.13 अरब, देवरिया 5.14 करोड़ और कुशीनगर में 7.89 करोड़ की अवैध संपत्ति जब्त की गई है.

# ‘तंमचे पर डिस्को’ ने पहुंचाया हवालात

### पिपराइच इलाके में असलहा के संग डांस करते हुए हुआ वीडियो वायरल

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Nov):** पिपराइच इलाके में तमंचे लहराते हुए डांस करना एक युवक को भारी पड़ गया. सोशल मीडिया पर रविवार को उसका वीडियो वायरल हो गया. जिसके बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आने लगी. जिसके बाद एक्टिव पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही ऐसा करने वाले युवक को खोजकर उसे अरेस्ट कर लिया. पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि युवक हाथ में नकली पिस्तौल यानी कि खिलौना लिए डांस कर रहा था. आरोपी की पहचान पिपराइच इलाके के पथरा बाजार के रहने वाले सैयद के रुप में हुई. फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है.



## डीजे पर डांस कर रहे थे युवक

वीडियो रविवार की रात का बताया जा रहा है. पिपराइच इलाके पथरा बाजार से 500 मीटर अंदर सुरेंद्र मौर्या के वहां बहुभोज का कार्यक्रम चल रहा था. इस दौरान पार्टी में डीजे लगा हुआ था और युवक डीजे पर डांस कर रहे थे. इस बीच उनमें से एक युवक ने असलहा निकालकर लहराना शुरू कर दिया और हाथ में असलहा लिए वह डांस करने लगा. वहीं, युवक को ऐसा करते देख वहां मौजूद अन्य युवक और महिलाएं भी उसका समर्थन करते दिखे, किसी ने इसका विरोध नहीं किया. हालांकि, इस बीच किसी ने इसका वीडियो बना लिया और पुलिस को भेज दिया.



## नकली पिस्तौल लेकर दहशत फैला रहा था युवक

एसपी नार्थ, मनोज कुमार अवस्थी ने बताया, वीडियो सामने आने के बाद पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. युवक नकली पिस्तौल लेकर दहशत फैला रहा था. उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

# एमएएमएमयूटी के पूर्व रजिस्ट्रार समेत 3 पर दर्ज हुआ मुकदमा

### यूनिवर्सिटी के कर्मचारी ने साल 2021 में कर लिया था सुसाइड

**GORAKHPUR (28 Nov):** मदन मोहन मालवीय टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एमएमयूटी) के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. जिउत सिंह, प्रोफेसर डॉ हरिशचंद्र और लेखा विभाग के कर्मचारी मनोज बालोनी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ है. यह केस खोराबार पुलिस ने 156(3) के तहत सीजीएम कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया है. इस मामले की विवेचना थाने के एसएसआई संजय सिंह को सौंपी गई है.

## तीन फरवरी को सुसाइड

झंगहा के मोतीराम अड्डा निवासी वीरेंद्र चौधरी यूनिवर्सिटी में जूनियर वर्कशाप मैनेजर के पद पर काम करते थे. वे परिवार समेत परिसर के सरकारी आवास में रहते थे. बीते 3 फरवरी साल 2021 को वीरेंद्र ने खोराबार के बहरामपुर के पास ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी. उसी समय अन्य कर्मचारियों और वीरेंद्र के परिजनों यूनिवर्सिटी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया था. लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था. 21 सितंबर 2021 को वीरेंद्र की पत्नी मैनावती ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज करने की गुहार लगाई थी.

## पत्नी का आरोप

कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र और एफआईआर में मैनावती ने बताया है, पति वीरेंद्र को 14 मार्च 2018 को परिसर के उद्धान और पेड़ आदि के रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई थी. साल 2020 में उनके पति को परिसर के 465 पेड़ों को काटने और उनके नीलामी का काम सौंपा गया. आरोप है कि एमएमयूटी के तत्कालीन रजिस्ट्रार और वर्तमान में वहीं पर कार्यरत डॉ. जिउत सिंह, प्रोफेसर हरिशचंद्र और लेखा विभाग के मनोज बालनी ने पति विरेंद्र को बुलाकर गबन का आरोप लगाया.

## नौकरी के नाम पर रुपये लेने और हड़पने का केस

शाहपुर थाना पुलिस ने यूनिवर्सिटी के योगाचार्य पर नौकरी के नाम पर रुपए लेने और हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है. सैनिक विहार नंदानगर की रहने वाली माधवी राय ने शाहपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी में योगाचार्य के पद पर तैनात राजशेखर यादव ने नौकरी दिलाने के लिए 50 हजार रुपए लिए थे. रुपए उन्होंने ऑनलाइन दिए हैं. नौकरी न मिलने पर उन्होंने राजशेखर से रुपए वापस मांगना शुरू किया तो फोन उठाना बंद कर दिया. घर पर भी नहीं मिलते हैं. पुलिस रुपए हड़पने का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है.

# वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मृत्यु

बेलीपार के सेवई बाजार चौराहे पर रविवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से भौवापार निवासी बुजुर्ग बेचन शर्मा की मृत्यु हो गई. वह श्रीपुरा गांव से एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद साइकिल से घर जा रहे थे. सेवई बाजार चौराहा पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए.

# चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज

भरवलिया के रहने वाले मनोज त्रिपाठी की तहरीर पर थाना पुलिस ने सोमवार को इसी गांव के विवेक उर्फ टेभू यादव पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है. थाना प्रभारी संजय मिश्र ने बताया कि मनोज ने आरोपित पर घर में घुसकर 25 हजार रुपये चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया था.

# महाराज जी... देवर ने किया रेप, ससुर करता है छेड़खानी, नहीं सुन रही पुलिस

**जनता दर्शन में सीएम योगी के पास सबसे अधिक पुलिस और राजस्व से जुड़ी शिकायतें पहुंची, जमीन कब्जा करने वालों पर सख्ती से निपटने की सीएम ने दी हिदायत**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (28 Nov):** सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में सोमवार सुबह जनता दर्शन के दौरान 800 लोगों की समस्याएं सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए. दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर सोमवार को सुबह सीएम जनता दर्शन में पहुंचे. एक रेप पीड़िता ने सीएम से मुलाकात की. कैंट इलाके की रहने वाली महिला ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मेरे ससुर पुलिस विभाग के रिटायर्ड दरोगा हैं और वे मेरे साथ गंदी हरकत करते है. जबकि, मेरे देवर ने मेरा रेप किया. पुलिस के पास गई तो कैंट पुलिस ने छेड़खानी का केस दर्ज कर दिया. रेप की धारा बढ़ाने के लिए एयरफोर्स चौकी इंचार्ज ने मुझसे 20 हजार रुपए लिए. पुलिस ने रुपए भी ले लिए और 164 के बयान में रेप की पुष्टि होने के बाद भी धारा नहीं बढ़ाई. पुलिस ने उल्टा ससुर के दवाब में छेड़खानी की धारा भी केस से हटा दी. मैं लगातार पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट रही हूं. लेकिन मुझे इंसाफ नहीं मिला. अगर मुझे इंसाफ नहीं मिला तो मैं अब अपने बेटे के साथ सुसाइड कर लूंगी.इसी तरह गोरखनाथ इलाके की जटेपुर की रहने वाली संजू कन्नौजिया ने भी सीएम योगी से मदद की गुहार लगाई. उनका कहना था, उनके मकान के पश्चिम तरफ खाली जमीन पर बगैर रजिस्ट्री कराए उषा देवी पत्नी लाल साहब बिना ने दो मंजिला मकान बनवा लिया है.

ग्राउंड फ्लोर के उपर पहली मंजिल पर पीएम आवास बना हुआ है. जिसका दरवाजा और रास्ता उन्होंने मेरी जमीन में खोला है और मेरी जमीन की तरफ उषा देवी ने नीचे से उपर तक कोई दिवार भी नहीं चलाई है. विरोध करने पर लगातार मारपीट कर रही है और पूरा परिवार धमकी देता है. सीएम ने उन्हें मदद का भरोसा दिया है.



फरियादियों की समस्याएं सुनते सीएम योगी.

## दबंगों ने कब्जा कर लिया खेत

चौरीचौरा इलाके के सरदारनगर बसडिला की रहने वाली आशा शुक्ला भी अपनी जमीन विवाद को लेकर सीएम के जनता दर्शन में पहुंची. उनका कहना था. उनके खेत और जमीन को आसपास के कई लोगों ने कब्जा कर लिया है. जबकि, जमीन के कागज में उनका नाम दर्ज है. इसके लिए कई बार प्रशासन से गुहार लगा चुकी, लेकिन कोई मदद नहीं मिली. आशा शुक्ला का कहना था कि वे काफी उम्मीद लेकर इस बार सीएम के पास आई है, ताकि उन्हें मदद मिल सके.

## सुबह पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन

सुबह मठ से बाहर आए सीएम योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया. उसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया. मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंच, वहां गोसेवा की. योगी को अपने बीच पाकर गोवंश खुद उनके पास चले आए. योगी ने गायों को गुड़ एवं चना खिलाया. जनता दर्शन के बाद योगी ने श्वान कालू एवं गोलू को बिस्कुट खिलाने के साथ ही उन्हें दुलार किया.

i CONNECT

Gorakhpur city की real time खबरों से update रहने के लिए Twitter पर फॉलो करें @inextlive डायरेक्ट follow करने के लिए scan करें यह QR Code.

# सोते समय दो भाइयों पर हमला, चार पर मुकदमा

सहजनवा। गीडा थाना क्षेत्र के पिछौरा में शनिवार को घर पर सोते समय दो भाइयों पर गांव के ही चार लोगों ने जमकर लाठी डंडे बरसाए। जिससे दोनों भाइयों सहित तीन लोग घायल हो गए. पुलिस ने इस मामले में रविवार को गांव के ही चार लोगों (पिता उसके तीन लड़कों) पर मुकदमा दर्ज किया है।

# जालसाजी के मामले में फरार महिला गिरफ्तार

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक युवक से 2020 में खादी ग्रामीण उद्योग से पांच लाख का लोन दिलाने के नाम पर 1.10 लाख रुपये की जालसाजी करने वाली महिला को दो साल बाद हरपुर बुदहट प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह ने सोमवार को कुवावल पुल से गिरफ्तार कर लिया। महिला को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया।

# कोर्ट के आदेश पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

भटहट। कोर्ट के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ छेड़खानी के साथ ही मारपीट एवं अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि वह 26 सितम्बर 2022 को शाम तकरीबन 4.30 बजे अपने कमरे में लेटी हुई थी। उसके बच्चे बाहर खेल रहे थे। महिला का पड़ोसी मोहम्मद हसनैन उसके कमरे में घुस गया और उसके साथ जोर जबरदस्ती करने लगा।

# अपहरण के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। बांसगांव पुलिस ने सोमवार को अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपित की पहचान गोला क्षेत्र के ककरही निवासी शिवम के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# प्रशिक्षण के दौरान अफसर ने की अभद्रता, शिकायत

- प्रधानाचार्या ने लिखा निदेशक को पत्र, कार्रवाई की सिफारिश की
- अपने व्यवहार में परिवर्तन ले आने की सलाह दी गई

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान एक नायब तहसीलदार द्वारा कर्मचारियों से अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। प्रधानाचार्या ने इस मामले में निदेशक से शिकायत की।

मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण विद्यालय की प्रधानाचार्या ने राजा टोडरमल सर्वेक्षण एवं भूलेख प्रशिक्षण संस्थान हरदोई उत्तर प्रदेश को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि गोरखपुर-बस्ती और देवीपाटन मंडल के जिलों के नव प्रोन्नत नायब तहसीलदारों का प्रशिक्षण 15 जुलाई से प्रारम्भ होकर 30 नवम्बर तक चल रहा है। इस दौरान एक प्रशिक्षणार्थी नायब तहसीलदार द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्रता की गई।

पत्र में उन्होंने लिखा है कि कर्मचारियों द्वारा इस संबंध में शिकायत की गई जिसे लेकर उन्हें अपने व्यवहार में परिवर्तन ले आने की सलाह दी गई। हालांकि उन्होंने अपने व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं ले आया है बल्कि उनके द्वारा प्रशिक्षण के दौरान अभद्र व्यवहार किया गया है। प्रधानाचार्या ने इस मामले में निदेशक से संबंधित प्रशिक्षणार्थी द्वारा कर्मचारियों के साथ किए जा रहे अमर्यादित व्यवहार को मामले में संज्ञान लेकर कार्रवाई की सिफारिश की है।

# मारपीट के मामले में सात पर केस

सहजनवा। गीडा क्षेत्र के नोसढ़ स्थित दवहिया टोले पर शुक्रवार रात में पुरानी रंजिश में दो पक्षों में हुए मारपीट के मामले में आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे, अब पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

नोसढ़ स्थित दवहिया टोला निवासिनी गुंजा निषाद ने गीडा थाने में तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश में शुक्रवार की रात गांव के ही चार लोगों ने फरसा और डंडे से हमला कर दिया, जिससे पीड़िता गुंजा देवी, उसके जेठ सास, भतीजा घायल हो गए। वहीं, दूसरे पक्ष से रामचन्द्र निवासी नोसढ़ दवहिया ने गीडा पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि नोसढ़ दवहिया निवासी राजेन्द्र, संदीप और बलिराम ने शुक्रवार को हमको और हमारे बेटे पीट दिए।

# बस से व्यापारी के 3.70 लाख चोरी

सहजनवा। गोरखपुर में शॉपिंग मॉल चलाने वाला एक युवक नौसढ़ से दिल्ली जाने के लिए एक प्राइवेट कंपनी की बस में बैठा था। दिल्ली पहुंचने पर उसके बैग से 3.70 लाख रुपये चोरी हो गए। उसने इसकी जानकारी कंडक्टर और कर्मचारी को दी।

जबकि बस में कैमरा भी लगा था। पैसा नहीं मिलने पर पीड़ित ने एसएसपी से गुहार लगाई। उसके बाद गीडा पुलिस ने अज्ञात कंडक्टर और कर्मचारी पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। शाहपुर थाने के जेल रोड स्थित वाटिका मोहल्ले में रहने वाले ऋषिकेश यादव वी मार्ट चलाते हैं। वे अक्सर दिल्ली आते-जाते हैं। शनिवार को एसएसपी को दिए तहरीर में बताया कि 15 नवंबर को उन्होंने जिंगबस सर्विस के बस संख्या एच आर 38-एबी -5937 में गोरखपुर से दिल्ली के लिये एक टिकट बुक किया था। उसी दिन रात 9 बजे वह नौसढ़ से उस बस में बैठे लेकिन जिस सीट संख्या पर उनका नम्बर बुक था, वहां से कंडक्टर ने उन्हें हटाकर दूसरी जगह बिठा दिया और पांच लोगों को नौसढ़ से ही बिना टिकट नम्बर अलाट किये बस में बिठा दिया, जब वह दिल्ली पहुंचकर बैग ठीक करने लगे तो बैग में पैसे नहीं मिला।

गीडा पुलिस ने अज्ञात कंडक्टर और कर्मचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# जनता की रेटिंग में खराब थानों के 'थानेदारों' की जाएगी कुर्सी

- एडीजी ने गोरखपुर-बस्ती रेंज में खराब प्रदर्शन वाले 32 थानों की जारी की सूची
- टॉप 5 में शामिल 33 बेहतर थाना के प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र देने को लिखा पत्र

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जनता की अप्रूवल रेटिंग में खराब थानेदारों की अब कुर्सी जाएगी। एडीजी जोन अखिल कुमार ने सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले थानेदारों की सूची जारी कर दी है।

गोरखपुर-बस्ती रेंज के सात जिलों के 32 थानों का नाम सामने आया है। यहां की पुलिस से पब्लिक खुश नहीं है। एडीजी ने इन सभी थानेदारों को हटाने के लिए उन जिलों के कप्तानों को पत्र लिखा है। वहीं प्रत्येक जिले में अच्छा काम करने वाले टॉप 5 में शामिल 33 थानेदारों को प्रशस्तिपत्र भी देने को कहा है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस की कार्यप्रणाली, जनता के प्रति व्यवहार एवं जनसमस्याओं के निस्तारण के संबंध में प्रत्येह महीने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के जरिए वोटिंग कराया जाता है। आम लोग इसमें अपने वोट देकर बताते हैं कि किस थाने की पुलिस का काम बेहतर है और किसका खराब है। इसी के आधार पर लगातार तीन महीने तक खराब और बेहतर काम करने वालों की सूची बनाई गई है। बेहतर काम वालों यानी टॉप 5 में शामिल थानों के थानेदारों को प्रोत्साहित करने व खराब काम करने वालों यानी बाटम 5 में शामिल थानेदारों को बदलने का आदेश जारी किया गया है।

- गोरखपुर के टॉप :5 थाने, बेलघाट, कैंट, शाहपुर, गीडा, गुलरिहा
- गोरखपुर के बॉटम : 5 थाने, कैंपियरगंज, सिकरीगंज, राजघाट, पीपीगंज, बेलीपार
- देवरिया के टॉप : 5 थाने महिला थाना, कोतवाली, भलुअनी, तरकुलवा, महुआडीह
- देवरिया के बॉटम :5 थाने भाटपार रानी, सुरौली, श्रीरामपुर, बरहज, बरियारपुर
- कुशीनगर के बॉटम :5 थाने महिला थाना, कप्तानगंज, जटहाबाजार, तरयासुजान, विशुनपुरा
- कुशीनगर के टॉप : 5 थाने, बरवापट्टी, सेवरही, पटहेरवा, कोतवाली पड़रौना, रामकोला
- महराजगंज के टॉप : 5 थाने, कोल्हुई, बरगदवां, सोनौली, कोतवाली, नौतनवां
- महराजगंज के बॉटम-5 थाने चौक, महिला थाना, बृजमनगंज, पुरन्दरपुर, श्यामदेउरवा
- संतकबीरनगर के टॉप : 2 थाने, मेंहदावल, दुधारा
- संतकबीरनगर के बॉटम :2 थाने धनघटना, महिला थाना

तीनों पर जूनियर वर्कशॉप मैनेजर को आत्महत्या के लिए उकसाने का दर्ज हुआ है केस

# पूर्व कुलसचिव व प्रोफेसर समेत तीन लोगों पर केस

**03** फरवरी 21 को वीरेंद्र ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी

**21** सितंबर 21 को वीरेंद्र की पत्नी ने कोर्ट में केस दर्ज करने की गुहार लगाई

एमएमएमयूटी



- विश्वविद्यालय के एक कर्मचारी ने ट्रेन से कटकर दी थी जान
- कोर्ट के आदेश पर खोराबार पुलिस ने की है यह कार्रवाई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। मदन मोहन मालवीय टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एमएमएमयूटी) के पूर्व कुलसचिव व प्रोफेसर डॉ. जिउत सिंह, प्रोफेसर डॉ. हरिश्चंद्र व लेखा विभाग के कर्मचारी मनोज बालोनी पर एक कर्मचारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज हुआ है।

सीजीएम कोर्ट के आदेश पर खोराबार पुलिस ने रविवार की देर रात कर्मचारी की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज किया। पूरे मामले की विवेचना थाने के एसएसआई संजय सिंह कर रहे हैं। दरअसल, झंगहा के मोतीराम अड्डा निवासी वीरेंद्र चौधरी यूनिवर्सिटी में जूनियर वर्कशाप मैनेजर के पद पर कार्यरत थे और परिवार समेत परिसर के सरकारी आवास में रहते थे।

03 फरवरी 2021 को वीरेंद्र ने बहरामपुर के पास ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी। उसी समय अन्य कर्मचारियों व वीरेंद्र के परिजनों ने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। जिसके बाद 21 सितंबर 2021 को वीरेंद्र की पत्नी मैनावती ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर केस दर्ज करने की गुहार लगाई थी। इंस्पेक्टर खोराबार कल्यान सिंह सागर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### मैनावती का यह है आरोप

कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र व एफआईआर में दर्ज तहरीर में मैनावती ने बताया कि उनके पति वीरेंद्र को 14 मार्च 2018 को परिसर के उद्यान व पेड़ आदि के रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई थी। वर्ष 2020 में उनके पति को परिसर के 465 पेड़ों को काटने व उनकी नीलामी का काम सौंपा गया। जिसमें उनकी मदद चौकीदार व माली ने भी की थी। नीलामी का पैसा जिम्मेदार अधिकारी के पास जमा कर दिया गया और एक-एक पेड़ की सूची भी दे दी गई। आरोप है कि तत्कालीन कुलसचिव और वर्तमान में वहीं पर प्रोफेसर डॉ. जिउत सिंह, प्रोफेसर हरिश्चंद्र व लेखा विभाग के मनोज बालोनी ने पति वीरेंद्र को बुलाकर गबन का आरोप लगाया और जांच की बात कही। साथ ही कहा कि जांच से बचना है तो घूस बालोनी के पास दे दो। मैनावती ने बताया कि उनके पति ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की लेकिन कुछ नहीं हुआ। बाद में उनके पति 25 जनवरी 2021 को चिकित्सीय अवकाश पर चले गए। अवकाश खत्म होने के बाद जब वह ड्यूटी आए तो भी उक्त लोग उनपर दबाव बनाया जाने लगा। जिससे वीरेंद्र मानसिक रूप से प्रताड़ित हुए और ट्रेन के आगे जाकर खुदकुशी कर ली।

## योगाचार्य पर रुपये हड़पने का मुकदमा

गोरखपुर। शाहपुर थाना पुलिस ने विश्वविद्यालय के योगाचार्य पर नौकरी के नाम पर रुपये लेने और हड़पने का मुकदमा दर्ज किया है।

सैनिक विहार नंदानगर की रहने वाली माधवी राय ने शाहपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गोरखपुर विश्वविद्यालय में योगाचार्य के पद पर तैनात राजशेखर यादव ने नौकरी दिलाने के लिए 50 हजार रुपये लिए थे। रुपये उन्होंने ऑनलाइन दिए हैं, नौकरी नहीं मिलने पर उन्होंने राजशेखर से रुपये वापस मांगना शुरू किया तो फोन उठाना बंद कर दिया। घर पर भी नहीं मिलते हैं। शाहपुर थाना पुलिस रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# सभी की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता

जनता दर्शन

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सबकी समस्याओं का समाधान कराना सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी समस्या को लेकर किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। सरकार हर समस्या का त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएगी।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने करीब 600 लोगों की समस्याएं सुनीं और सबको आश्वस्त किया कि परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर हाल में समस्या का समाधान कराया जाएगा। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक एक-एक कर खुद मुख्यमंत्री पहुंचे और उनकी समस्याएं सुनकर प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को जरूरी निर्देश के साथ संदर्भित किया। अधिकारियों से कहा कि सभी समस्याओं को इस प्रकार निस्तारित करें जिससे फरियादी संतुष्ट हों। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों से समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए।



सोमवार को गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • हिन्दुस्तान

**06** सौ फरियादियों की जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनी समस्या

**02** दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए थे सीएम योगी आदित्यनाथ

### बच्चों को चॉकलेट भी दिया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता दर्शन में पहुंची महिला फरियादियों के साथ आए उनके बच्चों को प्यार-दुलार कर आशीर्वाद दिया। बच्चों को चॉकलेट देने के साथ ही उनकी माताओं को समझाया कि बच्चों को स्कूल जरूर भेजें।

### बीमार महिला को इलाज के लिए दिया भरोसा

किडनी से सम्बंधित बीमारी के इलाज के लिए मदद की गुहार लेकर पहुंची देवरिया की महिला को मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कमिश्नर को निर्देशित किया कि महिला का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। साथ ही इलाज के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा कर शासन को भेजें। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। उन्होंने फरियादी महिला को आश्वस्त किया कि डायलिसिस के अलावा किडनी ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ी तो उसके लिए भी सरकार सहायता राशि उपलब्ध कराएगी।

# बंटवारे को लेकर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जासं, गोरखपुर** : संपत्ति बंटवारे को लेकर हुई मारपीट में सोमवार को अनिल कुमार सिंह की तहरीर पर गुलरिहा थाना पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

कैंपियरगंज के बिस्टौली निवासी अनिल सिंह पुत्र ओम प्रकाश सिंह ने बताया है कि टिकरिया की रहने वालीं उनकी नानी मेवाती देवी का निधन रविवार को हुआ। बेटा न होने के कारण उनकी बेटी व मां संगम देवी मायके में ही रहती हैं। सोमवार की सुबह नानी की संपत्ति के बंटवारे को लेकर नाती अनिल को पट्टीदार शोभा चौधरी, जोखई चौधरी, बीरेन्द्र चौधरी व मदन चौधरी ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी मनोज पाण्डेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# सम्मानित होंगे बेहतर कार्य वाले पांच थानेदार

## पब्लिक अप्रूवल रेटिंग

**जासं,गोरखपुर**: पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मिले वोट के आधार पर एडीजी जोन अखिल कुमार ने जिले के बेहतर और खराब प्रदर्शन करने वाले थानों की सूची जारी की है। अक्टूबर में बेहतर कार्य करने वाले टाप पांच थानेदारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस की कार्यप्रणाली, जनता के प्रति व्यवहार एवं जनसमस्याओं के निस्तारण के संबंध में प्रत्येक महीने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के जरिये वोटिंग कराई जाती है।

आम लोग इसमें वोट देकर बताते है कि किस थाने की पुलिस का काम बेहतर है और किसका खराब। अक्टूबर में थानेदारों को मिले वोट के आधार पर एडीजी जोन ने बेहतर और खराब काम करने वालों की सूची तैयार कराई है। उन्होंने बताया कि बेहतर काम वाले थानेदारों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं जिन लोगों के कार्य खराब हैं उन्हें सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### गोरखपुर

**टाप पांच**: बेलघाट, कैंट, शाहपुर, गीडा, गुलरिहा

**टाप बाटम**: कैंपियरगंज, सिकरीगंज, राजघाट, पीपीगंज, बेलीपार

### देवरिया

**टाप पांच** : महिला थाना, कोतवाली, भलुअनी, तरकुलवा, महुआडीह

**टाप बाटम** : भाटपाररानी, सुरौली, श्रीरामपुर, बरहज, बरियारपुर

### कुशीनगर

**टाप पांच** : बरवापट्टी, सेवरही, पटहेरवा, कोतवाली पड़रौना, रामकोला

**टाप बाटम**: महिला थाना, कप्तानगंज, जटहाबाजार, तरयासुजान, विशुनपुरा

### महराजगंज

**टाप पांच**: कोल्हुई, बरगदवां, सोनौली, कोतवाली, नौतनवां

**टाप बाटम**: चौक, महिला थाना, बृजमनगंज, पुरन्दरपुर, श्यामदेउरवा

### बस्ती

**टाप पांच** : वाल्टरगंज, रुधौली, छावनी, पैकोलिया, नगर

**टाप बाटम**: हरैया, परसरामपुर, गौर, महिला थाना, मुंडेरवा

### संतकबीरनगर

**टाप टू** : मेंहदावल, दुधारा

**टाप बाटम**: धनघटा, महिला थाना

### सिद्धार्थनगर

**टाप पांच** : कपिलवस्तु, खेसरहा, शिवनगर डिडई, जोगिया उदयपुर, मिश्रौलिया

**टाप बाटम** : उसका बाजार, भवानीगंज, ढेबरुआ, बांसी, डुमरियागंज

## रुपये चोरी के आरोप में दर्ज कराया मुकदमा

**उनवल :** भरवलिया के रहने वाले मनोज त्रिपाठी की तहरीर पर थाना पुलिस ने सोमवार को इसी गांव के विवेक उर्फ टेभू यादव पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी संजय मिश्र ने बताया कि मनोज ने आरोपित पर घर में घुसकर 25 हजार रुपये चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया था। (जासं)

## अपहरण के आरोपित युवक को भेजा गया जेल

**बासगांव :** अपहरण के आरोपित गोला के ककरही निवासी शिवम को थाना पुलिस ने सोमवर को गिरफ्तार कर लिया। दारोगा राजेश यादव ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। (जासं)

# पढ़ा यातायात नियमों का पाठ, पालन करने की ली शपथ



गुरुकुल कोचिंग में यातायात नियमों की जानकारी देते टीएसआइ अजय सिंह ● ªFF¦FSX˜F



मोमेंटम कोचिंग में छात्र-छात्राओं को यातायात की जानकारी देते टीएसआइ राहुल राव ● ªFF¦FSX˜F

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : दैनिक जागरण के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सोमवार को कोचिंग सेंटरों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने नियमों का पालन करने की भी शपथ ली। वहीं बस स्टेशन परिसर में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) महेश चंद्र ने रोडवेज (परिवहन निगम) के चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय मन को प्रसन्नचित्त रखें।

मोमेंटम कोचिंग बेतियाहाता में यातायात उप निरीक्षक राहुल राव ने विद्यार्थियों को नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हमें ध्यान रखना चाहिए कि हमारे कारण इमरजेंसी वाहनों की आवाजाही में व्यवधान न हो। मोहम्मद नौशाद ने आइटीएमएस (इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम) से होने वाली निगरानी के बारे में अवगत कराया। बेतियाहाता चौकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव ने विद्यार्थियों की जिज्ञासा शांत की। कोचिंग के निदेशक इं. अरविंद त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस दौरान निदेशक विकास अग्रवाल व महेंद्र पांडेय व अन्य रहे। वहीं, गोलघर की गांधी गली स्थित गुरुकुल क्लासेज में यातायात उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह ने दुर्घटनाओं से बचाव के लिए नियमों के पालन की अपील की। सूरी सर ने शपथ दिलाई।



दैनिक जागरण के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान रेलवे बस स्टेशन पर बस चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते एआरएम महेश चंद ● ªFF¦FSX˜F

## चालक गलत दिशा में न करें ओवरटेक

जासं, गोरखपुर : सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक महेश चंद्र ने चालकों को हर हाल में यातायात के नियमों का पालन करने को कहा। एआरएम सोमवार को बस स्टेशन परिसर में दैनिक जागरण की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित चालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रोडवेज के चालक कुशल होते हैं, लेकिन इस तरह के आयोजनों से उनकी कुशलता और बढ़ती रहती है। दैनिक जागरण की यह पहल स्वागत योग्य है। हाईवे पर निर्धारित गति में ही बस चलाएं, संकेतकों का ध्यान रखें और किसी भी दशा में गलत साइड से ओवरटेक न करें। चालकों को गोरखपुर बस स्टेशन के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी सुरेश कुमार, केंद्र प्रभारी वाल्मीकि वर्मा, संचालन प्रभारी गणेश दूबे और मनोज कुमार दूबे ने भी जागरूक किया।

# पूर्व कुलसचिव व प्रोफेसर समेत तीन पर केस

## एमएमयूटी का मामला

- कर्मचारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का है आरोप
- न्यायालय के आदेश पर खोराबार पुलिस ने की कार्रवाई

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमयूटी) के पूर्व कुलसचिव डा.जिउत सिंह, प्रोफेसर डा.हरिशचंद्र व लेखा विभाग के कर्मचारी मनोज बालोनी पर खोराबार थाना पुलिस ने कर्मचारी को आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है। कर्मचारी की पत्नी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर खोराबार थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोप की जांच कर रही है।

मोतीराम अड्डा गांव निवासी वीरेंद्र चौधरी एमएमयूटी में जूनियर वर्कशाप मैनेजर के पद पर कार्यरत थे और परिवार समेत परिसर के सरकारी आवास में रहते थे। तीन फरवरी 2021 को खोराबार के बहरामपुर के पास ट्रेन से कटकर उन्होंने जान दे दी। इस पर कर्मचारियों व स्वजन ने अधिकारियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। इस पर 21 सितंबर 2021 को उनकी पत्नी मैनावती ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई थी। उसका आरोप है कि पति को 14 मार्च वर्ष 2018 को परिसर में उद्यान व पेड़ के रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई थी। वर्ष 2020 में उन्हें परिसर के 465 पेड़ों को काटने व उनकी नीलामी का काम सौंपा गया। उनकी मदद चौकीदार व माली ने भी की थी। नीलामी का पैसा जिम्मेदार अधिकारी के पास जमा कर दिया गया और पेड़ों की सूची भी दे दी गई। एमएमयूटी के तत्कालीन कुलसचिव और वर्तमान में वहीं पर कार्यरत डा.जिउत सिंह, प्रोफेसर हरिशचंद्र ने पति वीरेंद्र चौधरी को बुलाकर गबन का आरोप लगाया और जांच की बात कही। यह भी कहा कि जांच से बचना है तो लेखा विभाग के बालोनी को रिश्वत दे दो। आरोपितों की प्रताड़ना से तंग आकर 25 जनवरी 2021 को पति चिकित्सीय अवकाश पर चले गए। लौटने पर आरोपितों ने फिर प्रताड़ना शुरू कर दी, जिसकी वजह से ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

## एक नजर में

# आइएमए की आम सभा तय करेगी चुनाव की तिथि

**गोरखपुर** : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) का चुनाव स्थगित होने के बाद संस्था ने बुधवार को आमसभा की बैठक बुलाई है। बैठक रात आठ बजे आइएमए कार्यालय सीतापुर आई हास्पिटल में होगी, जिसमें चुनाव की तिथि तय की जाएगी। सचिव को छोड़कर सभी पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध हो चुका है। सचिव पद पर डा. अमित मिश्रा व डा. दीपक मोदी आमने-सामने हैं। चुनाव 27 नवंबर को होना था, लेकिन अचानक मतदान शुरू होने से 15 मिनट पहले उसे स्थगित कर दिया गया। अध्यक्ष डा. शिव शंकर शाही ने बताया कि नए बाइलाज को लेकर कुछ लोगों की तकनीकी आपत्तियां थीं। उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर अध्यक्ष से शिकायत दर्ज कराई थी। बुधवार को होने वाली आमसभा की बैठक में सभी बिंदुओं पर चर्चा होगी। (जासं)

# एसडीओ के फोन पर 12 हजार लिया था, तुम्हारी क्या औकात

- बक्शीपुर खंड के संविदा लाइनमैन का प्रीपेड कनेक्शन के नाम पर रुपये मांगने का वीडियो वायरल
- कुछ दिनों पहले पुलिस टीम को मारने के लिए दौड़ाया था, कोई कार्रवाई नहीं हुई थी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** 'तुम्हारे परिसर पर बकाया है। दूसरा कनेक्शन तो किसी हाल में नहीं मिल सकता। 12 हजार रुपये दोगे तब ही कनेक्शन मिल पाएगा। इतने रुपये तो एसडीओ... का फोन आया था तब लिया था। तुम्हारी क्या औकात है।' यह संवाद बिजली निगम के संविदाकर्मी और एक नागरिक का है। बक्शीपुर खंड में एक किलोवाट क्षमता के प्रीपेड कामर्शियल (वाणिज्यिक) कनेक्शन लेने के लिए पहुंचे नागरिक से संविदा लाइनमैन ने सीधे 12 हजार रुपये मांगे। एक किलोवाट के प्रीपेड कामर्शियल कनेक्शन के लिए 74 सौ रुपये बिजली निगम के खाते में जमा करने पड़ते हैं।

संविदाकर्मी का सोमवार को वीडियो वायरल हुआ तो अभियंताओं के संज्ञान में मामला आया। अब बिजली निगम के अभियंता जांच की बात कह रहे हैं। इससे पहले भी संविदाकर्मी पर कई आरोप लग चुके हैं लेकिन वह लगातार काम कर रहा है।

> वायरल वीडियो बक्शीपुर खंड के एक संविदाकर्मी का है। पूरे प्रकरण की जांच के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **अतुल रघुवंशी**, अधिशासी अभियंता, नगरीय विद्युत वितरण खंड द्वितीय बक्शीपुर

**लकड़ी के फट्टे से मारने जा रहा था पुलिसकर्मियों को** : सितंबर महीने में बिजली निगम की विजिलेंस टीम जांच करने संविदाकर्मी युसूफ के घर पहुंची थी। सूचना मिली थी कि संविदाकर्मी के घर में कई मीटर रखे हैं। इन मीटर में शंट लगाकर निगम को राजस्व का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इनमें स्मार्ट मीटर भी शामिल है। प्रभारी दिलीप मिश्र के नेतृत्व में टीम पहुंची तो संविदाकर्मी ने लकड़ी का फट्ठा उठा कर पुलिसकर्मियों को मारने के लिए दौड़ा लिया। पुलिसकर्मियों ने सख्ती की जगह वहां से निकलने में ही भलाई समझी। विजिलेंस प्रभारी ने संविदाकर्मी पर एफआइआर भी दर्ज कराया था लेकिन कुछ नहीं हुआ।

**प्रबंध निदेशक को भेजना पड़ता है पत्र** : बिजली निगम में संविदाकर्मियों को हटाने के लिए प्रबंध निदेशक से संस्तुति लेनी पड़ती है। यह प्रक्रिया इतनी लंबी होती है कि कई मामलों में कार्रवाई भी नहीं हो पाती।

प्रबंध निदेशक की संस्तुति के बाद संविदाकर्मी को हटाने के लिए कार्यदायी संस्था को पत्र लिखा जाता है। पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले व नागरिक से ज्यादा रुपये मांगने वाले संविदाकर्मी को हटाने के लिए भी काफी पहले पत्र लिखा जा चुका है।

**अभियंताओं का है चहेता:** संविदाकर्मी अभियंताओं का चहेता है। यही वजह है कि अभियंता उसको हर महत्वपूर्ण कार्य में साथ रखते हैं। वीडियो में वह बक्शीपुर खंड में तैनात रहे एक एसडीओ का नाम भी धड़ल्ले से ले रहा है। इसके बाद भी उसके खिलाफ कार्रवाई से सभी बच रहे हैं।

---

रिपोर्ट

एडीजी ने जोन के सभी जिले के पांच सबसे खराब थानों की सूची जारी कर दिए निर्देश

# बदले जाएंगे जनता के विश्वास पर खरे नहीं उतरे थानेदार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के जरिए कराई गई वोटिंग में लगातार तीन महीने तक बाटम-5 में रहे थानेदारों को बदला जाएगा। जनता के विश्वास पर खरे नहीं उतरे हर जिले के पांच बॉटम-5 थानों की सूची एडीजी जोन अखिल कुमार ने जारी कर एसएसपी/एसपी को निर्देश दिया है। वहीं, बेहतर काम करने वाले हर जिले के पांच थानों के प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस की कार्यप्रणाली, जनता के प्रति व्यवहार एवं जनसमस्याओं के निस्तारण के संबंध में प्रत्येक महीने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के जरिए वोटिंग कराई जाती है। आम लोग इसमें वोट देकर बताते है कि किस थाने की पुलिस का काम बेहतर है और किसका खराब। इसी आधार पर लगातार तीन महीने तक खराब और बेहतर काम करने वालों की सूची बनाई गई है। बेहतर काम करने वालों को प्रोत्साहित और खराब काम वालों को बदलने का आदेश जारी किया गया है।

### पांच बेहतर थाना के प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा

### गोरखपुर के बॉटम थाने
कैंपियरगंज, सिकरीगंज, राजघाट, पीपीगंज, बेलीपार

**गोरखपुर के टॉप- 5 थाने**
बेलघाट, कैंट, शाहपुर, गीडा, गुलरिहा

### देवरिया के बॉटम थाने
भाटपाररानी, सुरौली, श्रीरामपुर, बरहज, बरियारपुर

**देवरिया के टॉप- 5 थाने**
महिला थाना, कोतवाली, भलुअनी, तरकुलवा, महुआडीह

### कुशीनगर के बॉटम थाने
महिला थाना, कप्तानगंज, जटहाबाजार, तरयासुजान, विशुनपुरा

**कुशीनगर के टॉप-5 थाने**
बरवापट्टी, सेवरही, पटहेरवा, कोतवाली पड़रौना, रामकोला

### महराजगंज : बॉटम थाने
चौक, महिला थाना, बृजमनगंज, पुरंदरपुर, श्यामदेउरवा

**महराजगंज के टॉप-5 थाने**
कोल्हुई, बरगदवां, सोनौली, कोतवाली, नौतनवां

### बस्ती के बॉटम थाने
हर्रैया, परशुरामपुर, गौर, महिला थाना, मुंडेरवा

**बस्ती के टॉप- 5 थाने**
वाल्टरगंज, रुधौली, छावनी, पैकोलिया, नगर थाना

### संतकबीरनगर जिले के बॉटम थाने
धनघटना और महिला थाना

**संतकबीरनगर के टॉप-थाने**
मेंहदावल और दुधारा

### सिद्धार्थनगर: बॉटम थाने
उसका बाजार, भवानीगंज, ढेबरुआ, बांसी, डुमरियागंज

**सिद्धार्थनगर के टॉप-5 थाने**
कपिलवस्तु, खेसरहा, शिवनगर डिडई, जोगिया उदयपुर, मिश्रौलिया

# विवि के योगाचार्य पर रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज

### नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार लेने का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने गोरखपुर यूनिवर्सिटी में आउटसोर्सिंग से योगाचार्य राजशेखर यादव पर रुपये हड़पने का केस दर्ज किया है। आरोप है कि नौकरी दिलाने के नाम पर उसने 50 हजार रुपये वसूले। लेकिन, नौकरी नहीं दिलाई और रुपये हड़प लिए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, शाहपुर के सैनिक विहार नंदानगर की रहने वाली माधवी राय ने तहरीर में लिखा है कि दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी में योगाचार्य के पद पर आउटसोर्सिंग से तैनात राजशेखर यादव ने नौकरी दिलाने के लिए 50 हजार रुपये लिए थे।

उन्होंने ऑनलाइन रुपये दिए हैं। नौकरी न मिलने पर राजशेखर से रुपये वापस मांगना शुरू किया, तो उन्होंने फोन उठाना बंद कर दिया। घर पर भी नहीं मिलते हैं।



**जुगाड़ का कनेक्शन**

देवरिया बाईपास के पास सर्विस लेन पर सड़क के किनारे रहने वाले बड़ी संख्या में लोग कटिया डालकर इत्मिनान से बिजली जला रहे हैं, लेकिन बिजली विभाग की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। *शिव हर्ष द्विवेदी*

# एमएमएमयूटी के पूर्व कुलसचिव समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

## तीन फरवरी 2021 को कर्मचारी ने ट्रेन से कटकर की थी खुदकुशी, उकसाने का केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मदन मोहन मालवीय टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एमएमएमयूटी) के पूर्व कुलसचिव प्रो. जीऊत सिंह, प्रोफेसर डॉ. हरिश्चंद्र व लेखा विभाग के कर्मचारी मनोज बालोनी पर खुदकुशी के लिए उकसाने की धारा में रविवार रात केस दर्ज कर लिया गया।

तीनों को तीन फरवरी 2021 को जूनियर वर्कशॉप मैनेजर को खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोपी बनाया गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, झंगहा के मोतीराम अड्डा निवासी वीरेंद्र चौधरी यूनिवर्सिटी में जूनियर वर्कशाप मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। परिवार समेत परिसर के सरकारी आवास में रहते थे। 3 फरवरी 2021 को वीरेंद्र ने खोराबार के बहरामपुर के पास ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी।

उस समय वीरेंद्र के परिजनों व अन्य कर्मचारियों ने यूनिवर्सिटी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए हंगामा किया था, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। 21 सितंबर 2021 को वीरेंद्र की पत्नी मैनावती ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर केस दर्ज करने की गुहार लगाई थी। कोर्ट ने केस दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया।

एसएचओ खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है। जांच व साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### कोर्ट के आदेश पर खोराबार पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

घटना के वक्त ही मैंने एसएसपी को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी। कर्मचारी की मौत की एसआईटी जांच होनी चाहिए। ताकि, वास्तविक पहलू सामने आ सके। जितने आरोप लगे हैं, उसके साथ ही पारिवारिक एंगल को भी शामिल किया जाए। जहां तक घूस लेने का आरोप है, उसके खिलाफ मैं मानहानि का मुकदमा दर्ज कराऊंगा।
-**डॉ. जीऊत सिंह**, पूर्व कुलसचिव, एमएमयूटी

### गबन का आरोप लगाकर मांग रहे थे घूस

दर्ज एफआईआर में मैनावती का आरोप है कि उनके पति वीरेंद्र को 14 मार्च 2018 को परिसर के उद्यान व पेड़ आदि के रख-रखाव की जिम्मेदारी दी गई थी। वर्ष 2020 में उनके पति को परिसर के 465 पेड़ों को काटने व उनकी नीलामी का काम सौंपा गया, जिसमें उनकी मदद चौकीदार व माली ने भी की। नीलामी के रुपये जिम्मेदार अधिकारी के पास जमा कर दिए गए और एक-एक पेड़ की सूची भी दे दी गई। आरोप है कि एमएमएमयूटी के तत्कालीन कुलसचिव और वर्तमान में वहीं पर कार्यरत प्रो. जीऊत सिंह, प्रोफेसर हरिश्चंद्र व लेखा विभाग के मनोज बालोनी ने पति वीरेंद्र को बुलाकर गबन का आरोप लगाया और जांच की बात कही। साथ ही कहा कि जांच से बचना है तो घूस की रकम बालोनी को दे दो। मैनावती ने बताया कि उनके पति ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की, लेकिन कुछ नहीं हुआ। उनके पति 25 जनवरी 2021 को चिकित्सीय अवकाश पर चले गए। अवकाश खत्म होने के बाद जब वह ड्यूटी आए तो भी उक्त लोग उन पर दबाव बनाने लगे। मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर वीरेंद्र ने खुदकुशी कर ली।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी दो गिरफ्तार

**बस्ती।** थाना परशुरामपुर पुलिस ने नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में प्रशांत कुमार त्रिपाठी उर्फ विकास निवासी रमवापुर थाना गोल्हौरा जिला सिद्धार्थनगर और जितेन्द्र कुमार गौड़ निवासी कलोरा थाना बांसगांव जिला गोरखपुर शामिल हैं।

गिरफ्तार अरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, पांच हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड आदि बरामद किया गया है। एसएचओ अरविंद शाही ने बताया कि इनका एक गिरोह है जो बेरोजगार नवयुवकों से संपर्क स्थापित कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने अकाउन्ट में रुपये मंगाते थे। बेरोजगार नवयुवकों को फंसाकर उन्हें ट्रेनिंग दिलाने का फर्जी आदेश पत्र दे देते थे।

इस संबंध में परशुरामपुर थानाक्षेत्र के नेदुला निवासी रामराज ने 30 अगस्त को मुकदमा दर्ज कराया था। जिससे करीब डेढ़ लाख रुपये ठगी करने का आरोप लगाया गया था। सोमवार को परशुरामपुर थाने के बस्थनवा के पास से दोनों को गिरफ्तार किया गया। इनके कुछ अन्य साथियों के भी इस धोखाधड़ी में शामिल होने की बात छानबीन में सामने आई है। पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। संवाद

# ग्यारह लोगों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

## पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू की

**खोराबार।** इलाके के जंगल बेलवार निवासी हरीश चंद्र ने ग्यारह लोगों के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जंगल बेलवार निवासी हरीश चंद्र ने दिए तहरीर में लिखा है कि उनकी मां स्वर्गीय विशेषरी देवी नेगाव के गौरी शंकर व शिव शंकर से 12 मार्च 2008 को एक मकान बैनामा लिया था। उक्त मकान के कुछ भाग को छल, जालसाजी, धोखाधड़ी एवं साजिश करके कूटरचित तरीके से गौरी शंकर, शिवशंकर, दयानाथ, राजेश, मुकेश, मधुना देवी ग्राम जंगल बेलवार, प्रदुम्न, गोलू, अजय, रामदिहल, रामकृपाल पता अज्ञात ने पूर्व विक्रेता से 26-09-2012 को बैनामा करा लिया।

इस मामले में 2012 में दयानाथ , राजेश, मुकेश, मधुना देवी के खिलाफ फर्जीवाड़ा करके बैनामे वाली जमीन को हड़पने का प्रयास करने को लेकर खोराबार थाने में केस भी दर्ज किया था।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-11-2022

राष्ट्रीय सहारा दि0-29-11-22

# पति, सास-ससुर व ननद पर दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में केस

लार। लार थाना क्षेत्र के एक गांव के विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने व दहेज के लिए उत्पीड़न करने के मामले में एसपी के आदेश पर लार पुलिस ने पति, सास, ससुर व नन्द के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित कई अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। लार थाना क्षेत्र के चटिया गांव निवासी तरन्नुम परवीन पत्नी इसरार अहमद ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में बताया है कि हमारी शादी 29 नवंबर 2016 को चटिया गांव निवासी इसरार अहमद पुत्र हदीस अहमद के साथ रीति रिवाज के अनुसार उचित दान दहेज देकर हमारे माता पिता ने की थी। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद से ही पति, सहित सास, ससुर व ननद ने मायके से और दहेज व दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मायके वालों के द्वारा मोटरसाइकिल नहीं दिए जाने पर मेरे साथ पति, सास, ससुर व ननद द्वारा उत्पीड़न किया जाने लगा। इसके साथ ही बार-बार मुझे मारपीट कर घर से भगा दिया जाया करता था। इसी बीच परिजनों के प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर मैं अपने एक वच्चे के साथ मायके चली गई। कुछ दिन बाद मायके में एक पुत्री का भी जन्म हुआ। वेटी जन्म की जानकारी होते ही परिवार के लोग और नाराज हो गए और घर आने से मना कर दिए। साथ ही मेरा व मेरे दोनों वच्चों का खोज खवर लेना वंद कर दिया। जव हम ससुराल जाने की कोशिश करते थे तो पति, सास, ससुर व ननद मिलकर मुझे मारपीट कर घर से भगा दिया गया और घर आने पर जान से मारने की धमकी देने लगे।

हिन्दुस्तान दि0-29-11-22

# पति रात में नहीं रुका ससुराल तो पत्नी पहुंच गई थाने

रामपुर कारखाना, हिन्दुस्तान संवाद। पति अपनी पत्नी को पहुंचाने ससुराल गया। वह रात में ससुराल में नहीं रुका तो पत्नी थाने पहुंच गई। मामले को सुन पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। दोनों के रिश्तेदारों के बीच दिन भर थाने पर पंचायत चली। पुलिसकर्मियों के समझाने के बाद दोनों एक साथ घर चले गए।

रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक अपनी पत्नी को पहुंचाने ससुराल गया। मायके पहुंची पत्नी ने रात होने के चलते पति से वहीं रुकने को कहा। लेकिन युवक ने घर पर किसी के ना होने का हवाला देते हुए रुकने से इंकार कर दिया और वह चला गया। पति के रात में ससुराल में नहीं रुकने पर पत्नी आग बबूला हो गई। सुबह होते ही वह थाने पर पहुंच गई। उसने पति के खिलाफ तहरीर दे दिया। तहरीर की बात सुनते ही पुलिसकर्मी हैरान रह गए। बाद में पति और पत्नी के घरवाले थाने पहुंचे और दोनों पक्षों में दिन भर पंचायत चली। शाम को महिला पुलिस कर्मियों के समझाने पर पत्नी शांत हो गई।

हिन्दुस्तान दि०-29-11-22

# 40 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद। लक्जरी वाहन से शराब लेकर बिहार जा रहे तस्कर को भाटपाररानी पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने स्कार्पियों से 40 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

भाटपाररानी के थानेदार मृत्युजंय सिंह सोमवार को थाना क्षेत्र के जसुई गांव के समीप वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच एक स्कार्पियों आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी को रूकने का इशारा किया तो चालक ने गति बढ़ा दिया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर चालक को दबोच लिया। पुलिस ने वाहन की चेकिंग किया तो उसमें छिपा कर रखा हुआ 40 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस की पूछताछ में दबोचे गए चालक ने अपना नाम अखलाख अहमद उर्फ अली पुत्र मकसूद आलम निवासी कल्यानपुर जिला गोपालगंज बिहार बताया।

उसने बताया कि यूपी से शराब को बिहार ले जा रहे हैं। वहां पर शराब को मंहगे दाम पर बेचा जाता है। पुलिस ने चालक के विरुद्ध आबाकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। इस दौरान उप निरीक्षक रंजीत कुमार सिंह, कांस्टेबल राजेश यादव, विजय यादव, धीरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि०-29-11-22

# पति, सास-ससुर व ननद के विरुद्ध दहेज का मुकदमा

लार, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकालने व दहेज के लिए उत्पीड़न करने के मामले में एसपी के आदेश पर लार पुलिस ने पति, सास, ससुर व नन्द के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न सहित कई अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। महिला के अनुसार बेटी होने से भी उसके ससुराली नाराज थे।

लार थाना क्षेत्र के चटिया गांव निवासी तरन्नुम परवीन पत्नी इसरार अहमद ने दी गई तहरीर में लिखा है कि उसकी शादी 29 नवंबर 2016 को चटिया गांव निवासी इसरार अहमद पुत्र हदीस अहमद के साथ माता-पिता ने की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति, सहित सास, ससुर व ननद ने मायके से और दहेज व दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मायके वालों के द्वारा मोटरसाइकिल नहीं दिए जाने पर मेरे साथ पति, सास, ससुर व ननद द्वारा उत्पीड़न किया जाने लगा। इसके साथ ही बार-बार मुझे मारपीट कर घर से भगा दिया जाया करता था। इसी बीच परिजनों के प्रताड़ना से प्रताड़ित होकर मैं अपने एक बच्चे के साथ मायके चली गई। कुछ दिन बाद मायके में एक पुत्री का भी जन्म हुआ।

दैनिक जागरण दि०.29-11-22

# दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

लार : पुलिस ने सोमवार को चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। चटिया गांव के रहने वाले तरन्नुम परवीन पत्नी इशरार अहमद की तहरीर पर पुलिस ने पति इसरार, सास समशुन्निशा, ससुर हदीश, ननद वैशुन के विरुद्ध कार्रवाई की है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 29-11-22

# तीन पर हत्या का मुकदमा

जासं, रामपुर कारखाना: न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पंद्रह माह बाद तीन लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

पिपरहिया भरत राय गांव की रहने वाली संध्या देवी पत्नी स्व. ओम प्रकाश पांडेय व उनके भसुर उदय भान पांडेय पुत्र दीप नारायण पांडेय से हक व हिस्से को लेकर विवाद चला आ रहा है। 25 अगस्त 2021 को संध्या देवी अपने दरवाजे पर बैठी थी। करीब दो बजे दिन में उदयभान, शैलेश पांडेय पुत्र हरिशंकर पांडेय, सत्यनारायण पांडेय पुत्र मंगल लाठी-डंडा व लोहे की राड़ लेकर पहुंचे व अपशब्द बोलने लगे। संध्या देवी के पुत्र ओम पांडेय ने मना किया तो आरोपितों ने ओम पांडेय को मारपीट कर घायल कर दिया। 31 अगस्त 2021 की रात में करीब 12 बजे तबीयत खराब हो गई। जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक सितंबर 2021 को सुबह तीन बजे मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वाहन चालक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति की मृत्यु के मामले मे पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम फतेहपुरके रहने वाले सुरेन्द्र विंद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मेरे भाई सुबाष विंद सब्जी खरीदकर जा रहे थे। आरोपित ने गांव के बैरिया चौराहा के समीप लापरवाही से बाइक चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने गांव के रहने वाले कमलेश के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 23-11-22

दैनिक जागरण दि० 29-11-22

# अभिलेख गायब करने को लेकर सचिव पर मुकदमा

जासं, बनकटा, देवरिया: विकास खंड के एक ग्राम पंचायत में दो वर्ष पूर्व तैनात सचिव का गैर जनपद स्थानांतरण के बाद भी लगातार दो वर्षों से तैनात सचिव को ग्राम पंचायत का कैश बुक व जरूरी अभिलेख न देने तथा अभिलेख गायब करने के मामले में श्रीरामपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम पंचायत बासोपट्टी में दो वर्ष पूर्व तैनात रहे सचिव चंद्रिका प्रसाद का स्थानांतरण कुशीनगर जनपद में हो गया। स्थानांतरण के बाद उक्त सचिव द्वारा वहां तैनात नए सचिव को चार्ज नही दे रहे थे। अधिकारियों के बार-बार निर्देश के बावजूद भी सचिव द्वारा चार्ज नहीं दिया गया। जिस मामले के सहायक विकास अधिकारी बनकटा रविन्द्र प्रसाद द्वारा श्रीरामपुर थाने में तहरीर दी थी।

# चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

भटनी : बाइक से घर जा रहे युवक को घेरकर पिटाई के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। नगर पंचायत के वार्ड संख्या चार इंदिरा नगर के रहने वाले श्रीप्रकाश गोंड के तहरीर में आरोप लगाया है कि वह अपने भाई रवि गोंड के साथ 26 नवंबर को तिलक समारोह लौट रहे थे, तभी वीरसिंहपुर के पूर्व प्रधान मदन यादव व पप्पू यादव पुत्रगण जयश्री यादव, सोनू यादव व विपिन यादव पुत्रगण मदन यादव हाथ में लाठी-डंडा व चाकू लेकर हमला कर दिया। जिससे दोनों भाई घायल हो गए। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 29-11-22

दैनिक जागरण दि०-29-11-22

# चालक के कंधे पर होती है सवारी की सुरक्षा की जिम्मेदारी

देवरिया: दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत चालकों को हर दिन जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को एसएसबीएल इंटर कालेज के समीप स्थित वाहन स्टैंड पर यातायात के सिपाही प्रमोद कुमार ने चालकों को यातायात के प्रति जागरूक किया। साथ ही विभिन्न तरह की जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन न चलाएं, इसके अलावा वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना भी जुर्म है। ओवर स्पीड व ओवरलोड वाहन न चलाएं। ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। प्रथम बार अपराध करने पर डीएल तीन माह के लिए निलंबित और दूसरी बार या उससे अधिक पर आजीवन के लिए निरस्त करने का प्राविधान है। उन्होंने कहा कि चालक के ऊपर न सिर्फ अपनी, बल्कि गाड़ी में सवार सभी लोगों व सड़क पर चल रहे लोगों की रक्षा की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में वह यातायात नियमों का उल्लंघन कर अपनी व अन्य लोगों की जान को खतरे में न डालें। यदि सवारी हाथ देती है तो बीच सड़क पर वाहन न खड़ा करें। पटरी पर गाड़ी खड़ा करने के बाद ही सवारी बैठाएं और उतारें। इससे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। वाहन चलाने के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस पास रखें। आए दिन जांच के दौरान चालक ड्राइविंग लाइसेंस घर रखने की बात कहते हैं और कार्रवाई झेलनी पड़ती है। चालक यदि हार्ड कापी अपने पास नहीं रखता है तो उसे मोबाइल के डिजी लाकर में रखें।



एसएसबीएल इंटर कालेज के समीप टैक्सी स्टैंड पर चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते सिपाही प्रमोद कुमार ● जागरण

दैनिक जागरण दि०-29-11-22

# सड़क पर समूह में न चलें लोग हादसे की रहती है संभावना



कपरवार स्थित सावित्री बालिका इंटर कालेज में यातायात पाठशाला को संबोधित करते उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह • जागरण

जासं, बरहज : दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बरहज विकास खंड के कपरवार स्थित सावित्री बालिका इंटर कालेज में यातायात पाठशाला का आयोजन किया गया। उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलने के दौरान समूह में न चलें। हमेशा बाएं से चलें, जब भी मुड़ना हो तो हाथ देकर ही मुड़ें। बिना हेलमेट के बाइक और बिना सीट बेल्ट बांधे चार पहिया वाहन न चलाएं। रात में वाहन को चलाते समय डीपर का प्रयोग करें। छात्र अपने स्वजन के साथ ही आसपास में रहने वाले लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। राधारमण त्रिपाठी, संगम पांडेय, साक्षी मद्धेशिया आदि मौजूद रहीं।

दैनिक जागरण दि०-29-11-22

# बरतें सावधानी, छोटी चूक से होते हैं बड़े हादसे



न्यू कालोनी स्थित आइ कैट कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते उप निरीक्षक अंकित कुमार • जागरण

देवरिया: दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत न्यू कालोनी स्थित आइ कैट कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में आयोजित यातायात पाठशाला को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक अंकित कुमार ने कहा कि सड़क पर चलने के दौरान यातायात नियमों का पालन करें। आपकी छोटी सी चूक से कभी-कभी बड़े हादसे हो जाते है और कई लोगों के घर की खुशियां हमेशा के लिए छीन जाती है। उन्होंने कहा कि बालिग होने के बाद सबसे पहले ड्राइविंग लाइसेंस बनवाएं, इसके बाद ही वाहन चलाना सीखें और वाहन चलाएं। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना अपराध है। सड़क पर चलने के दौरान हमेशा अपने ही दिशा से चलें।

दैनिक जागरण दि०-29-11-22

# सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का अवश्य करें पालन



बरांव स्थित हनुमान विद्या इंटर कालेज में आयोजित यातायात पाठशाल को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक मुकेश मिश्र ● जागरण

**जासं, मदनपुर:** दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत मदनपुर के बरांव स्थित हनुमान विद्या इंटर कालेज में आयोजित यातायात पाठशाला को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक मुकेश मिश्र ने कहा कि सुरक्षित यात्रा के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है। खुद के साथ ही दूसरे को भी यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें।

सड़क पर चलने के नियम के अलावा दुर्घटना रोकने के उपाय जैसे चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूरी है। नियंत्रित गति के अलावा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग जानलेवा है। इस दौरान प्रधानाचार्य बसंत कुमार मिश्र, हरिबल्लभ सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि०-29-11-22

# यातायात नियमों की न करें अनदेखी



तरकुलवा के बसंतपुर धूसी के शहीद रामचंद्र इंटर कालेज में आयोजित यातायात पाठशाला को संबोधित करते उप निरीक्षक सौरभ सिंह • जागरण

जासं, तरकुलवा: दैनिक जागरण के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत तरकुलवा के बसंतपुर धूसी के शहीद रामचंद्र इंटर कालेज में आयोजित यातायात पाठशाला को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक सौरभ सिंह ने कहा कि रोजमर्रा के जीवन के लिए यातायात के नियमों का पालन करना सबसे जरूरी है।

एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी का दायित्व है कि हम सभी यातायात नियमों का पालन करें। अनदेखी करने का कारण है कि हम हर दिन सड़क दुर्घटना में लोगों के हताहत होने की खबरें सुनते है। यातायात नियमों के उल्लंघन से न सिर्फ आप अपने जीवन को खतरे में डालते है, बल्कि दूसरे नागरिकों की जान को भी मौत के मुंह में झोंकते हैं, हमेशा बाएं लेन के ही तरफ चले। बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. स्वतंत्र यादव, गोपाल राय, मुनीब प्रसाद, विनोद कुमार शाही, सपना श्रीवास्तव, सुधीर कुमार मौजूद रहे।

अमर उजाला; दि- 29-11-22

# तिलक समारोह से लौट रहे युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

## वीरसिंहपुर गांव के सामने आरोपियों ने लाठी-डंडे से पीटा

संवाद न्यूज एजेंसी

भटनी। तिलक समारोह से घर लौट रहे युवक को कुछ लोगों ने रविवार की रात वीरसिंहपुर गांव के सामने घेर लिया। युवक अभी कुछ समझ पाता तबतक आरोपी लाठी-डंडे से पीटने लगे।

युवक बाइक छोड़ किसी तरह से भागा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भाग खड़े हुए।

शिकायत पर पुलिस ने दलित उत्पीड़न आदि का केस दर्ज किया है। विवाद की वजह पांच दिन पूर्व एक शादी समारोह में युवकों के बीच कहासुनी बताई जा रही है।

### इंदिरानगर वार्ड में मांगलिक कार्यक्रम में हुआ था विवाद

भटनी नगर के इंदिरानगर वार्ड में 22 नवंबर को एक शादी समारोह में स्थानीय और वीरसिंहपुर गांव के युवकों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

लोगों के बीच-बचाव करने के बाद मामला शांत हुआ और युवक अपने घर चले गए। रविवार को इंदिरानगर वार्ड का रहने वाला श्रीप्रकाश गोंड़ अपने दोस्तों के साथ परसौनी गांव स्थित एक तिलक समारोह में शामिल होने गया।

वहां से घर लौटने के दौरान वीरसिंहपुर गांव के सामने लाठी-डंडे से लैस युवकों ने उसे घेर लिया और पिटाई करने लगे।

दोस्तों के बीच-बचाव करने पर युवक अपनी बाइक छोड़ किसी तरह भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी घटनास्थल से निकल लिए। मौके से बाइक बरामद कर पुलिस ने पीड़ित को सौंप दिया।

शिकायत पर पुलिस ने वीरसिंहपुर गांव निवासी मदन यादव, सोनू यादव, पप्पू यादव, विपिन यादव पर दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-11-2022

# चाकू के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

हाटा। जिले में अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में सोमवार को हाटा कोतवाली के एसएसआई अखिलेश यादव ने पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र के झांगा बाजार से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान उनके पास से दो चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उनकी पहचान आदित्य सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह एवं बादल पासवान पुत्र ढोढई पासवान निवासी मंगलपुर उर्फ़ मगरुआ कोतवाली हाटा के रूप में हुई। पुलिस टीम में एसआई अनुराग यादव, कांस्टेबल दुर्गेश यादव एवं रमेश यादव शामिल रहे।

रविवार को पनियहवा में देसी की दुकान में पकड़ी गई थी मिलावटी शराब, दुकान के मैनेजर समेत 3 गिरफ्तार

# मिलावटी शराब बेचने पर महिला समेत 7 पर केस

पनियहवा (कुशीनगर), हिसं। देसी शराब की सरकारी दुकान में मिलावटी शराब बेचने पर हनुमानगंज पुलिस ने महिला अनुज्ञापी समेत सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। इनमें से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने एक गैलन मिलावटी शराब व शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किए हैं।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के पनियहवा सरकारी देसी शराब की दुकान पर रविवार को डिप्टी कमिश्नर आबकारी गोरखपुर डॉ. सुरेश चंद्रा ने छापेमारी कर मिलावटी शराब की खेप पकड़ी थी। दुकान की अनुज्ञापी बड़े शराब कारोबारी रहे स्व. बद्री जायसवाल की पत्नी बताई जा रही हैं। डिप्टी कमिश्नर ने स्थानीय आबकारी टीम व हनुमानगंज पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। इसके बाद आबकारी निरीक्षक अनिल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दुकान के अनुज्ञापी सावित्री देवी पत्नी बद्री प्रसाद निवासी दिलजाकपुर गोरखपुर, मैनेजर जितेंद्र पाठक पुत्र अज्ञात निवासी पटखौली बरहज जनपद देवरिया, सुभाष पुत्र अज्ञात पता अज्ञात, लक्ष्मण श्रीवास्तव पुत्र लल्लू लाल श्रीवास्तव निवासी कुरेजी गड़वार जनपद बलिया, गुड्डू पुत्र अज्ञात पता अज्ञात, सरकारी देशी शराब की दुकान के बगल के चीखना बेचने वाले दुकानदार पनियहवा निवासी रामभजन पुत्र मुन्नी गुप्ता एवं रामकांत पुत्र ठगई गुप्ता के खिलाफ अवैध शराब बनाने व बेचने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने सोमवार को आरोपियों में लक्ष्मण श्रीवास्तव, रामभजन व रामकांत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आबकारी निरीक्षक द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक शराब की दुकान पर छापेमारी में एक गैलन मिलावटी शराब, 56 ढक्कन, 23 नकली क्यूआर कोड, 26 खाली शीशी, 1188 शीशी शराब फुलझड़ी ब्रांड, 7592 शीशी शराब बंटी-बबली ब्रांड, 810 टेट्रा पैक बंटी-बबली ब्रांड, 5985 शीशी शराब बिल्लो रानी ब्रांड एवं 22682 रुपये नगद बरामद हुए। इस दौरान दुकान अंदर मौजूद एक युवक ने पूछताछ में बताया कि वह चिखना बेचता है। रामभजन, रामकांत व गुड्डू मिलकर शराब की शीशियों में से थोड़ी थोड़ी निकालकर गैलन में इकट्ठा कर लेते हैं और बाद में खाली शीशी में भरकर नकली क्यूआर कोड लगाकर उसे बेच देते हैं। खाली ढक्कन नकली क्यूआर कोड के बारे में पूछा गया तो विक्रेता द्वारा बताया गया कि दुकान के मैनेजर जितेंद्र पाठक व सुभाष द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इस समस्त कार्य में अनुज्ञापी सावित्री देवी द्वारा सहमति रहती है।



मिलावटी शराब के साथ पकड़े गए आरोपी एवं पुलिस टीम। • हिन्दुस्तान



बरामद अवैध शराब के साथ पुलिस टीम। • हिन्दुस्तान

# 50 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**शिकंजा**

- पुलिस ने लतवाचट्टी बड़ी गंडक नहर से बरामद की शराब
- बिहार के गोपालगंज जिले के रहने वाले हैं पकड़े गये दोनों तस्कर

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के लतवा चट्टी बड़ी गंडक नहर के पास से साढ़े तीन लाख कीमत की 50 पेटी विभिन्न ब्रांडों की टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद किया है। मौके से पुलिस बिहार निवासी दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

सोमवार को एसओ तमकुहीराज नीरज कुमार राय को जरिये मुखबिर सूचना मिली की फोरलेन के रास्ते शराब तस्कर पिकअप पर लादकर अवैध शराब की खेप लेकर बिहार जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस तस्करों के निगहबानी में जुट गई। कुछ देर बाद हाइवे के रास्ते बिहार की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकअप को रोककर पुलिस ने तलाशी ली तो उसमें साढ़े तीन लाख कीमत की 50 पेटी टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। मौके से पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्करों की पहचान ग्राम भीत भैरवा थाना गोपालगंज बिहार निवासी टुनटुन राम व परमा राम के रूप में हुई। इस संबंध में एसओ ने बताया कि पकड़े गए तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# विवाहिता की मौत के मामले में पति व देवर पर केस दर्ज

**कार्रवाई**

- शादी के कुछ दिन बाद से ही 50 हजार रुपये और बाइक की मांग की
- रविवार की शाम फोन से सूचना मिली कि आपकी बेटी की मौत हो गयी है

फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गड़हिया में रविवार को हुए विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका की मां के तहरीर पर पति और देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दिये तहरीर में मृतका की मां मनोरम देवी ने निवासी ग्राम पडरौन थाना विशुनपुरा ने बताया है कि उसने अपनी बेटी ललिता की शादी दो वर्ष पूर्व अपने क्षमता के अनुरूप दान दहेज देकर तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गड़हिया निवासी रामाधार सिंह के लड़के राणाप्रताप सिंह से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही 50 हजार रुपये और बाइक की मांग को लेकर उसकी बेटी को दामाद राणाप्रताप सिंह व उनके भाई राजा सिंह प्रताड़ित करने लगे। इसके बाद से हम लोगों ने बेटी को समझाया कि धीरे धीरे सब ठीक हो जायेगा। उसके बाद भी अक्सर मेरी बेटी को उन लोगों द्वारा मारा पीटा जाता रहा। इसके बाद से इस घटना को लेकर रविवार को शाम फोन से सूचना मिली कि आपकी बेटी की मौत हो गयी है। इसकी जानकारी पुलिस को देते हुए हम लोग जब अपने बेटी के ससुराल पंहुचे तो वहां घर पर ताला लगा हुआ था। बाद में पुलिस ने मामले की सूचना दी कि आपकी बेटी का शव थाने पर लाया गया है। इस संबंध में एसओ तुर्कपट्टी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतका की मां के तहरीर पर पति और देवर के खिलाफ दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पांच दिन बाद छात्रा को आया होश

**फॉलोअप**

- पडरौना के सेंट जेवियर्स स्कूल की छात्रा ने लगाई थी छलांग
- डॉक्टरों ने छात्रा से मिलने के लिए परिजनों को रोका

**पडरौना, निज संवाददाता।** शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल की तीसरी मंजिल से बीते सप्ताह कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली एक छात्रा ने छलांग लगा दी थी। गंभीर रूप से घायल छात्रा का गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पांच दिनों के बाद छात्रा रविवार की देर रात होश में आ गई, लेकिन इंफेक्शन फैलने की डर से डॉक्टर किसी को भी मिलने की इजाजत नहीं दे रहे हैं। हालांकि, छात्रा होश में आने के बाद भी कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं है। परिजनों को मुलाकात करने से भी रोका गया है। वहीं, मामले की विवेचना करने पहुंचे इंस्पेक्टर भी अस्पताल में भर्ती घायल छात्रा से नहीं मिल सके।

पडरौना शहर के एक मोहल्ले की निवासी छात्रा सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ती है। अर्धवार्षिक परीक्षा देने गई छात्रा ने परीक्षा खत्म होने के बाद बीते बुधवार को स्कूल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी थी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पडरौना के एक निजी अस्पताल से रेफर करने के बाद छात्रा का गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसके सिर में गंभीर चोट होने के साथ-साथ कमर व रीढ़ की हड्डियों में फ्रैक्चर पाया गया। ब्रेन का मेजर ऑपरेशन भी हुआ है। खून की भी छात्रा को कमी है। घटना के बाद से ही वह होश में नहीं आई थी। पांच दिन के बाद रविवार की देर रात छात्रा होश में आई, लेकिन अब भी वह कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं है। डॉक्टर इंफेक्शन का खतरा बताते हुए परिजनों को भी छात्रा से मिलने की इजाजत नहीं है।

वहीं, परिजनों की तरफ से स्कूल के प्रबंधक, सहायक प्रधानाचार्य व एक शिक्षिका समेत सात लोगों में दर्ज कराए गए केस के सिलसिले में सोमवार को कोतवाली पुलिस विवेचना करते हुए अस्पताल पहुंची थी। मगर डॉक्टरों ने पुलिस को भी पूछताछ करने से रोक दिया। इसके बाद से डॉक्टरों का इस मामले को लेकर कहना था कि अभी छात्रा कुछ भी बोल पाने में असमर्थ है। ऐसे में उससे सवाल-जवाब किया जाना इस वक्त उचित नहीं है।

# गुमशुदा युवक मिला, पुलिस ने स्वजन को सौंपा

**तमकुहीराज** : चौकी पुलिस ने बीते बुधवार को घर से गायब युवक को छठवें दिन तमकुहीराज ओवरब्रिज चौराहे के पास से बरामद कर स्वजन को सौंप दिया है। युवक के पिता नईम शाह की लिखित तहरीर पर गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। सोमवार को सूचना पर चौकी प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने कांस्टेबल मनीष राय व राकेश सिंह के साथ ओवरब्रिज पर पहुंचे, जहां बिहार जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहे युवक को पकड़ लिया। (जासं)

## एक नजर में

# हमला कर घायल करने के दो आरोपित चाकू के साथ गिरफ्तार

**हाटा:** कोतवाली पुलिस सोमवार को दो चाकू के साथ दो को गिरफ्तार की। दोनों हमलाकर घायल करने के मामले में आरोपित हैं। कोतवाली के ही मंगलपुर मंगरूआं में बीते 23 नवंबर की सुबह गांव के अविनाश सिंह को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। इस मामले में इसी गांव के आरोपित आदित्य सिंह व बादल पासवान को पुलिस ने झांगा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार यादव, अनुराग यादव, दुर्गेश यादव शामिल रहे। (जासं)

# पकड़े गए फरार चल रहे दो वांछित

**कप्तानगंज :** थाने के अपराध निरीक्षक धनंजय राय ने बताया कि वांछित चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पिता छोटेलाल व पुत्र सोनू, निवासी वार्ड नंबर चार सुभाष चौक नहर रोड कप्तानगंज फरार चल रहे थे, पुलिस को इनकी तलाश थी। (जासं)

# 50 पेटी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**जासं, तरयासुजान :तमकुहीराज** के खुदुरा मोड़ के पास फोरलेन पर सोमवार को पुलिस ने पिकअप से 50 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस दोनों को कोर्ट ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। दोनों की पहचान टुनटुन राम व परमा राम निवासी भित भैरवा थाना व जिला गोपालगंज बिहार के रूप में हुई। बरामद शराब साढ़े सात लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस टीम सुबह नौ बजे गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि तस्कर बिहार की खेप लेकर बिहार की तरफ जा रहे हैं। टीम ने खुदुरा मोड़ के पास फोरलेन पर वाहनों की जांच में जुट गई। इस बीच बिहार की तरफ जा रही पिकअप को पुलिस ने रोका। तलाशी के दौरान पिकअप पर छिपा कर रखी गई अंग्रेजी शराब की खेप बरामद हुई। शराब की मात्रा 50 पेटी पाई गई। पुलिसकर्मियों ने पिकअप सवार दो तस्करों को पकड़ लिया। दोनों ने स्वीकार किया कि वे शराब की खेप बलरामपुर से लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। एसएचओ ने बताया कि मामले में आबकारी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर दोनों को जेल भेज दिया गया। टीम में दारोगा मृत्युंजय सिंह, कांस्टेबल राकेश सिंह शामिल रहे।



बरामद शराब व तस्करों के साथ खड़ी पुलिस ● जागरण

- **फोरलेन पर खुदुरा मोड़ के पास पुलिस ने पकड़ी खेप**
- **बलरामपुर से बिहार के गोपालगंज ले जाई जा रही थी शराब**

# मिलावटी शराब बेचने वाले तीन को जेल

जासं,खड्डाः पनियहवा बाजार स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान में मिलावटी शराब बेचने वाले तीन व्यक्तियों को कोर्ट के आदेश पर सोमवार को जेल भेज दिया गया। हनुमानगंज पुलिस ने मामले में दुकान की अनुज्ञापी सावित्री देवी सहित पांच के विरुद्ध मामला दर्ज कर घटना वाले दिन ही मिलावटी शराब बेच रहे तीनों को गिरफ्तार कर लिया था।

हनुमानगंज के पनियहवा बाजार स्थित सरकारी देसी शराब की दुकान में रविवार शाम को डिप्टी कमिश्नर डा.सुरेशचंद्रा के नेतृत्व में गोरखपुर व कुशीनगर की आबकारी टीम ने छापेमारी की थी। टीम ने मौके से मिलावटी शराब तैयार कर रहे सेल्समैन लक्ष्मण श्रीवास्तव निवासी कुरेजी थाना गड़वार जिला बलिया को रंगे हाथ पकड़ा था। मौके से बड़ी मात्रा में अवैध शराब, स्प्रिट, ढक्कन व रैपर आदि बरामद हुआ था। लक्ष्मण की निशानदेही पर पर टीम ने देर शाम दुकान में उनके सहयोग के रूप में कार्य करने वाले रमाकांत व रामभजन निवासी पनियहवा थाना हनुमानगंज को पकड़ा। आबकारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने दुकान की अनुज्ञापी सावित्री देवी निवासी दिलेजाकपुर गोरखपुर, लक्ष्मण, रामभजन, रमाकांत, गुड्डू पता अज्ञात, जितेंद्र पाठक निवासी पटखौली बरहज जिला देवरिया, सुभाष पता अज्ञात पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।

# दहेज हत्या में पति गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, फाजिलनगर:** तुर्कपट्टी के गड़हियां में रविवार की शाम विवाहिता की मृत्यु के मामले में सोमवार को पुलिस ने मृतका की मां मनोरमा देवी की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पति गिरफ्तार है जबकि देवर फरार चल रहा है।

तहरीर में बताया कि मैंने बेटी ललिता की शादी दो वर्ष पूर्व दान दहेज देकर तुर्कपट्टी के गांव गड़हियां निवासी रामाधार सिंह के लड़के राणा प्रताप सिंह से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। दामाद राणा प्रताप व उनके भाई राजा सिंह 50 हजार रुपए और बाइक की मांग कर रहे थे। इसको लेकर कई बार पुत्री से मारपीट भी किए थे। बेटी को समझा-बुझाकर अपने घर में ही रहने की सलाह देती रही।

# पाठशाला के माध्यम से जागरूक किए गए बच्चे

## सतर्कता से कम होंगी दुर्घटनाएं, बचेगी जान, नियमों का खुद करें पालन, दूसरों को भी करें जागरूक



बरवारतनपुर स्थित जयनाथ राव इंटरमीडिएट कालेज परिसर में जागरण पाठशाला में छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते दाएं टीआइ सत्य सान्याल शर्मा ● जागरण



सेवरही के अंबिका पब्लिक स्कूल परिसर में बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते चौकी इंचार्ज मंगेश मिश्र बाएं से तीसरे ● जागरण

**जागरण टीम, कुशीनगर:** दैनिक जागरण सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जिले के पांच स्कूलों के बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी गई, तो बताया गया कि सर्तकता से दुर्घटनाएं कम होंगी और अनहोनी घटनाओं से बचा सकेगा। इस दौरान बच्चों को खुद के साथ दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए विशेषज्ञों ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया, तो सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने की हिदायत दी। कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग कत्तई न करें। निर्धारित सीमा से अधिक गति से वाहन न चलाएं।

सड़क हादसों को रोकना सामूहिक दायित्व है। इसमें सभी की सहभागिता होनी चाहिए। जब सभी जागरूक होंगे तो दुर्घटनाओं में कमी आएगी। बताया गया कि दोपहिया वाहन पर अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, तीन लोगों को न बैठाएं, सड़क पर अंकित संकेतकों पर ध्यान दें व तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं। इस दौरान शिक्षकों ने दैनिक जागरण के इस प्रयास को सराहा। सोमवार को हनुमान इंटरमीडिएट कालेज में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत दारोगा कुलदीप मौर्या ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्हें यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। सड़क प्रतीक चिन्हों के बारे में बताया गया। शिक्षक राकेश त्रिपाठी, विवेक शर्मा, प्रदीप मिश्र, राजेश यादव , हरिकेश प्रसाद , कैलाश पति त्रिपाठी, अमित



बुद्ध इंटर कालेज में जागरण पाठशाला में छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते चौकी इंचार्ज दिग्विजय नारायण राय ● जागरण

कुमार राव, मनोज मणि त्रिपाठी, परवेज आलम आदि मौजूद रहे। जयनाथ राव इंटरमीडिएट कालेज बरवारतनपुर में सुरक्षित यात्रा को लेकर ट्रैफिक इंसपेक्टर सत्य सान्याल शर्मा ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते नियमों के बारे में बताया। प्रधानाचार्य रमेश प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, जय प्रकाश सिंह, रामदरश शर्मा, दुर्गेश प्रजापति,राम अशीष चौरसिया, सर्वेश कुमार मालवीय, रणजीत सिंह, मोहन कुमार भारती, अंबरीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

तमकुहीराज में न्य ईरम कान्वेंट के छात्रों को एसएचओ नीरज राय ने नियमों के पालन की शपथ दिलाई तो बच्चों की जिज्ञासा को शांत किया। प्रबंधक संतोष कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

सेवरही संवाददाता के अनुसार दैनिक जागरण ने अपने अपने अभियान के अंतर्गत सोमवार को अंबिका पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा की पाठशाला लगाई, जहां छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए चौकी प्रभारी मंगेश मिश्र द्वारा यातायात नियमों के बारे में बताया गया। छात्रों को खुद के साथ अभिभावकों व पास पड़ोस के लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बच्चों को सड़क पर बाएं से चलने तथा झुंड बनाकर न चलने की नसीहत दी। कहा कि यातायात नियमों का पालन कर खुद सुरक्षित व दूसरे को सुरक्षित रखने के नारे के साथ प्रयास करना होगा। प्रबंधक विकास मिश्र, शिक्षक, सुदीन अंसारी, राजू चौहान, योगेंद्र राय, राहुल मिश्र, मंजीत यादव, अमित



पडरौना नगर के हनुमान इंटर कालेज परिसर में जागरण पाठशाला में छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते एसआइ कुलदीप मौर्य दाएं से दूसरे ● जागरण



तमकुहीराज के न्यू इरम कान्वेंट स्कूल परिसर में जागरण पाठशाला में शपथ लेते बच्चे ● जागरण

मद्धेशिया, काजल मिश्र, सोनी शर्मा, प्रताप नारायण मिश्र आदि मौजूद रहे। कुशीनगर संवाददाता के अनुसार बुद्ध इंटर कालेज कुशीनगर में सड़क सुरक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया।

कुशीनगर चौकी प्रभारी दिग्विजय नारायण राय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सड़क के सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी है। सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। नियमों का पालन न करने से ही दुर्घटनाएं होती हैं। नियमों का पालन करके स्वयं सुरक्षित रहेंगे साथ ही दूसरे भी सुरक्षित रह सकेंगे। यदि फोन को रिसीव करना जरूरी हो तो वाहन रोककर ही बात करें। जागरण की यह पहल अनुकरणीय है।

प्रधानाचार्य इम्तियाज अहमद खां, सुरेश प्रसाद गुप्त, बलीन्द्र सिंह, सूर्यप्रकाश, अशोक चौरसिया, शम्भू शरण श्रीवास्तव, लालबहादुर, कां अरविंद गुप्ता, शिव विलास मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# किशोर गायब, नौ दिन बाद अपहरण का मुकदमा

**जासं, तमकुहीराज :** नौ दिन पूर्व घर से साइकिल से निकले किशोर के घर वापस नहीं लौटने पर सोमवार को स्वजन ने अपहरण की बात कहते हुए तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच करने के साथ किशोर की तलाश में जुट गई है।


दीपक।

तमकुहीराज के माधोपुर बुजुर्ग निवासी 14 वर्षीय दीपक बांसफोड़ पुत्र राजकुमार बांसफोड़ बीते 20 नवंबर को सुबह साइकिल से घर से निकले तो फिर घर वापस नहीं लौटे। स्वजन सभी संभावित स्थलों पर तलाश के बाद पुलिस के पास पहुंचे। तहरीर के जरिये बताया कि किशोर गायब नहीं हुआ है, उसका अपहरण किया गया है। गांव के कुछ लोगों पर संदेह भी जताया है, हालांकि तहरीर में किसी का नाम नहीं दिया है। स्वजन अनहोनी की आशंका भी जता रहे हैं। एसएचओ नीरज राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। हालांकि, अपहरण को लेकर किसी रंजिश या विवाद की बात अभी तक सामने नहीं आई है।

# गिरफ्तारी को लेकर सीएम को भेजा पत्र

**जासं,पडरौना:** सदर कोतवाली के बेलवा मिश्र निवासी हरिशंकर दीक्षित ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र भेज हत्या के आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। पत्र में लिखा है कि मेरी पुत्री की शादी भिसवा सरकारी निवासी धुपई तिवारी के छोटे पुत्र मृत्युंजय तिवारी के साथ 17 जनवरी 2014 को हुई, लेकिन दहेज के लिए पुत्री की 23 सितंबर 2016 को ससुरालियों ने हत्या कर लाश फेंक दिया। इस मामले में न्यायालय के निर्देश पर पति समेत सात लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज हुआ। इस मामले में अभी तक दो आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है।

# बच्चों के बयान से खुलेगा घटना का राज

## एएसपी व तहसीलदार ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, बच्चों की हालत गंभीर

जागरण संवाददाता, फाजिलनगरः अपने ही जिगर के टुकड़ों को आग के हवाले करने वाली मां की करतूत से हर कोई हैरान है। उसने यह कदम क्यों उठाया, इसकी चर्चा घटना के दूसरे दिन सोमवार को भी लोग करते रहे। उधर मामले की जांच-पड़ताल में लगी पुलिस अब तक घटना के कारणों तक नहीं पहुंच सकी है। मेडिकल कालेज गई पुलिस टीम का भी बच्चों से संपर्क नहीं हो पाया है। डाक्टरों ने जीवन और मृत्यु से जूझते भाई-बहन का बयान दर्ज करने की अनुमति नहीं दी।

ऐसे में अब सबकी निगाह बच्चों पर टिकी है, उनके बयान से ही घटना का कारण सामने आ सकेगा। वहीं देर शाम पुलिस ने मां की तहरीर पर पट्टीदार रमावती पत्नी सत्यदेव, राजेश पुत्र सत्यदेव, प्रीति पत्नी राजेश व सरोज पत्नी मोतीलाल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। पट्टीदारों पर उत्पीड़न का आरोप है।

पिपरारजब गांव में सोमवार को लोग उदास दिखे। सभी के जुबां पर जीवन मौत से जूझ रहे भाई-बहन व मां की चर्चा थी। लोग भाई-बहन के स्वस्थ होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर रहे। घटना का कारण क्या रहा, यह पूछने पर कोई कुछ नहीं बता पा रहा। अधिकांश लोगों का यही कहना था कि हर परिवार में कलह होता है, मगर इसका मतलब यह तो नहीं कि आप अपने ही बच्चों के जान की दुश्मन बन जाएं। ऐसे में आरोपित मां ने यह कदम क्यों उठाया इसका जवाब अब भी रहस्य बना हुआ है।

बीते रविवार की शाम गांव की मंजू पत्नी छोटेलाल ने अपने पुत्र 14 वर्षीय प्रवेश यादव व दो पुत्रियां 19 वर्षीय पूजा तथा 18 वर्षीय प्रिया पर केरोसिन छिड़क आग के हवाले कर दिया था।

घर में चीख-पुकार सुनकर दौड़े आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गंभीर रूप से झुलसे तीनों का मेडिकल कालेज गोरखपुर में उपचार चल रहा है। उधर देर रात एएसपी रितेश कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच जानकारी ली।

मातहतों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। घटना की अगली सुबह सोमवार को तहसीलदार कसया मांधाता सिंह ने भी मौके पर पहुंच जानकारी ली।



पिपरा रजब स्थित घटनास्थल पर जले पड़े रजाई व कंबल ● जागरण

### वायरल हो रहा मां से जुड़ा वीडियो

आरोपित मां का एक वीडियो सोमवार को इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा। दो मिनट से अधिक के इस वीडियो में मां बेटियों के व्यवहार पर सवाल उठा रही। कह रही कि लंबे समय से दोनों किसी से बातचीत कर रहीं। दोनों को समझाकर वह थक चुकी है। अब बर्दाश्त नहीं हो रहा।

### सिलेंडर फटने से आग लगने की चर्चा पर सवाल

घटना के बाद से ही रसोई गैस सिलेंडर फटने की चर्चा चल रही। जिसे परिस्थितियां सिरे से खारिज कर रहीं। रसोई गैस व घटनास्थल की दूरी लगभग 15 मीटर है। इस घटना में आग से क्षति सिर्फ उसी कमरे में दिख रही, जहां बच्चे लेटे हुए थे। रसोई घर पूरी तरह सुरक्षित है, ऐसे में सिलेंडर फटने की चर्चा पर लोग सवाल खड़े कर रहे।

> मामले में मंजू की तहरीर पर चार पट्टीदारों के विरुद्ध उत्पीड़न व जिंदा जलाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर विवेचना की जा रही है। बच्चों का बयान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है, उनके बयान के बाद ही कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस डाक्टरों के संपर्क में है, स्वास्थ्य में सुधार होते ही बयान दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।
>
> रितेश कुमार सिंह, एएसपी

### आरोपित सभी सगे पट्टीदार

छोटेलाल के पिता सत्यदेव यादव ने दो शादियां की हैं। छोटेलाल पहली पत्नी के पुत्र हैं और राजेश यादव दूसरी पत्नी के पुत्र। छोटेलाल की पत्नी मंजू ने राजेश उनकी पत्नी व परिवार के दूसरे सदस्यों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। तहरीर में कहा है कि घटना के पूर्व आरोपितों ने बच्चों व मुझे मारा-पीटा। इससे आजिज आकर बच्चों ने अपने ऊपर केरोसिन छिड़क आग लगा ली।

# यौन शोषण के आरोपित सिपाही ने की युवती से मंदिर में शादी

- **एसपी को प्रार्थना-पत्र देकर युवती ने लगाई थी गुहार**
- **जटहाबाजार थाने में है सिपाही की तैनाती, कसया इलाके की है युवती**

**जागरण संवाददाता,पडरौना:** यौन शोषण का आरोप लगाने वाली युवती से आखिरकार आजमगढ़ के रहने वाले जटहाबाजार थाने में तैनात सिपाही ने सोमवार की शाम मंदिर में गोपनीय ढंग से शादी कर ली। सहकर्मियों ने नव दंपती के सुखद जीवन की कामना की। यह मामला पिछले सात दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ था।

बता दें मूल रूप से नेबुआ-नौरंगिया निवासी कसया इलाके में रह रही एक युवती ने बीते 23 नवंबर को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल को प्रार्थना-पत्र देकर जटहाबाजार थाने में तैनात सिपाही पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया। एसपी को बताया कि सिपाही के कसया थाने में तैनाती के दौरान दोनों एक साल पहले इंटरनेट मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े फिर बातें शुरू हुईं। धीरे-धीरे दोनों एक दूसरे से मिलने लगे। नजदीकियां बढ़ी और प्यार हो गया। सिपाही शादी का आश्वासन दे हेतिमपुर स्थित एक मकान में किराये का कमरा लेकर साथ रहने लगा। इस बीच मैं गर्भवती हो गई। शादी की बात वह टालता रहा। जबरदन गर्भपात भी करा दिया। अब शादी से भी इन्कार कर रहा। शिकायत करने पर जान की धमकी दे रहा। इस दौरान अपना स्थानांतरण भी करा लिया। इस पर एसपी ने सिपाही व युवती को कार्यालय बुलाकर समझाया। सिपाही को एक सप्ताह का समय देते हुए कार्रवाई को चेताया। इसका असर हुआ कि सिपाही ने शादी कर ली।

# दहेज हत्या में पति गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, फाजिलनगर:** तुर्कपट्टी के गड़हियां में रविवार की शाम विवाहिता की मृत्यु के मामले में सोमवार को पुलिस ने मृतका की मां मनोरमा देवी की तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पति गिरफ्तार है जबकि देवर फरार चल रहा है।

तहरीर में बताया कि मैंने बेटी ललिता की शादी दो वर्ष पूर्व दान दहेज देकर तुर्कपट्टी के गांव गड़हियां निवासी रामाधार सिंह के लड़के राणा प्रताप सिंह से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। दामाद राणा प्रताप व उनके भाई राजा सिंह 50 हजार रुपए और बाइक की मांग कर रहे थे। इसको लेकर कई बार पुत्री से मारपीट भी किए थे। बेटी को समझा-बुझाकर अपने घर में ही रहने की सलाह देती रही।

# बदले जाएंगे जनता के विश्वास पर खरे नहीं उतरे थाना प्रभारी

## एडीजी ने जोन के सभी जिलों के पांच सबसे खराब थानों की सूची जारी की

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के जरिए कराई गई वोटिंग में लगातार तीन महीने तक बाटम-5 में रहे थानेदारों को बदला जाएगा।

जनता के विश्वास पर खरे नहीं उतरे हर जिले के पांच बॉटम-5 थानों की सूची एडीजी जोन अखिल कुमार ने जारी कर एसएसपी/एसपी को निर्देश दिया है। वहीं, बेहतर काम करने वाले हर जिले के पांच थानों के प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस की कार्यप्रणाली, जनता के प्रति व्यवहार एवं जनसमस्याओं के निस्तारण के संबंध में प्रत्येक महीने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के जरिए वोटिंग कराई जाती है। आम लोग इसमें वोट देकर बताते है कि किस थाने की पुलिस का काम बेहतर है और किसका खराब है।

इसी के आधार पर लगातार तीन महीने तक खराब और बेहतर काम करने वालों की सूची बनाई गई है। बेहतर काम करने वालों को प्रोत्साहित और खराब काम वालों को बदलने का आदेश जारी किया गया है।

### पांच बेहतर थानों के प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा

### कुशीनगर के बॉटम-5 थाने

- महिला थाना, कप्तानगंज, जटहाबाजार, तरयासुजान, विशुनपुरा

### कुशीनगर के टॉप-5 थाने

- बरवापट्टी, सेवरही, पटहेरवा, कोतवाली पड़रौना, रामकोला

### गोरखपुर के बॉटम- 5 थाने

- कैंपियरगंज, सिकरीगंज, राजघाट, पीपीगंज, बेलीपार

### गोरखपुर के टॉप- 5 थाने

- बेलघाट, कैंट, शाहपुर, गीडा, गुलरिहा

# डीजे की धुन पर न हों मस्त खानी पड़ जाएगी जेल की हवा

## जनपद में लागू है धारा 144, उल्लंघन करने पर हो सकती है कड़ी कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** नगर निकाय चुनाव, त्योहार और प्रतियोगी परीक्षाओं की वजह से कुशीनगर में 24 जनवरी तक धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान कानून और शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई पाबंदियां लगाई गई हैं।

पाबंदियों के पालन की सच्चाई जानने के लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। बिना अनुमति के जुलूस निकालने, धरना-प्रदर्शन करने, डीजे बजाने और छत पर ईंट-पत्थर एकत्र करने पर जेल जाना पड़ सकता है।

एडीएम देवी दयाल वर्मा ने बताया कि यह आदेश 24 जनवरी, 2023 तक प्रभावी रहेगा। आवश्यकतानुसार समय सीमा में बदलाव किया जा सकता है। कहा कि जिले में नगर निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने और नव वर्ष 2023 में मकर संक्राति, माघ मेला, गणतंत्र दिवस, गुरु गोविन्द सिंह जयंती, विभिन्न प्रकार की परीक्षाएं व प्रतियोगी परिक्षाओं के दौरान शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लगाई गई है। इसके उल्लंघन पर केस दर्ज कर कार्रवाई होगी।



जनपद में धारा 144 लागू होने के बाद पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। संवाद

### ये हैं पाबंदियां, उल्लंघन पर बढ़ेगी मुश्किल

- राजमार्ग जाम करने, व्यापारिक प्रतिष्ठान/सार्वजनिक परिवहन/दुकानों/रिक्शा/टैक्सी आदि को रोकने और बंद कराने की कोशिश करने पर कार्रवाई होगी।
- किसी स्थान पर पांच या पांच से अधिक लोगों के जुटने पर (यह आदेश कार्यालय, रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर लागू नहीं होगा)।
- सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना सभा, जुलूस, धरना-प्रदर्शन का आयोजन करने पर कार्रवाई होगी। यह प्रतिबंध परंपरागत धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों पर लागू नहीं होगा।
- कोई भी व्यक्ति लाठी डंडा, फरसा, आग्नेयास्त्र, सोडा वाटर की बोतलें या अन्य कोई हथियार लेकर चलने पर रोक लगाई गई है।
- सार्वजनिक स्थान पर आपत्तिजनक अश्लील, सांप्रदायिक, शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाले नारे या भाषण पर रोक। कोई भी व्यक्ति ऑडियो वीडियो / सोशल मीडिया पर ऐसा कोई संदेश प्रसारित नहीं करेगा, जिससे सांप्रदायिक सद्भाव बाधित होने की संभावना हो।
- किसी भी प्रकार के लाउडस्पीकर का प्रयोग रात 10:00 बजे से सुबह छह बजे के बीच नहीं होगा। सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक प्रशासन से अनुमति लेकर ही लाउडस्पीकर बजाया जा सकेगा। अफवाह फैलाने पर भी कार्रवाई होगी।
- कोई भी व्यक्ति अपने घर के सामने, आंगन, बरामदे छत, दीवार पर किसी अन्य स्थान पर ईंट, गुम्मे, पत्थर, तेजाब फेंककर मारे जाने या चोट पहुंचाए जाने वाली कोई चीज नहीं एकत्र करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी कार्यक्रम/पर्व के आयोजन के लिए जबरन चंदा वसूली नहीं करेगा।

# पूर्व मंत्री की मां सहित सात पर मुकदमा दर्ज, तीन गिरफ्तार

## पनियहवा में नकली शराब की बिक्री का मामला, धोखाधड़ी और मिलावट की धाराओं में केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा (कुशीनगर)।** पनियहवा में सरकारी शराब की दुकान में नकली शराब बनाकर बेचने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है।

आबकारी इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की तहरीर पर हनुमानगंज पुलिस ने दुकान मालिक सावित्री जायसवाल सहित सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना करने और मिलावट सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज करके तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस का कहना है जांच में बड़े रैकेट के पर्दाफाश होने की संभावना है। आरोपित महिला दुकानदार स्व. बद्री जायसवाल की पत्नी और पूर्व मंत्री पप्पू जायसवाल की मां हैं।

उप आबकारी आयुक्त ने रविवार को पनियहवा स्थित देशी शराब की दुकान पर छापा मारा था। देर रात तक चली जांच के बाद आबकारी निरीक्षक अनिल सिंह ने हनुमानगंज थाने में तहरीर दी। उन्होंने कहा कि जांच में शराब की दुकान में नकली क्यूआर कोड, शीशी, बाल्टी में रखा अल्कोहल सहित अन्य प्रतिबंधित सामग्री बरामद हुई है। यहां पर दुकान की अनुज्ञापी (लाइसेंस होल्डर) सावित्री जायसवाल पत्नी स्व. बद्री जायसवाल निवासी दिलेजाकपुर, गोरखपुर की मिलीभगत से मिलावटी शराब बेची जा रही थी। इसके चलते शराब के सेवन करने वाले लोगों की मौत तक हो सकती है। मौके से पकड़े गए लोगों से पूछताछ में इसकी जानकारी हुई है।



नकली शराब बनाने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार तीन व्यक्ति। संवाद

तहरीर के आधार पर पुलिस ने सावित्री जायसवाल, लक्ष्मण श्रीवास्तव निवासी जनपद बलिया,जितेंद्र पाठक जनपद देवरिया, रामभजन व रमाकांत निवासी पनियहवा, गुड्डू व सुभाष नाम-पता अज्ञात सहित कुल सात लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम, मिलावट करने, धोखाधड़ी, कूट रचना आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामले में गिरफ्तार बलिया जिले के लक्ष्मण श्रीवास्तव, रामभजन और रमाकांत निवासी पनियहवा को पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उनको जेल भेज दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हनुमानगंज राम सहाय चौहान ने बताया कि सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। अन्य की तलाश में पुलिस छापा मार रही है। मिलावटी शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

### नकली शराब का बड़ा रैकेट

सरकारी शराब की दुकान से नकली शराब बिकने की जांच ठीक से बड़े रैकेट का पर्दाफाश हो सकता है। पुलिस और आबकारी विभाग की जांच में सामने आए तथ्य के मुताबिक देवरिया, बहरज निवासी जितेंद्र पाठक नकली रैपर, क्यूआर कोड, ढक्कन और शीशी की आपूर्ति करता था। मुनीम तथा अन्य लोगों की मिलीभगत से नकली शराब बनाकर बेची जाती था। शराब की दुकान पर मामूली वेतन पाने वाले कर्मचारियों की संपत्ति भी बढ़ी है।

# अवैध शराब संग दो लोग गिरफ्तार किए गए

**डिबनी बंजरवा।** तमकुहीराज पुलिस ने सलेमगढ़ टोल प्लाजा के समीप सोमवार को अवैध शराब की खेप संग दो लोगों को गिरफ्तार किया।

पकड़े गए व्यक्ति पिकअप में शराब लादकर बिहार जा रहे थे। पुलिस का कहना है कि दोनों अंतरप्रांतीय तस्कर हैं। पूछताछ करके उनसे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दोनों बिहार के रहने वाले हैं।

सोमवार को एसएचओ नीरज राय को मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप पर शराब लादकर तस्कर बिहार ले जा रहे हैं। एचएचओ, तमकुहीराज चौकी प्रभारी मृत्युंजय सिंह सहित अन्य पुलिस टीम ने सलेमगढ़ टोल प्लाजा के पास घेराबंदी करके वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस ने एक पिकअप की तलाशी ली तो उसमें लदी 50 पेटी देसी शराब बरामद हुई।

पिकअप में मौजूद दो लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस की पूछताछ में उनकी पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के भीत भैरवा निवासी टुनटुन राम और परमा राम के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस छानबीन में जुटी है। संवाद

# जेठ-जेठानी और सास पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

### दो बहनों और भाई के खुदकुशी के प्रयास का मामला

### तहरीर के आधार पर पुलिस कर रही मामले की छानबीन दर्ज होगा मुकदमा

**फाजिलनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के पिपरा रज्जब गांव में संदिग्ध हाल में झुलसी दो बहनों और उनके भाई के मामले में मां ने पुलिस को तहरीर दे दी है। मां ने अपने जेठ, जेठानी और सास सहित चार के खिलाफ उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला ने कहा कि उनके पति को लोग नाजायज औलाद कहकर प्रताड़ित करते थे। इससे आजिज आकर उसके बच्चों ने खुदकुशी का प्रयास किया।

पिपरा रज्जब गांव में रविवार की दोपहर करीब तीन बजे छोटेलाल के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई थी। इस आग में घिरकर छोटेलाल की दो बेटियां पूजा (19) प्रिया (18) और बेटा प्रवेश (14) गंभीर रूप से झुलस गए। पड़ोस के लोगों ने किसी तरह से आग बुझाकर उनको सीएचसी फाजिलनगर पहुंचाया। वहां हालत गंभीर बताकर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना के समय महिला का पति छोटेलाल घोठे पर गया हुआ था, जबकि देर शाम को छोटेलाल की पत्नी मंजू अपने मायके पहुंच गई थी। आग लगने के कारणों की छानबीन में पुलिस जुटी रही। सोमवार को मंजू ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। उसने अपने जेठ, जेठानी और सास सहित चार के खिलाफ तहरीर दी।

आरोप लगाया कि वह लोग उनके पति और बच्चों को प्रताड़ित करते हैं। उनके पति को नाजायज औलाद कहकर ताने मारते रहते हैं। इससे पूरा परिवार तंग आ गया है। इसलिए बच्चों ने खुदकुशी का निर्णय ले लिया। यह भी सामने आया है कि खेत में उगने वाली फसल से भी कोई हिस्सा छोटेलाल के परिवार को नहीं दिया था। इस संबंध में एसएचओ आशुतोष सिंह ने बताया कि चार के खिलाफ तहरीर मिली है।

# छात्रा को आया होश, बयान लेने गोरखपुर पहुंची पुलिस

## प्रबंधक, सहायक प्रबंधक सहित अन्य शिक्षकों को तलाश रही पुलिस

### सेंट जेवियर्स स्कूल की छत से कूदने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** शहर के सेंट जेवियर्स स्कूल की 11वीं की छात्रा गरिमा चतुर्वेदी हालत में सुधार हो रहा है। रविवार को वह वेंटिलेटर से हटकर ऑक्सीजन पर आ गई हैं। सोमवार को होश में आ गई। इसकी जानकारी होते ही पडरौना कोतवाली की पुलिस बयान लेने के लिए गोरखपुर एक नर्सिंगहोम के लिए निकल गई।

नगर के ओंकारवाटिका कॉलोनी (केवट टोली) निवासी कालिंदी देवी पत्नी स्व. मनोज चतुर्वेदी ने पडरौना कोतवाली में दिए तहरीर में बताया है कि उनकी पुत्री गरिमा चतुर्वेदी सेंट जेवियर्स स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ती है। 23 नवंबर को सुबह लगभग आठ बजे वह स्कूल गई थी। उसकी भौतिक विज्ञान की अर्द्धवार्षिक परीक्षा थी। उन्होंने विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक, प्रबंधक, एक शिक्षिका और तीन-चार अन्य शिक्षकों पर बेटी के प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

उनका कहना था कि इसी वजह से उनकी पुत्री छत से कूदी थी। उनकी तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने 24 नवंबर की देर रात स्कूल के प्रबंधक अरुण श्रीवास्तव, सहायक प्रबंधक कुंदन सहाय, अध्यापिका शालिनी और तीन चार अन्य अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस इन लोगों से पूछताछ के लिए पुलिस दो दिन कॉलेज में गई, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी।

*छात्रा की हालत में सुधार हुआ है। वेंटिलेटर से अब ऑक्सीजन पर आ गई। सोमवार को होश में आ गई। इसकी सूचना मिलते ही बयान लेने के लिए एक निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मियों को भेजा गया है।*

*- **राजप्रकाश सिंह**, सदर कोतवाल पडरौना*

# विवाहिता की मौत मामले में पति व देवर पर मुकदमा

**फाजिलनगर।** तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के गडहिया में रविवार को हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने उनकी मां के तहरीर पर पति और देवर खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी पति गिरफ्तार कर लिया गया है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पडरौन निवासी मृतक की मां मनोरमा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उन्होंने अपनी बेटी ललिता की शादी दो साल पूर्व राणाप्रताप सिंह से की। कुछ दिन बाद से ही 50,000 रुपये और बाइक की मांग को लेकर बेटी को पति व देवर राजा सिंह प्रताड़ित करने लगे। रविवार को शाम फोन से सूचना मिली कि बेटी की मृत्यु हो गई है। तुर्कपट्टी के थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-11-2022

# दुष्कर्म के मामले में दस साल का सश्रम कारावास

- आठ साल पुराने केस में कोर्ट ने सुनाया फैसला अर्थदंड भी लगाया
- 2014 में दुष्कर्म के आरोप में नौतनवा थाने में केस दर्ज हुआ था

महराजगंज, निज संवाददाता। पुलिस के ऑपरेशन शिकंजा के तहत प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय से अभियुक्तों के खिलाफ सजा सुनाने के मामले में तेजी आई है। सोमवार को नौतनवा क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ आठ साल पुराने दुष्कर्म के मामले में एडीजे/विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय पॉक्सो विनय कुमार द्वितीय ने अभियुक्त रामकरन केवट के खिलाफ दस साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाया है। इसके अलावा दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

नौतनवा थाना में वर्ष 2014 में दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज हुआ था। पत्रावली के मुताबिक पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि घटना के समय घर में उनकी 14 वर्षीय बेटी अकेली थी। उसके माता-पिता दोनों घर से बाहर गए थे। घटना के दिन दोपहर दो बजे पड़ोस का आरोपित घर में लड़की को अकेली देख घुस गया। उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना को किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। लड़की के शोर मचाने पर भाग गया। परिजनों के आने पर लड़की पूरी घटना की जानकारी दी। आरोपित के घर उलाहना देने जाने पर लड़की के माता-पिता को उसके परिजन गाली-गलौज करने लगे। केस दर्ज करने के बाद नौतनवा पुलिस विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिला हुई। विशेष सहायक अभियोजन अधिकारी विजय नारायण सिंह ने सुनवाई के दौरान गवाहों की गवाही व पत्रावली में दर्ज साक्ष्य व सबूतों के आधार पर कड़ी सजा की मांग की। पुलिस के मीडिया सेल के मुताबिक इस मामले में नौतनवा थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह व हेड कांस्टेबल/पैरोकार सुरेश कुमार पाल ने प्रकरण में अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए आपॅरेशन शिकंजा के तहत प्रभारी पैरवी की। सभी साक्ष्य सुनवाई के दौरान समय से प्रस्तुत किया। विशेष न्यायाधीश ने पत्रावली में दर्ज साक्ष्य व सबूतों के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दस वर्ष का सश्रम कारावास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से अभियुक्त रामकरन केवट को दंडित किया। धारा 506(2) में दो वर्ष की सजा सुनाई।

# नशीले इंजेक्शन के साथ एक गिरफ्तार

**बरगदवा, हिन्दुस्तान संवाद।** बरगदवा क्षेत्र के ग्राम सभा देवघट्टी महाव नाला के पास से सोमवार को करीब नौ बजे को उपनिरीक्षक जयहिंद भारती के नेतृत्व में आरक्षी रमेश चंद्र, ओमप्रकाश, मनीषा पासवान ने गस्त के दौरान नशीली दवा एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी में उसके पास से बरामद बैग में पचास एम्पुल नफिन इंजेक्शन, पचास एम्पुल सेराजैक इंजेक्शन मिला। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम कुलदीप धवल उर्फ भोला बताया। वह परसामलिक थानाक्षेत्र के कोहरगड्डी गांव का रहने वाला है।

थानाध्यक्ष बरगदवा पुरुषोत्तम राव ने बताया कि आरोपित कुलदीप उर्फ धवल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# 35 शीशी सीरप के साथ दो गिरफ्तार

**सोनौली।** भारत-नेपाल सोनौली बॉर्डर से सटे एसएसबी रोड पर पुलिस टीम ने जांच के दौरान दो युवकों को 35 सीसी नशीली सिरप के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सोनौली कोतवाली के एसओ महेन्द्र यादव सोमवार को अपने सहयोगियों के साथ एसएसबी रोड पर जांच कर रहे थे। उसी बीच दो संदिग्ध युवक भारत से नेपाल जाते दिखाई दिए। सिपाहियों ने दोनों को रुकने के लिए इशारा किया। इस पर वह भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने दोनों को दौड़ा कर पकड़ा। तलाशी में एक के पास से पन्द्रह व दूसरे के पास से बीस शीशी नशीली सिरप मिला। पुलिस ने बरामद सिरप की जांच ड्रग्स विभाग के अधिकारियों से कराया। उसमें अल्कोहल की मात्रा अधिक पाई गई। उसे नशीली सिरप बताया गया।

# 17 दिन बाद खेत में मिला लापता चौकीदार का शव

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** ठूठीबारी के रामनगर के चौकीदार का शव 17 दिनों बाद बरगदवा क्षेत्र के भरगाही गांव के उत्तर सीवान में बरामद हुआ है। परिजनों ने शव की पहचान कर कब्रिस्तान में उसे दफन कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के रामनगर निवासी चौकीदार हनीफ उर्फ भोला शेख (70) 17 दिनों पहले रोज की तरह सुबह घर से टहलने निकाला था। घर न लौटने पर घर के लोग रिश्तेदार सहित सगे-संबंधियों के यह खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीन के बाद 14 नवंबर को परिजनों ने ठूठीबारी कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बताया जाता है कि भरगाई पहुंचे चौकीदार के लड़के इलाके शेख ने कपड़े से शव की पहचान अपने पिता चौकीदार हनीफ उर्फ भोला शेख के रूप में की। बरगदवा एसओ पुरुषोत्तम राव ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है।

# जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**महराजगंज।** सदर कोतवाली के दुबौली गांव निवासी दुर्गावती ने डीएम व एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर विपक्षी द्वारा उनकी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि उनके हक की जमीन का विपक्षी ने फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया है। मामले में कमिश्नर कोर्ट ने प्रार्थिनी के हक में आदेश जारी किया है। लेकिन पुलिस व राजस्व की टीम आदेश पर अमल नहीं करा रही है। परिवार के सदस्यों को पुलिस थाने बुलाकर प्रताड़ित कर रही है। जांच की मांग की।

# चार इंस्पेक्टर समेत 15 का तबादला

**फेरबदल**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** एसपी डॉ. कौस्तुभ ने तत्काल प्रभाव से चार इंस्पेक्टर समेत 15 पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण कर दिया है। क्राइम ब्रांच के प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह को डायल-112 की कमान सौंपी गई है। चुनाव सेल प्रभारी इंस्पेक्टर संजय कुमार मिश्र को हटा दिया गया है। उनको साइबर सेल का प्रभारी बनाया गया है। इंस्पेक्टर संजय दूबे को जन सुनवाई सेल के प्रभारी पद से ट्रांसफर कर चुनाव सेल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर विनोद यादव को विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया गया है।

पुलिस कार्यालय के मीडिया सेल ने बताया कि चौकी इंचार्ज अंकित कुमार सिंह चिउटहा को घुघली कस्बा चौकी का प्रभारी बनाया गया है। घुघली चौकी इंचार्ज पंकज कुमार सिंह को चिउटहा चौकी प्रभारी पद पर स्थानांतरित किया गया है। कोतवाली के एसआई दिनेश कुमार तिवारी को बृजमनगंज थाना, बरगदवा थाना के हेड हांस्टेबल अशोक कुमार को श्यामदेउरवा, श्यामदेउरवा के हेड कांस्टेबल संजय यादव को नौतनवा व शिव कृपाल शुक्ला को परसामलिक, परसामलिक के हेड कांस्टेबल बृजेश यादव को घुघली स्थानांतरित किया गया है। सोनौली के कांस्टेबल सूर्यप्रकाश यादव को श्यामदेउरवा, निचलौल के कांस्टेबल अजय कुमार यादव व करिश्मा यादव को निचलौल थाना के ही सीसीटीएनएस में ट्रांसफर किया गया है। बरगदवा थाना की महिला आरक्षी रूपांजलि भारद्वाज को कोतवाली में स्थानांतरित किया गया है।

# पराली जलाने पर 3 के खिलाफ केस

**महराजगंज।** तहसीलदार सदर ने बताया कि पराली जलाने के आरोप में सदर तहसील के तीन किसानों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। वहीं 30 और किसानों को नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा शांति भंग के आरोप में सात लोगों जेल भेजा गया है। नियमों के तहत धान की कटाई नहीं करने पर 30 कम्बाइन को सीज कर दिया गया है। ऐसे में किसान खेतों में पराली न जलाएं। जो किसान पराली जलाएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पराली जलाने वाले 57 को नोटिस

**निचलौल।** निचलौल तहसील क्षेत्र के अलग-अलग ग्राम पंचायतों में सोमवार को पराली जलाने वाले 57 किसानों को तहसील प्रशासन की तरफ से हल्का लेखपालों ने जुर्माना जमा करने के लिए नोटिस जारी किया है। नायब तहसीलदार नवीन त्रिपाठी ने बताया कि अब तक कुल 537 किसानों को नोटिस दी जा चुकी है और पराली जलाने वाले किसानों से 72,500 रुपए जुर्माना जमा कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अब अधिकांश किसान इसे लेकर जागरूक हो चुके हैं। प्रतिदिन पराली न जलाने को जागरूक किया जा रहा है।

# सम्मानित होंगे बेहतर कार्य करने वाले गोरखपुर-बस्ती के पांच थानेदार

- पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मिले वोट के आधार पर बनी है रैंक
- एडीजी ने जारी की जोन के पांच अच्छे व खराब थानेदारों की सूची

**जासं, गोरखपुर**: पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मिले वोट के आधार पर एडीजी जोन अखिल कुमार ने जिले के बेहतर और खराब प्रदर्शन करने वाले थानों की सूची जारी की है। अक्टूबर में बेहतर कार्य करने वाले टाप पांच थानेदारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस की कार्यप्रणाली, जनता के प्रति व्यवहार एवं जनसमस्याओं के निस्तारण के संबंध में प्रत्येक महीने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के जरिये वोटिंग कराई जाती है। आम लोग इसमें वोट देकर बताते है कि किस थाने की पुलिस का काम बेहतर है और किसका खराब। अक्टूबर में थानेदारों को मिले वोट के आधार पर एडीजी जोन ने बेहतर और खराब काम करने वालों की सूची तैयार कराई है। उन्होंने बताया कि बेहतर काम वाले थानेदारों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। वहीं जिन लोगों के कार्य खराब हैं उन्हें सुधार करने के निर्देश दिए गए हैं।

**गोरखपुर** : **बेहतर** : बेलघाट, कैंट, शाहपुर, गीडा, गुलरिहा • **खराब**: कैंपियरगंज, सिकरीगंज, राजघाट, पीपीगंज, बेलीपार थाना

**देवरिया** : **बेहतर** : महिला थाना, कोतवाली, भलुअनी, तरकुलवा, महुआडीह • **खराब** : भाटपाररानी, सुरौली, श्रीरामपुर, बरहज, बरियारपुर थाना

**कुशीनगर** : **बेहतर** : बरवापट्टी, सेवरही, पटहेरवा, कोतवाली पडरौना, रामकोला • **खराब**: महिला थाना, कप्तानगंज, जटहाबाजार, तरयासुजान, विशुनपुरा थाना

**महराजगंज** : **बेहतर**: कोल्हुई, बरगदवां, सोनौली, कोतवाली, नौतनवां • **खराब**: चौक, महिला थाना, बृजमनगंज, पुरन्दरपुर, श्यामदेउरवा थाना

**बस्ती** : **बेहतर**: वाल्टरगंज, रुधौली, छावनी, पैकोलिया, नगर • **खराब**: हरैया, परसरामपुर, गौर, महिला थाना, मुंडेरवा

**संतकबीरनगर**: **बेहतर** : मेंहदावल, दुधारा •**खराब**: धनघटा, महिला थाना

**सिद्धार्थनगर** : **बेहतर**: कपिलवस्तु, खेसरहा, शिवनगर डिडई, जोगिया उदयपुर, मिश्रौलिया • **खराब** : उसका बाजार, भवानीगंज, ढेबरुआ, बांसी, डुमरियागंज।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# तेज गति से कभी न चलाएं वाहन, बरतें सतर्कता

## यातायात नियमों का पालन करने से ही रहेंगे सुरक्षित, निचलौल क्षेत्र के पांच विद्यालयों में हुआ कार्यक्रम



सखवा के शिवनारायण सिंह इंटर कालेज में बच्चों को यातायात के नियम बताते एसआइ अरुण चौधरी • जागरण



वंश बहादुर इंटरमीडिएट कालेज बहुआर में यातायात के नियम बताते चौकी प्रभारी विवेक सिंह • जागरण



सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ठूठीबारी में यातायात के नियम बताते एसआइ अजय कुमार • जागरण

**जागरण टीम, निचलौल** : दैनिक जागरण के तत्वावधान में निचलौल क्षेत्र के विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को यातायात के नियम बताने के साथ ही कभी भी तेज गति से वाहन न चलाने की सलाह दी। साथ ही हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाने को कहा।

सोमवार को रामहर्ष इंटरमीडिएट कालेज में उपनिरीक्षक फिरोज आलम ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन करें। जो लोग ऐसा नहीं करते हैं वह अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। प्रधानाचार्य विश्वंभर, दिनेश मणि त्रिपाठी, प्रिंस पांडेय, शंभु यादव, गणेश विश्वकर्मा, महेंद्र शर्मा, नागेंद्र शर्मा, कांस्टेबल शैलेंद्र मौर्य उपस्थित रहे। झुलनीपुर संवाददाता के अनुसार बहुआर पुलिस चौकी प्रभारी विवेक सिंह ने वंश बहादुर इंटर कालेज बहुआर कला झुलनीपुर तथा सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर बैठवलिया मिश्र नगर के विद्यालय में छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया।



निचलौल के रामहर्ष इंटरमीडिएट कालेज में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों से अवगत कराते उपनिरीक्षक फिरोज आलम • जागरण



नवनिर्माण इंटर कालेज पिपरा में यातायात के नियमों के प्रति बच्चों को जागरूक करते हेड कांस्टेबल अशोक कुमार सिंह • जागरण

चौकी प्रभारी ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति थोड़ी सी लापरवाही से बड़ी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसलिए यातायात के नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं। प्रधानाचार्य ईश्वर शरण दास, प्रबंधक जितेंद्र पाल उपस्थित रहे।

ठूठीबारी संवाददाता के अनुसार सेक्रेड हार्ट स्कूल में कोतवाली के एसआइ अजय कुमार ने छात्र-छात्राओं को यातायात के नियमों विस्तार से बताए। कांस्टेबल मनीष ने कहा कि यातायात के सुगम एवं सुरक्षित संचालन में आम जनता का सहयोग बहुत जरूरी है। तेज गति से वाहन नहीं चलाएं। सिसवा संवाददाता के अनुसार शिवनरायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कालेज सखवा में एसआइ अरुण चौधरी ने छात्र छात्राओं को हेलमेट पहनने, पैदल सड़क पर चलने के दौरान दोनों तरफ देखकर रोड पार करने के नियम बताए। अनिरुद्ध प्रसाद चौधरी, रामदास, मनोज ओतेल, महिला कांस्टेबल मधु सिंह, नीतू वर्मा की उपस्थिति रही। घिउटहा संवाददाता के अनुसार नव निर्माण इंटर कालेज पिपरा में बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया। अशोक कुमार सिंह, प्रदीप यादव, प्रधानाचार्य अरुण तिवारी, आशुतोष सिंह, पुरुषोत्तम उपस्थिति रहे।



शिकारपुर में ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगवाते संभागीय निरीक्षक संजय सिंह ● जागरण

# अभियान के तहत 48 वाहनों पर लगवाया रिफ्लेक्टर

**जासं, महराजगंज :** यातायात जागरूकता अभियान का एआरटीओ कार्यालय ने संज्ञान लिया है। संभागीय निरीक्षक संजय सिंह की टीम ने सोमवार को गोरखपुर रोड पर वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में बताया। इस दौरान गन्ना लदे वाहनों, टेंपो सहित 48 चार पहिया वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए गए। साथ ही वाहन चालकों को इससे होने वाले फायदे और नुकसान के बारे में भी जागरूक किया गया।

संभागीय निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग की ओर से सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का आदेश है। नियमों का पालन न करने वालों पर पांच हजार रुपये के अर्थदंड भी लगाया जाएगा। शिकारपुर से लेकर श्यामदेउरवा तक अभियान चला।

# यातायात नियमों की जानकारी से सुरक्षित होगी यात्रा

- एआरटीओ कार्यालय में चालकों को दिया गया प्रशिक्षण
- यातायात सुरक्षा को लेकर चलया जा रहा है अभियान

**जासं, महराजगंज**: दैनिक जागरण के तत्वावधान में सोमवार को एआरटीओ कार्यालय में चालकों के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 58 चालकों को एआरटीओ आरसी भारती ने प्रशिक्षित किया। एआरटीओ ने कहा कि वाहन चालक गाड़ी चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तो सड़क दुर्घटना स्वयं कम हो जाएगी। कई बार देखने को मिलता है कि चालकों की कमी से दुर्घटनाएं हो रहीं हैं।

टेंपो, टैक्सी, बस या ट्रक चलाते समय पूरी सावधानी बरतें। गाड़ी चलाते समय मोबाइल से कदापि बात न करें। वाहन चलाते समय फोन की घंटी बजती है, तो वाहन को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने के बाद ही बात करें। रात में गाड़ी चलाते समय चालक डिपर का उपयोग अवश्य करें। इन सब नियमों के पालन के साथ-साथ सभी चालकों को प्रथम रेस्पांडर की भूमिका भी अपनानी चाहिए। जिससे किसी भी दुर्घटना के बाद आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

रमेश लाल, नंदू, अवधेश, कमलेश, दिलीप मौजूद रहे।



कार्यालय मे चालकों को प्रशिक्षण देते एआरटीओ आरसी भारतीय ● जागरण

# चार निरीक्षक समेत 15 पुलिसकर्मियों को दी गई नई जिम्मेदारी

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने सोमवार को चार निरीक्षक समेत कुल 15 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल करते हुए नई जिम्मेदारी सौंपी है। इसमें चुनाव सेल प्रभारी संजय कुमार मिश्रा को प्रभारी मानिटरिंग सेल और साइबर सेल का प्रभारी बनाया गया है।

जनसुनवाई के प्रभारी संजस दुबे को चुनाव सेल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पुलिस लाइन में रहे विनोद यादव को विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी और सुनील सिंह को यूपी-112 का प्रभारी बनाया गया है।

चिउटहां चौकी प्रभारी अंकित सिंह को घुघली तो घुघली में तैनात पंकज सिंह को चिउटहां का चौकी प्रभारी बनाया गया है। कोतवाली में तैनात दिनेश तिवारी को बृजमनगंज में पोस्ट किया गया है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी अशोक कुमार को बरगदवा से श्यामदेउरवा, संजय यादव को श्यामदेउरवा से नौतनवा, शिवकृपाल शुक्ला को नौतनवा, बृजेश यादव को परसामलिक से घुघली के अलावा आरक्षी सूर्यप्रकाश को सोनौली से श्यामदेउरवा, अजय और करिश्मा यादव को निचलौल थाने से सीसीटीएनएस, रूपांजलि भारद्वाज को बरगदवा थाने से कोतवाली सदर में तैनाती दी गई है।

# दुष्कर्म के मामले में एक को 10 वर्षों की सजा

**जासं, महराजगंज :** आठ वर्ष पूर्व नौतनवा थाना पुलिस क्षेत्र के एक गांव में 14 वर्षीय किशोरी के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायालय विनय कुमार ने अभियुक्त रामकरन केवट को दोषी करार दिया है। अभियुक्त को 10 वर्षों की सजा और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

30 अगस्त 2014 को नौतनवा थाने में दर्ज कराए गए मुकदमें में पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि गांव के ही अभियुक्त बेटी को अकेला पाकर घर में घुस गया, और उसके साथ दुष्कर्म किया।

मामले में जब स्वजन उसके घर उलाहना लेकर गए तो उसने मारपीट भी की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

विशेष सहायक अभियोजन अधिकारी विजय नारायण सिंह ने गवाहों और साक्ष्यों को प्रस्तुत करते हुए न्यायालय से सजा अधिकतम सजा की मांग की थी।

## 60 बोरा चीनी लदी पिकअप के साथ एक गिरफ्तार

**निचलौल:** नेपाल ले जाई जा रही 60 बोरा चीनी लदी पिकअप को एसएसबी एवं कस्टम विभाग की संयुक्त टीम ने लालपुर गांव के निकट पकड़ा। एक आरोपी भी गिरफ्तार कर लिया। कस्टम अधीक्षक आरके तिवारी ने बताया कि रात में सूचना मिली कि एक वाहन पर कुछ सामान लाद कर नेपाल ले जाया जा रहा है। पकड़ी गई पिकअप से 60 बोरी चीनी बरामद की गई है। आरोपित अनिल कुमार विश्वकर्मा ग्राम टूटीबारी का निवासी है। पकड़ी गई चीनी एवं वाहन कस्टम एक्ट के तहत जब्त कर लिया गया है। आरोपि के विरुद्ध कस्टम अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। (जासं)

## रिफ्लेक्टर बोर्ड लगाने की मांग

**श्यामदेउरवा :** गोरखपुर-महराजगंज मार्ग पर ठंड के मौसम में कोहरे के कारण दुर्घटना से बचाव के लिए चौराहों पर हाईवे के दोनों तरफ लिंक मार्ग के पास रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवाने का मांग की गई है। श्यामदेउरवा निवासी सौरभ पांडेय ने बताया कि घने कोहरे में हाईवे पर चलते आने-जाने वाले वाहन दिखाई नहीं देते है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। रिफ्लेक्टर लगने से वाहन चालक पहले से ही लिंक रोड के पास सतर्क हो जाएंगे। (जासं)

## सात बोरी उर्वरक के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**नौतनवा :** भारत से नेपाल देश में तस्करी के उद्देश्य से रखी गई सात बोरी यूरिया उर्वरक नौतनवा थाने की पुलिस ने सोमवार को कोटही माता मंदिर छपवा से बरामद कर नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपित जितेंद्र यादव निवासी मझगांव रुपंदेही नेपाल के विरुद्ध कस्टम अधिनियम में कार्रवाई की गई है। (जासं)

## सीसी कैमरा लगवाने के लिए व्यापारियों के साथ बैठक

**कोल्हुई :** एकसड़वा में चौकी इंचार्ज मनोज यादव की अध्यक्षता में सीसी कैमरा लगाने को लेकर व्यापारियों की बैठक हुई। उन्होंने व्यापारियों को सीसी कैमरा लगवाने का सुझाव दिया। साथ ही इसका महत्व भी बताया। कांस्टेबल सर्वेश यादव, विनय कुमार, नीरज दुबे, रामनाथ बिन्द, आशुतोष सिंह, मृत्युंजय, धर्मराज यादव आदि मौजूद रहे।

# नशीली दवाओं के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, सोनौली** : सीमावर्ती गांवों के रास्ते नशीली दवा की तस्करी लगातार हो रही है। सोनौली थानाध्यक्ष महेंद्र यादव व ड्रग इंस्पेक्टर शिवकुमार नायक के नेतृत्व में सोमवार को अभियान चलाकर दो युवकों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम ने सुबह करीब 10.50 बजे श्याम काट बगीचे के पास शहबान निवासी बिस्मिल नगर वार्ड को 20 शीशी कफ सिरप के साथ पकड़ा। 11 बजे के करीब पिपराहिया चौराहे के पास अंकित निवासी वार्ड नंबर 11 वाल्मीकि नगर को 15 शीशी कफ सिरप के साथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि नेपाल में एक शीशी ऊंची कीमत में बेचते हैं। थानाध्यक्ष महेंद्र यादव का कहना है कि आरोपितों को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।



सोनौली कोतवाली मे नशीली दवाओं के साथ आरोपित व पुलिस टीम ● जागरण

**नशीले इंजेक्शन के साथ एक गिरफ्तार**

**बरगदवा** : बरगदवा गांव के नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग पर महाव नाला के समीप सोमवार की सुबह एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में नशीला इंजेक्शन बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया।

नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग के महाव नाला के समीप बरगदवा थाना पुलिस के उपनिरीक्षक जयहिंद कुमार व सूरज कुमार सुबह नशीली दवा नेपाल ले जाने की सूचना पर वाहन की जांच कर रहे थे। इस दौरान एक युवक बाइक से झोले में सामान लेकर जाता दिखा। उसको रोककर तलाशी लेने पर झोले से 100 एंपुल नशीला इंजेक्शन बरामद हुआ। आरोपित की पहचान कुलदीप धवल निवासी कोहरगड्डी थाना परसामलिक के रूप में हुई। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने बताया कि नशीली दवाओं की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# नशीले इंजेक्शन व दवाओं के साथ तीन गिरफ्तार

**महराजगंज।** अवैध नशीली दवाओं व इंजेक्शन की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

देवघट्टी गांव के पास महावनाला पुल के पास एक कुलदीप धवल उर्फ भोला निवासी कोहरगड्डी टोला छितवनिया थाना परसामलिक के पास से नशीला इंजेक्शन 100 एंपूल बरामद कर चालान कर दिया गया।

इसके अलावा सोनौली सीमा पर दो आरोपियों को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी नौतनवां अनुज कुमार सिंह ने बताया कि औषधि निरीक्षक को साथ लेकर पुलिस टीम ने जांच अभियान चलाया।

सोनौली सीमा पर शहबान निवासी विस्मिलनगर थाना सोनौली को 20 शीशी कफ सीरप व अंकित तिवारी निवासी वाल्मिकीनगर थाना सोनौली को 15 शीशी कफ सीरप के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। संवाद

# दुष्कर्म के दोषी को दस साल सश्रम कारावास

**महराजगंज।** विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय पॉक्सो विनय कुमार ने दुष्कर्म के मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त को दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। मामला 30 अगस्त 2014 का है। किशोरी को घर पर अकेला पाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया था। मामले में न्यायालय में पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष सहायक अभियोजन अधिकारी विजय नरायन सिंह ने अभियुक्त को कड़ी सजा देने की मांग की थी। संवाद

BASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-11-2022

# जबरन शादी करने वाले ब्लैकमेलर पर केस

**बस्ती ।** एक युवती को आरोपी द्वारा ब्लैकमेल कर शादी कर लिया। जिसका विरोध करने पर गालियां व धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा पुलिस को तहरीर देकर एक युवती ने आरोप लगाया कि उसका फोटो बनाकर आरोपी संदीप कुमार ने वायरल करने की धमकी देते हुए शादी कर लिया। जिसका विरोध करने पर उसे गालियां दी तथा जान से मार देने की धमकी दिया। मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार पुत्र जगतनरायन निवासी मुण्डेरवा थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 354 घ, 366, 504, 506 आईपीसी एवं 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बकरी पकड़ने की बात पर महिला की पिटाई, केस

**बस्ती ।** बकरी पकड़ने की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक महिला तथा उसके भान्जे को जाति सूचक गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा पंजीत किया है ।कलवारी थानाक्षेत्र के बैड़ारी एहतमाली की रहने वाली पुनीता देवी पत्नी अनिल पासवान ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बेटी द्वारा अनीश की बकरी पकड़ लेने पर अनीश तथा उसके परिवार वालो ने घर आकर उसे जाति सूचक गालियां देने लगे। जिन्हे ऐसा करने से मना करने पर उसे मारापीटा। बीच बचाव में आया भान्जा रोहित की भी पिटाई की गयी और जान से मारने की धमकी दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी अनीश पुत्र सैय्यद अली, खुशी पुत्री सैय्यद अली, सैय्यद अली पुत्र सल्लुर निवासीगण बैड़ारी एहतमाली थाना कलवारी के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी एवं 3(1) द, ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गैगस्टर एक्ट में वांछित दो इनानियां महिलाएं गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट की वांछित इनामियां दो महिलाओं को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। जिसे पुलिस अभिरक्षा में कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा है।

लालगंज थाने में धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दो महिलाओं हेमा एवं रंजीता पर कार्यवाही की गयी थी। जिनकी सोमवार को मुखबिर की सूचना पर मुण्डेरवा कस्बे से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि आरोपी हेमा पत्नी रामजी निवासी करवल कालोनी किटुरी थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध मुण्डेरवा थाने में वर्ष 2020 में धारा 60 आबकारी अधिनियम, वर्ष 2022 में भी धारा 60, 60(2) आबकारी अधिनियम एवं 272 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीत किया गया। वहीं वर्ष 2019 में धारा 60, 63 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीत है। इसी प्रकार से दूसरी अभियुक्ता रंजीता पत्नी दिलीप करवल निवासी करवल कालोनी किटुरी थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध इसी वर्ष धारा 60, 60(2) आबकारी अधिनियम एवं 272 आईपीसी के तहत दो बार मुकदम दर्ज किया गया। दोनो के आपराधिक इतिहास तथा आदतो में सुधार न आता देख धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष लालगंज महेश सिंह, आरक्षी रजनीश यादव, आरक्षी राजन प्रजापति, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार थाना लालगंज , महिला आरक्षी कंचन मिश्रा, महिला आरक्षी अनिता यादव थाना लालगंज शामिल रही।



बस्तीः पुलिस गिरफ्त में वांछित महिलाएं। फोटो : एसएनबी

**कच्ची शराब के कारोबार में संलिप्त है दोनों महिलाएं**

**दोनों पर पुलिस ने घोषित किया था 25-25 हजार का इनाम**

# मारपीट में तीन नामजद

**बभनान।** पैकोलिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के भिमलापुर छत्तर निवासी अंजली पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही सुजल पांडेय, सुंदरम पांडेय पुत्रगण राजू व ष्णशरन पांडेय के बिरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीत किया है। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर तीनों लोगों ने पीड़िता के भाई को मारा पीटा स। उसे गम्भीर चोटे आयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घायल को सास्वा. केंद्र गौर पहुंचाया।

# रोडवेज बस की चपेट में आकर महिला की मौत, केस

**बस्ती ।** रोडवेज बस की चपेट में आकर गम्भीर रूप से जख्मी हुई महिला की अस्पताल में भर्ती कराने के दौरान मौत हो गयी। मामले में मृतका की पति के शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के लहरी गांव निवासिनी अंजू देवी को थानाक्षेत्र के जमोहरा गांव के पास रोडवेज बस के चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे मंजू गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में लाया गया जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में मृतका के पति महेश कुमार पुत्र रामतेज निवासी लहरी थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने बस के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में एक की मौत

**विक्रमजोत ।** लखनऊ- गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पटखापुर  ओवर ब्रिज के पास मोटर साइकिल संख्या यूपी 51 बीएफ 2147 से जा रहे छावनी थाना क्षेत्र के बाघा नाला निवासी सोनू सिंह पुत्र राम अवध सिंह को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई स चौकी इंचार्ज विक्रमजोत ओपी मिश्र ने थाने पर सूचना दिया गया। थोड़ी देर में थानाध्यक्ष  दुर्गेश पांडेय भी अपने  हमराही के साथ पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया।

# किशोरी का अपहरण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** दो माह पूर्व बहला फुसलाकर युवती को भगा ले जाने के मामले में आरोपी युवक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से अपहृता को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करते हुए आरोपी को न्यायालय भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दो माह पूर्व एक महिला ने कलवारी थाने में लिखित तहरीर देते हुए बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का एक युवक पर आरोप लगायी थी। जिसके क्रम में कलवारी पुलिस ने आरोपी आकाश पुत्र बाबूलाल के विरूद्ध धारा 363 ,366 आईपीसी एवं 3(2)(अ) एससीध् एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीत कर आरोपी की तलाश में जुटी थी। इस दौरान पुलिस को आरोपी आकाश पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम परसौनी थाना नेबुआ जनपद कुशीनगर हाल मुकाम बाबूलाल गौड़ का मकान नियर शिव महाराष्ट्र नगर-2 श्रीष्णा चाल, सूर्य नगर व विक्रोली वेस्ट मुंबई, महाराष्ट्र को मुम्बई से गिरफ्तार किया और मुम्बई न्यायालय से ट्राजिट रिमांड पर लाकर माननीय न्यायालय बस्ती में पेश किया है। वहीं आरोपी के पास से अपहृता को भी सही सलामत बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी माझा खुर्द उप निरीक्षक पवन कुमार मौर्य, आरक्षी धीरज यादव, महिला आरक्षी शुभांगी थाना कलवारी शामिल रही।

# यातायात माह की धज्जियां उड़ा रहे बेपरवाह बाइक चालक

**बस्ती (एसएनबी)।** मार्ग दुर्घटनाओं में हो रही लोगो की असमय मृत्यु को लेकर सरकारी गम्भीर है। इस समय यातायात माह भी चल रहा है, जिसके तहत लोगो को वृहद रूप से जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के लाख कोशिशो के बावजूद वाहन चालक अपनी आदतो से बाज नही आ रहे है। जिस हेलमेट को सुरक्षा के लिए सिर में लगाना चाहिए वह फैशन के

**दुर्घटना नहीं, चालान से बचने के लिए रख रहे हेलमेट**

आवेश में आकर पीछे सीट पर बांधकर चल रहे है। बाइक पर भारी भरकम सामान को ढो रहे है। जिससे आये दिन तमाम दुर्घटनाएं भी घट रही है। परन्तु ऐसे बेपरवाह लोगो को सबक सिखाने के लिए पुलिस प्रशासन नाकाम दिखाई दे रही है।

इस समय यातायात जागरूकता माह चल रहा है। पुलिस द्वारा लोगो को सड़क सुरक्षा तथा नियमों की जानकारी के लिए प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। परन्तु उनकी कोशिशो पर कुछ शोहदे पानी फेर रहे है। सोमवार को वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बस्ती डुमरियागंज मार्ग स्थित कई ऐसे वाहन सड़को पर फर्राटा भरते दिखाई दिये जिन्हे सड़क के नियमो तथा वाहन चलाने के दौरान रखने वाली सावधानियों का कोई ख्याल ही नही। दो बाइक चालक ऐसे भी दिखाई दिये जिनके सीट के पीछे भारीभरकम सामान लादा गया था। यहीं नही आगे के चल रही बाइक खराब थी जिसे पीछे का बाइक चालक अपने पैर से सहारा देते हुए उसे ढकेल भी रहा था। जो दुर्घटनाओं को घटित होने की आशंका



बाइक पर ओवरलोड़ सामान ढो रहे बाइक चालक। फोटो : एसएनबी

तथा यातायात माह की धज्जियां उड़ाने का जीता जागता प्रमाण है। वहीं पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए एक बाइक चालक हेलमेट भी रखा था, लेकिन वह सिर पर न होकर पीछे सामानों के उपर बांधा था। यह वाकया प्रायः देखने को मिलता है कि लोग अपने हेलमेट को गाड़ी के शीशे अथवा बम्फर में फंसा कर रखते है। यह दुर्घटना के दौरान उन्हे सुरक्षित रखने के लिए नही बल्कि पुलिस चेकिंग में पकड़े जाने पर चालान से बचाने के लिए किया जाता है।

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दो जालसाज गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** बेरोजगारो को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी करने वाले गिरोह के दो जालसाजो को परसरामपुर थाने की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। उनके पास से मोबाइल फोन तथा नकदी भी बरामद हुआ है। दोनो अभियुक्तो को पुलिस अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया।

पुलिस कार्यालय में घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने अखबार नबीसो को बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी प्रशान्त कुमार त्रिपाठी तथा जितेन्द्र कुमार गौड़ बेरोजगार युवकों से पैसे ठग लेते थे। जिसके सम्बन्ध में परसरामपुर थाने में दोनो अभियुक्तो के विरूद्ध धारा 406, 420, 467, 468, 471, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीत था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए परसरामपुर थाने पर पुलिस की टीम गठित की गयी और सोमवार को आरोपी प्रशांत कुमार त्रिपाठी उर्फ विकास पुत्र रामचन्द्र निवासी रमवापुर थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर एवं जितेन्द्र कुमार गौड पुत्र विद्यासागर निवासी कलौरा थाना बासगांव जनपद गोरखपुर को क्षेत्र के बस्थनवां गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी प्रशांत कुमार त्रिपाठी के पास से दो एण्ड्रायड मोबाइल व पांच किपैड मोबाइल के साथ एक कूटरचित आधार कार्ड व 4000 रूपये नगद व एक एटीएम कार्ड बरामद हुआ। इसी प्रकार से दूसरे आरोपी जितेन्द्र कुमार गौड़ के पास से एक एण्ड्रायड मोबाइल रियलमी व 9 किपैड मोबाइल के अलावा 1000 रूपये नगद के रूप में पुलिस को बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उनका क संगठित गिरोह है। जो रोजगार मेले मे आये बेरोजगार नवयुवको से सम्पर्क स्थापित कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर पैसा अपने द्वारा दिये गये एकाउन्ट नम्बर मे मंगा लेता है। ऐसे बेरोजगार नवयुवको को फर्जी व कूटरचित नौकरी हेतु ट्रेनिंग मे जाने के लिये आदेश पत्र भी दे देता है। इस कार्य में दोनो आरोपियों ने ठगी के माध्यम से कुल 1 लाख 16 हजार रूपये फर्जी तरीके से हडपे है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक योगेन्द्र कुमार प्रभारी चौकी घघौवा, मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार द्विवेदी, आरक्षी रणविजय यादव, आरक्षी उमेश यादव थाना परसरामपुर शामिल रहे।



बस्तीः घटना का खुलासा करते एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी। फोटो : एसएनबी

# जमीन बैनामा कराने की शिकायत की

बस्ती। सोनहा थाना क्षेत्र के कोठिला निवासी रामरतन ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, एसपी के साथ अन्य अधिकारियों को दिए शिकायत पत्र में बताया कि उनके वृद्ध पिता मुरली को आवास दिलाने के बहाने पड़ोसी गांव के कुछ लोग भानपुर रजिस्ट्री कार्यालय ले गए और उनकी जमीन को अपने नाम करा लिया।

इस जमीन की कीमत करीब 30 लाख रुपया है। बैनामे में नौ लाख रुपया देने की बात कही गई है। रामरतन ने उच्चाधिकारियों से इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जमीन उनकी मां के नाम करने की मांग किया है।

# जमीन के बंटवारे में मारपीट, केस

बस्ती। वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर पुरैना निवासी मोहम्मद अतहर ने आरोप लगाया है कि गांव के मोहम्मद खलील और मोहम्मद शकील ने जमीन के बंटवारे को लेकर उन्हें अपशब्द कहा। मना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## गोरखपुर और सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं ठगी करने वाले दोनों आरोपित

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के दो आरोपी दबोचे

**2022** अगस्त में केस दर्ज हुआ था परसरामपुर थाने में

- रोजगार मेले में जाने वाले बेरोजगार को बनाते हैं निशाना
- फर्जी ट्रेनिंग का लेटर थमा कर ट्रांसफर करा ली थी रकम

**सफलता**

**बस्ती, निज संवाददाता।** नौकरी के नाम पर ठगी करने के दो आरोपितों को परसरामपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को पुलिस कार्यालय में एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने धरपकड़ की जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी गोरखपुर व सिद्धार्थनगर के रहने वाले हैं। रोजगार मेले मे आए बेरोजगार नवयुवकों से सम्पर्क स्थापित कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर उन्हें अपना निशाना बनाते हैं। परसरामपुर थाने में दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत है। अन्य जिलों से संपर्क कर इनका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अगस्त 2022 में परसरामपुर थाने में नौकरी के नाम पर ठगी का मुकदमा दर्ज हुआ था। थाना प्रभारी अरविन्द शाही की टीम इस घटना की जांच में जुटी थी। छानबीन में सामने आए तथ्यों के आधार पर सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे परसरामपुर थाना क्षेत्र के बस्थनवां के पास से आरोपी प्रशांत कुमार त्रिपाठी उर्फ विकास निवासी रमवापुर थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर और जितेन्द्र कुमार गौड़ निवासी कलौरा थाना बासगांव जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी जितेन्द्र के कब्जे से एक एण्ड्रायड मोबाइल, नौ किपैड मोबाइल व एक हजार रुपया और आरोपी प्रशांत के कब्जे से दो एण्ड्रायड मोबाइल, पांच किपैड मोबाइल, एक कूटरचित आधार कार्ड, चार हजार नगद व एक एटीएम कार्ड बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि दोनों के खिलाफ आईपीसी 406, 420, 467, 468, 471, 504 व 506 के तहत मुकदमा थाने में दर्ज है। इनके स्तर से अंजाम दी गई अन्य घटनाओं के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। खुलासे के दौरान सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय भी मौजूद रहे।

**इस टीम ने किया गिरफ्तार :** नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी अरविन्द शाही की अगुवाई में चौकी प्रभारी घघौवा योगेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल अरविन्द कुमार द्विवेदी, कांस्टेबल रणविजय यादव और उमेश यादव शामिल रहे।



पुलिस कार्यालय पर सोमवार को नौकरी के नाम ठगी करने के आरोपितों की धरपकड़ की जानकारी देते एएसपी व सीओ हर्रैया।

### नौकरी के नाम पर हड़प लिए एक लाख

थाना प्रभारी अरविन्द शाही ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी संगठित होकर रोजगार मेले में आए बेरोजगार नवयुवकों से सम्पर्क स्थापित कर नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। इसके बाद उनसे पैसा अपने द्वारा बताए गए अकाउन्ट में मंगा लिया। बेरोजगार नवयुवकों को फर्जी व कूटरचित नौकरी की ट्रेनिंग में जाने के लिये आदेश पत्र भी दे देते थे। परसरामपुर थाने में दर्ज मुकदमे के वादी से आरोपितों ने एक लाख 1600 रुपये फर्जी तरीके से हड़प लिया था।

# गैंगस्टर की आरोपी दो इनामी महिलाएं गिरफ्तार

## कार्रवाई

**बस्ती।** जिले की लालगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में आरोपी दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों के ऊपर एसपी ने 25-25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि आरोपी हेमा और रंजीता निवासी किठुरी थाना मुंडेरवा को मुंडेरवा कस्बे से गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ मुंडेरवा थाने से गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई थी। आरोपी हेमा के खिलाफ अवैध शराब बनाने व आबकारी अधिनियम के तहत तीन मुकदमे मुंडेरवा थाने में दर्ज हैं। वहीं रंजीता के खिलाफ भी इन्हीं धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत हैं। गैंगस्टर से संबंधित दोनों आरोपितों पर 25-25 हजार का इनाम रखा गया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानेदार के साथ आरक्षी रजनीश यादव, राजन प्रजापति, धर्मेन्द्र कुमार, महिला आरक्षी कंचन मिश्रा, अनिता यादव शामिल रहीं।

# मुम्बई से आरोपी गिरफ्तार बढ़ेगी दुष्कर्म की धारा

## शिकंजा

**बस्ती, निज संवाददाता।** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को कलवारी पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। उसे मुंबई के न्यायालय में पेश किया। ट्रांजिट रिमांड पर उसे लेकर टीम बस्ती पहुंची। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अपहृता को भी सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। मुकदमे में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोत्तरी की जा रही है।

करीब दो माह पूर्व कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। प्रकरण में पुलिस ने आकाश निवासी नेबुआ कुशीनगर के खिलाफ आईपीसी 363, 366 व एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच में जुटी पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपी आकाश मुंबई में है। इसके आधार टीम मुंबई गई और विक्रोली वेस्ट मुंबई से पकड़ लिया और किशोरी को भी बरामद कर लिया गया। मुंबई की कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर आरोपी आकाश को पुलिस बस्ती ले आई।

# सांसद के काफिले की गाड़ी हुई ट्रेस

- कोतवाली के हर्दिया चौराहे के पास इसी वाहन की चपेट में आया था बालक
- नौ वर्षीय बालक की हो गई थी मौत, चालक को थाने से मिली जमानत

**बस्ती, निसं।** कोतवाली थाना क्षेत्र के हर्दिया चौराहे के पास शनिवार की शाम स्कूली छात्र को ठोकर मारने वाली सांसद के काफिले में शामिल फारच्यूनर गाड़ी को पुलिस ने ट्रेस कर लिया है।

कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि मारुति कंस्ट्रक्शन कंपनी बस्ती के नाम से फारच्यूनर (यूपी 51 बीई 6363) रजिस्टर्ड है, जिसके मालिक अभिषेक दुबे हैं। गाड़ी के चालक दीपक पाल निवासी डमरुआ थाना कोतवाली को उसके घर से सोमवार को पुलिस कोतवाली ले आई। वहां से उसे जमानत दे दी गई। फारच्यूनर को भी जल्द ही कब्जे में ले लिया जाएगा। कोतवाली थाना क्षेत्र के बसिया गांव निवासी अभिषेक राजभर (9) पुत्र शत्रुघ्न राजभर प्रावि हर्दिया बुजुर्ग में कक्षा दो का छात्र था। तहरीर में उसके पिता शत्रुघ्न ने बताया है कि शनिवार को स्कूल से छुट्टी के बाद दोपहर बाद करीब तीन बजे वह पैदल घर जा रहा था। हर्दिया पेट्रोल पंप से सौ मीटर पहले बड़ेवन की तरफ पहुंचा था कि तभी मनौरी की तरफ से दो सफेद रंग की फारच्यूनर गाड़ी गुजर रही थी, जो सांसद हरीश द्विवेदी के काफिले में शामिल थी। इसी गाड़ी से उनके बेटे का एक्सीडेंट हुआ। उसे आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। यहां से देर शाम चिकित्सक ने हालत बिगड़ती देख मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया था। एंबुलेंस के कप्तानगंज के करीब पहुंचते-पहुंचते बालक अभिषेक ने दम तोड़ दिया था। इसके बाद शव लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आईपीसी 279 व 304ए के तहत अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने ठोकर मारने वाली फारच्यूनर को ट्रेस कर लिया।

# मारपीट कर दी जानमाल की धमकी, मुकदमा

**बस्ती:** सांड़पुर निवासी सीमा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि भूमि विवाद को लेकर विपक्षियों ने उन्हें अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव निवासी सुशीला देवी, मालती देवी और भोली के खिलाफ मुकदमा दर्ज की है।

# सीओ करेंगे बुजुर्ग के पिटाई मामले की जांच

**जासं,टिनिच,बस्ती :** गौर थाने के टिनिच चौकी प्रभारी रामभवन प्रजापति द्वारा बुजुर्ग फरियादी की पिटाई के मामले की जांच सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय करेंगे। उच्चाधिकारियों ने जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

गौर थाने के टिनिच चौकी क्षेत्र के बसहिया गांव निवासी 65 वर्षीय राम ललित यादव ने डीआइजी को शिकायती पत्र देकर कहा कि सार्वजनिक मार्ग पर निर्माण को लेकर उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी। इसको लेकर उन्हें और विपक्षियों को रविवार की सुबह

**राम ललित यादव ने डीआइजी को शिकायती पत्र देकर सार्वजनिक मार्ग पर निर्माण को लेकर दर्ज कराई थी शिकायत**

चौकी पर बुलाया गया था। जब वह चौकी पर पहुंचे तो विपक्षी पहले से वहां मौजूद थे। उन्होंने चौकी प्रभारी के समक्ष अपनी बात कहनी चाही तो वह नाराज हो गए और उनकी पिटाई करते हुए फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। गुहार लगाने पर आसपास के लोग पहुंचे। चौकी प्रभारी ने मोबाइल भी छीन कर रख लिया।

## सीमांकन पत्थर उखाड़कर फेंका, मुकदमा

**बस्ती :** गौर थाने के गड्हा दल थम्मन गांव निवासी बृजेश कौशल ने आरोप लगाया है कि विपक्षियों ने सीमांकन का पत्थर उखाड़कर फेंक दिया। ट्रैक्टर से सीमांकित भूमि को जोत दिया। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कोटवा निवासी सत्यप्रकाश सिंह उर्फ डीएम सिंह,रविप्रकाश सिंह, वेदप्रकाश सिंह समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।(जासं)

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, एक नामजद

**बानपुर :** लालगंज थाना क्षेत्र के खोरिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार को दिन में 11 बजे दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष के शेषनाथ पुत्र राम गोपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि विपक्षी झिनकू पुत्र हरिश्चंद्र व उनके तीन अन्य साथी नाम पता अज्ञात ने उनके चाचा विजेंद्र कुमार को लाठी डंडा से मारा पीटा और जान माल की धमकी दी। लालगंज थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि मामले में एक पक्ष की तरफ से तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। (जासं)

# सासंद के पीछे चल रही गाड़ी ने मारी थी छात्र को ठोकर, चालक गिरफ्तार

**जासं,बस्ती**: सांसद हरीश द्विवेदी की गाड़ी के पीछे चल रही जिस गाड़ी से नौ वर्षीय बालक की मृत्यु हुई, उस गाड़ी की पहचान कर ली गई है। वह सफेद रंग की फारच्युनर थी,जो मारुति कंस्ट्रक्शन कंपनी बस्ती के नाम से पंजीकृत है। इस कंपनी के प्रोपराइटर अभिषेक दूबे हैं। कोतवाली पुलिस ने हादसे के दौरान वाहन चला रहे चालक को गिरफ्तार भी कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि छानबीन के बाद वाहन और चालक की पहचान कर ली गई है। जिस गाड़ी से हादसा हुआ था, वह सांसद की गाड़ी के पीछे चल रही थी। सीसी कैमरा फुटेज के आधार पर वाहन की पहचान की गई। जिस वाहन से बालक अभिषेक राजभर को ठोकर लगी थी, उसका नंबर यूपी 51बीई 6363 है। चालक की पहचान दीपक पाल निवासी डमरुआ, कोतवाली बस्ती के रूप में की गई। सोमवार की शाम मड़वानगर चौकी प्रभारी जयबिंद यादव और उनकी टीम ने चालक को उसके घर से गिरफ्तार भी कर लिया।

- **शनिवार को हादसे में नौ वर्षीय छात्र की हुई थी मृत्यु**
- **कोतवाली के हर्रैया चौराहे के पास हुआ था हादसा**

### यह थी घटना

हर्रैया चौराहे के पास शनिवार को एक लग्जरी वाहन की चपेट में आने से स्कूली छात्र अभिषेक राजभर पुत्र शत्रुघ्न निवासी बसिया की मृत्यु हो गई थी। वह कक्षा दो का छात्र था। कोतवाली पुलिस ने सांसद हरीश द्विवेदी के दो वाहनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

## सांसद के दबाव में काम रही पुलिस : प्रदीप राजभर

मृतक अभिषेक राजभर के बड़े पिता प्रदीप राजभर ने पुलिस पर सांसद के दबाव में काम करने का आरोप लगाया। कहा कि सांसद की गाड़ी से ही उसके भतीजे की मृत्यु हुई है। यह एक दुर्घटना थी। सांसद से ऐसे व्यवहार की अपेक्षा भी नहीं थी। जनप्रतिनिधि होने के नाते भी उनको शोक संवेदना व्यक्त करने आना चाहिए था। वे आते तो उनको यहां पूरा सम्मान मिलता, लेकिन अपनी कमी को छिपाने के लिए वे झूठ का सहारा लेकर पुलिस से मनचाही कार्यवाही करा रहे हैं। कहा कि हम चुप होकर बैठने वाले नहीं है। इसको लेकर मुख्यमंत्री और जरूरत पड़ी तो कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाएंगे।

प्रदीप ने कहा कि पूरा परिवार सड़क हादसे में बेटा खोने के बाद टूट गया है। वह तीन बहनों का इकलौता भाई था। ऐसे में पुलिस भी घाव दे रही है। हादसे के दौरान सांसद रुधौली से एक कार्यक्रम से लौट रहे थे। सांसद के साथ दो गाड़ी थी। एक में वह और दूसरे में स्टाफ चल रहा था। हादसा होने के बाद सांसद ने मानवता का परिचय देते हुए घायल बालक को अस्पताल पहुंचा दिया होता तो शायद उसकी जान बच जाती। दुर्घटनास्थल से एक किमी दूर उनकी गाड़ी रुकी। पीछे चल रही गाड़ी हादसे में क्षतिग्रस्त भी हुई है। मौके पर वाहन के टूटे पार्ट भी मिले थे। सोमवार को वह पार्ट वाहन से मिलान के लिए पुलिस को वीडियोग्राफी कराकर सौंपे दिए गए हैं।

**वाहन ट्रेस करने में पुलिस को लग गए 48 घंटे**: दुर्घटना के बाद ही सीसी कैमरा फुटेज में कैद हुए वाहन का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल होने लगा था। इतने के बाद भी कोतवाली पुलिस को वाहन और चालक को ट्रेस करने में 48 घंटे से अधिक समय लगे। वह भी तब, जब हादसा करने वाला वाहन सांसद के काफिले से जुड़ा होना बताया जा रहा था। मृतक के पिता ने तो सांसद के वाहन के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया था। पुलिस की इस तेजी को लेकर इंटरनेट मीडिया में सवाल खड़े किए गए।

# गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित दो महिला गिरफ्तार

**जासं, महादेवा, बस्तीः** लालगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित दो महिला आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक की ओर से 25- 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित था। थानाध्यक्ष महेश सिंह ने बताया कि मुंडेरवा थाने में गैंगस्टर अधिनियम से संबंधित दो महिला आरोपितों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपित हेमा पत्नी रामजी व रंजीता पत्नी दिलीप करवल निवासी करवल कालोनी किठूरी थाना मुंडेरवा की गिरफ्तारी मुंडेरवा कस्बे से की गई है। इसके बाद दोनों को संबंधित न्यायालय रवाना किया गया। टीम में थानाध्यक्ष के अलावा आरक्षी रजनीश यादव, धर्मेन्द्र कुमार, राजन प्रजापति, महिला आरक्षी अनीता यादव, कंचन मिश्रा शामिल रहीं।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

## रोजगार मेले में आए युवकों को बनाते थे शिकार, पुलिस टीम ने बस्थनवा से दबोचा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवकों से ठगी करने वाले दो जालसाजों को परशुरामपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी सोमवार की सुबह 9.30 बजे बस्थनवा से की गई है। इनकी पहचान प्रशांत कुमार त्रिपाठी उर्फ विकास निवासी रमवापुर थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर व जितेंद्र कुमार गौड़ निवासी कलौरा थाना बासगांव जनपद गोरखपुर के रूप में हुई।

यह जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने सोमवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि दोनों जालसाज रोजगार मेले में आए बेरोजगार युवकों से संपर्क स्थापित कर नौकरी दिलाने का झांसा देते थे। इसके बाद अकाउंट नंबर देकर उसमें रकम मंगाते थे।



नौकरी देने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपितो के बारे मे जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी साथ मे सीओ शेषमणि उपाध्याय ●जागरण

बाद में बेरोजगार युवकों को ट्रेनिंग के लिए फर्जी व कूटरचित आदेश पत्र देते थे। मामले में परशुरामपुर थाने के नेदुला गांव निवासीर रामराज ने पुलिस 30 अगस्त को तहरीर देकर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित से जालसाजों ने एक लाख एक हजार छह सौ रुपये फर्जी तरीके से नौकरी दिलाने के नाम पर हड़प लिए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की कर रही थी। इसी बीच एक सूचना के आधार पर आरोपितों की गिरफ्तारी कर ली गई। एएसपी ने बताया कि आरोपित नाम बदल बदल कर पीड़ित को फोन करते थे। आरोपित जितेंद्र कुमार गौड़ के पास से एक स्मार्ट फोन व नौ कीपैड मोबाइल व एक हजार रुपये, जबकि प्रशांत कुमार त्रिपाठी के पास से दो स्मार्ट फोन व पांच कीपैड मोबाइल, एक एटीएम कार्ड व एक कूटरचित आधार कार्ड के अलावा चार हजार रुपये बरामद हुए हैं।

आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी घघौवा उप निरीक्षक योगेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल अरविंद कुमार द्विवेदी, रणविजय यादव व उमेश यादव शामिल रहे।

# मारपीट में तीन पर मुकदमा

पैकोलिया(बस्ती)। थानाक्षेत्र के भिमलापुर छत्तर गांव में मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। पैकोलिया थाना क्षेत्र के बेलापुर सत्ता गांव निवासी कौशल नाथ पांडे की पुत्री अंजलि पांडेय उर्फ पूजा ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया है कि रविवार दोपहर लगभग पौने तीन बजे जमीन संबंधी रंजिश को लेकर मेरे ही गांव के सुजल पांडेय, सुन्दरम पांडेय और कृष्णशरण पांडेय अपशब्द कहते हुए भाई सुशांत पांडेय और मेरी माता जया पांडेय को मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** थाना परशुरामपुर पुलिस ने नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में प्रशांत कुमार त्रिपाठी उर्फ विकास निवासी रमवापुर थाना गोल्हौरा जिला सिद्धार्थनगर और जितेन्द्र कुमार गौड़ निवासी कलोरा थाना बांसगांव जिला गोरखपुर शामिल हैं।

गिरफ्तार अरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, पांच हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड आदि बरामद किया गया है। एसएचओ अरविंद शाही ने बताया कि इनका एक गिरोह है जो बेरोजगार नवयुवकों से संपर्क स्थापित कर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने अकाउन्ट में रुपये मंगाते थे। बेरोजगार नवयुवकों को फंसाकर उन्हें ट्रेनिंग दिलाने का फर्जी आदेश पत्र दे देते थे।

## बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने, ट्रेनिंग व फर्जी आदेश का देते थे झांसा

इस संबंध में परशुरामपुर थानाक्षेत्र के नेदुला निवासी रामराज ने 30 अगस्त को मुकदमा दर्ज कराया था। जिससे करीब डेढ़ लाख रुपये ठगी करने का आरोप लगाया गया था। सोमवार को परशुरामपुर थाने के बस्थनवा के पास से दोनों को गिरफ्तार किया गया। इनके कुछ अन्य साथियों के भी इस धोखाधड़ी में शामिल होने की बात छानबीन में सामने आई है। जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। वादी रामराज के मुताबिक आरोपियों ने हिंदुस्तान लीवर लिमिटेड कंपनी में स्टोर कीपर के पद पर नियुक्ति दिलाने का झांसा दिया था।

# क्षेत्र की बैंक शाखाओं में पुलिस ने की जांच

## एसओ ने देखा अलार्म, सीसीटीवी कैमरे व अन्य उपकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर बाजार (बस्ती)।** नगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के बैंकों व बैंक शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने बैंकों में आने वालों से पूछताछ की। साथ ही सीसीटीवी कैमरों व सुरक्षा से जुड़े अन्य उपकरणों की जांच की।

कर्मचारियों को निर्देश दिया कि बैंक परिसर में आने वालों संदिग्धों पर भी कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया। नगर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न बैंक शाखाओं में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

टीम ने एसबीआई नगर,गोटवा व बक्सर की बैंक शाखाओं में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों व आपातकालीन अलार्म की जांच के साथ जमा व निकासी काउंटर पर पहुंच ग्राहकों से पूछताछ भी की। कर्मचारियों से भी आवश्यक जानकारी ली गई। कोई संदिग्ध नजर आए तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें।

थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि बैंकों में रुपये लेकर आने जाने वाले ग्राहकों को सुरक्षा देने व लूट छिनैती जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नगर पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न बैंकों मे सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

# मुंबई से आरोपी गिरफ्तार, बढ़ेगी दुष्कर्म की धारा

## ट्रांजिट रिमांड पर शहर लेकर पहुंची पुलिस, आरोपी कुशीनगर का निवासी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को कलवारी पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। उसे मुंबई के न्यायालय में पेश किया। ट्रांजिट रिमांड पर लेकर उसे टीम बस्ती पहुंची। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अपहृता को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया। मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई जाएगी।

करीब दो माह पूर्व कलवारी थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया था।



पुलिस ने मुंबई से युवती को अगवा करने वाले को किया गिरफ्तार।

प्रकरण में पुलिस ने आकाश (19) निवासी नेबुआ, कुशीनगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। जांच में जुटी पुलिस को

### दो माह पूर्व किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था

जानकारी मिली कि आरोपी आकाश मुंबई में है। इसके आधार टीम मुंबई गई और विक्रोली वेस्ट मुंबई से पकड़ लिया गया।

उसके कब्जे से किशोरी मिली। मुंबई की स्थानीय कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर आरोपी आकाश को पुलिस बस्ती नगर ले आई। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी चौकी माझा खुर्द एसआई पवन कुमार मौर्य, आरक्षी धीरज यादव और महिला आरक्षी शुभांगी शामिल रहीं।

# दुकानदार से 50 हजार की लूट बदमाश गिरफ्तार

**बस्ती।** गौर थानाक्षेत्र के सिद्धौर गांव के पास सोमवार देर रात करीब 10 बजे दुकानदार से बाइक सवार बदमाशों ने 49 हजार छह सौ रूपये लूट लिए।

बताया जा रहा है कि सिद्धौर गांव निवासी मुस्तफा हुसैन की गौर बाजार में कपड़े की दुकान है। दुकान बंद करके वह एक व्यक्ति के साथ घर लौट रहे थे। गांव के निकट मोड़ पर बाइक रोककर चार बदमाशों ने दुकानदार को पकड़ लिया।

उनके पास रखे 49 हजार छह सौ रूपये छीन लिए। शोर सुनकर गांव के लोग भी दौड़े। इस बीच दुकानदार ने उनमें से एक बदमाश को पकड़ लिया।

बाकी फरार हो गए। सूचना पाकर गौर थाने के एसएचओ ब्रिजेंद्र पटेल मौके पर पहुंच गया और पकड़े गए बदमाश को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि चारों बदमाश सिद्धौर गांव के ही हैं। संवाद

# मां की पिटाई में बेटे की तहरीर पर चार नामजद

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के महुआ गांव निवासी एक महिला को मारपीट के मामले में पुलिस ने उसके पुत्र की तहरीर पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। पैकोलिया थानाक्षेत्र के महुआ गांव निवासी रामभवन ने आरोप लगाया है कि रविवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे जमीनी विवाद को लेकर मेरे पट्टीदार बुद्धशरण, धर्मशरण उर्फ बब्बू, विकास व प्रमिला देवी ने मेरी मां सुमिरता को अपशब्द कह रही थीं।

मां ने मना किया तो उक्त लोगों ने उन्हें लाठी डंडे से मारापीटा जिससे चोटें आई हैं। बीच बचाव करने के बाद वे लोग जान से मारने की धमकी देकर चले गये। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि उक्त पर मुकदमा दर्ज कर चोटिल महिला सुमिरता को मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौर भेजा गया है। संवाद

# गैंगस्टर में इनामी वांछित दो महिलाएं गिरफ्तार

**बस्ती।** गैंगस्टर एक्ट में 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित दो वांछित महिला आरोपियों को लालगंज पुलिस ने मुंडेरवा कस्बे के पास से सोमवार को करीब तीन बजे गिरफ्तार कर लिया। एसओ महेश सिंह ने बताया कि दोनों मुंडेरवा थानाक्षेत्र के अवैध व मिलावटी कच्ची शराब बनाने व बेचने के मामले में कई बार गिरफ्तार किए जा चुकी हैं।

दोनों के विरुद्ध मुंडेरवा थाने की पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। जिसकी विवेचना लालगंज थानाध्यक्ष कर रहे हैं। गैंगस्टर के इस मुकदमे में आरोपी हेमा पत्नी स्व. रामजी व रंजीता पत्नी दिलीप करवल तभी से फरार थीं। हेमा पर 2019, 2020 व 2022 में आबकारी अधिनियम व गैंगस्टर के चार मुकदमे और रंजीता पर 2022 में गैंगस्टर के अलावा आबकारी अधिनियम के दो मुकदमे दर्ज हैं। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-11-2022

# जागरण की पाठशाला में छात्रों ने पढ़ा नियमों का पाठ

## सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी पाकर उत्साहित हुए छात्र, बोले- सुरक्षित सफर से ही जन व धन की रुकेगी हानि

**जागरण टीम, सिद्धार्थनगर** : सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जिले के पांच स्कूलों में सोमवार को दैनिक जागरण की टीम ने जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला में यातायात पुलिस व पुलिस जवानों ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। सुरक्षित यात्रा करने से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया गया। सभी ने संकल्प लिया कि वह यातायात नियमों का तो पालन करेंगे, साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित यात्रा के गुर बताएंगे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज राणा महेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार को बिस्कोहर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय पर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। तेज रफ्तार में वाहन कदापि न चलाएं। इससे दुर्घटनाएं होती हैं। कार चालक सीट बेल्ट व दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग हर हाल में करें। मिठवल विकास खंड क्षेत्र के मन बहाल द्विवेदी इंटरमीडिएट कालेज दुबौली में शिवनगर डिड़ई के थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार राय ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका अनुपालन करके ही लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। प्रधानाचार्य सुनील द्विवेदी, प्रबंधक मनबाहल द्विवेदी, दिनेश यादव, राजमणि, अनुपमा सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के मदरसा खैरुल उलूम बनगवा में प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। मदरसे के प्रबंधक इरशाद अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बाबा हरिदास इंटर कालेज उसका बाजार में उपनिरीक्षक अजय गुप्ता व श्रीराम यादव ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति चलाए जा रहे अभियान से अवगत कराते हुए कहा कि आप सभी को सड़क पर चलते हुए सुरक्षित व सावधान रहना चाहिए। यात्रा के दौरान मोबाइल या अन्य जो हमारे मस्तिष्क को विचलित करें, ऐसे उपकरणों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्रधानाचार्य चंद्रभान त्रिपाठी, पंकज कुमार, श्रीराम, मनोज, नीरज, रजनी, उमेश शरण पांडेय, पवन मिश्रा आदि मौजूद रहे। ककरहवा स्थित बीएस इंटरमीडिएट कालेज में पुलिसकर्मी राजू कुशवाहा व विशाल गुप्ता ने बच्चों को जागरूक किया।





मनबहाल द्विवेदी इंटरमीडिएट कालेज दुबऊली में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई ज्ञानेन्द्र कुमार राय व ककरहवा स्थित बीएस इंटरमीडिएट कालेज में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी देते पुलिसकर्मी ● ªFF¦FSX¯F



मदरसा खैरुल उलूम बनगवा डुमरियागंज में जागरण अभियान के तहत यातायात नियमों की जानकारी देते प्रभारीनिरीक्षकडुमरियागंज संजय मिश्रा ● ªFF¦FSX¯F



बाबा हरिदास इंटर कालेज उसका बाजार में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते उप निरीक्षक श्रीराम यादव व अजय गुप्ता ● ªFF¦FSX¯F

# 109 वाहनों का हुआ चालान

सिद्धार्थनगर। जिले भर में यायायात व सिविल पुलिस की ओर से चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एमवी एक्ट का उलंघन करने वाले 109 वाहनों को चालान किया गया।

यातायात प्रभारी अमरेश यादव ने बताया कि शहर के विभिन्न चौराहों के अलावा जिले में कई स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 109 वाहनों का चालान किया गया। वाहन स्वामियों से 116500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

# ट्रक की टक्कर से पुलिया क्षतिग्रस्त

बांसी : बांसी-खलीलाबाद मार्ग पर स्थित चूटी पुलिया से ट्रक टकरा जाने से पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना रविवार शाम की है। इटवा से धान लदा ट्रक मेहदावल जा रहा था। पुलिया सकरा होने के कारण आये दिन यहां दुर्घटना होती रहती है। लगातार वाहनों के ठोकर लगने से पुलिया के दोनों तरफ की रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। (जासं)

# जिगिना धाम मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया दर्शन-पूजन

- भव्य मेला के दूसरे दिन नेपाल, बढ़नी, बलरामपुर, गोंडा से भी पहुंचे श्रद्धालु
- विशाल झूला व मौत का कुआं रहा आकर्षण का केंद्र, विशेष खाजे की खुशबू ने दर्शनार्थियों को लुभाया

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर :** तहसील अन्तर्गत ऐतिहासिक जिगिना धाम का मेला सोमवार को चरम पर पहुंचता दिखाई दिया। एक सप्ताह तक चलने वाले वार्षिक मेले के दूसरे दिन इसकी रौनक देखने लायक थी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्राचीन मंदिर में माथा टेकते हुए पूजा-अर्चना की, तो मेले में हर आयु वर्ग के लोग लुत्फ उठाते देखे गए। विशाल झूला और मौत का कुआं हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विशेष खाजे की खुशबू ने भी मेलार्थियों को अपनी ओर लुभाया। मेले में दिन हो या रात, हर समय उत्साह का नजारा दिखाई दिया। थियेटर, मौत का कुआं, विशाल झूला जैसे मनोरंजन के साधन से लोग जहां आनंद उठाते देखे गए, वहीं जादू व हास्य कलाकारों ने भी जलवा बिखेरा। आज भीड़ का आलम यह रहा कि रास्ते से गुजरना मुश्किल हो रहा था। कोई खरीदारी में व्यस्त दिखा, तो कोई तरह-तरह के मनोरंजन के संसाधन का आनंद लेते नजर आए। विशाल झूले के अलावा रेल झूले पर भी बच्चे लुत्फ उठाते देखे गए। महंथ बाबा विजय दास वालेंटियरों के साथ सक्रिय दिखाई दिए।



जिगिना धाम में झूले का आनंद लेते लोग • जागरण



जिगिना धाम मंदिर परिसर में उमड़े श्रद्धालु • जागरण



मेले में सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मी • जागरण

**चौकस दिखी पुलिस व्यवस्था:** मेला में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चौकस दिखी। प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी व मेला प्रभारी चौकी इंचार्ज कन्हैया मौर्या व्यवस्था की निगरानी करते दिखे। इस बार मेले में 10 दरोगा, 11 महिला कांस्टेबल, 57 मुख्य आरक्षी व आरक्षी की तैनाती की गई है।

# छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर : छेड़खानी के आरोप में बांसी कोतवाली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपित की पहचान बांसी कोतवाली क्षेत्र के इंद्रानगर मुहल्ला निवासी किमामुदीन उर्फ किम्मी पुत्र चीनक के रूप में हुई है। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक आनन्द कुमार व आरक्षी हरिवंश यादव शामिल रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-11-2022

# खड़न्जे को उखाड़ कर ईंट गायब करने के आरोप में पांच पर मुकदमा

नाथनगर। महुली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोल्हूआ में ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामवासियों के आवागमन के लिए कराए गए खड़न्जा निर्माण को उखाड़ कर उसकी ईंट को गायब करने के आरोप में महुली पुलिस ने गांव के ही पांच लोगो के खिलाफ सोमवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर पूरी की है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोल्हूआ की प्रधान शिवा त्रिपाठी पत्नी हेमन्त त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामवासियों के आवागमन के लिए चालू वित्तीय वर्ष में गांव के सार्वजनिक रास्ते पर खड़न्जा निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी धन से कराया गया था जिसे गांव निवासी विकास लाल, अनिरूद्ध लाल तथा दीपक पुत्रगण संतकुमार तथा संतकुमार तथा अनिल कुमार पुत्रगण माधवलाल द्वारा बीते दिनों उखाड़ दिया गया और खड़न्जा निर्माण में लगी ईंट को भी गायब कर दिया गया। ग्राम प्रधान ने बताया कि इसके सम्बन्ध में स्थानीय महुली पुलिस समेत पुलिस उच्चाधिकारियों को पूर्व में प्रार्थनापत्र देकर उक्त सभी दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई तो उन्हें मजबूर होकर कोर्ट की शरण में जाना पड़ा। प्रधान द्वारा दाखिल वाद में सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने उक्त सभी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच करने का निर्देश महुली पुलिस को दिया गया था जिसके आधार पर पुलिस ने उक्त सभी के विरूद्ध सोमवार को मुकदमा दर्ज की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जांच में आरोप सत्य पाए जाने पर नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# सीओ यातायात ने वाहन चालकों व आमजन को किया जागरूक

**संतकबीरनगर(एसएनबी)**। यातायात माह के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा वाहन चालकों एवं आमजन को जागरूक किया गया। जागरूकता के क्रम में मैपल एप्प के संबंध में जानकारी दी गई।



चालकों व आमजन को जागरूक करते सीओ यातायात।

अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर अखिल कुमार तथा पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज के निर्देशन में सोमवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया द्वारा यातायात माह नवम्बर 2022 के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव मय टीम के साथ मेहदावल बाईपास खलीलाबाद पर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए मैपल एप के संबंध में जानकारी देने के साथ ही पम्पलेट प्रदान किए गए। क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील किया गया की वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गई। इस दौरान हे.कां. अजय राय, हे.कां. अजय साहन, कां. राममगन, कां. अजय पाण्डेय व यातायात के समस्त के अधिकारी/कर्मचारी सहित अन्य सम्मानित जनमानस उपस्थित रहे।

# धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला हालत गम्भीर

**बखिरा(एसएनबी)**। बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम झुंगिया में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला हुआ। गम्भीर रुप से घायल युवक को बखिरा पुलिस ने उपचार के लिए मेंहदावल सीएचसी भेज दिया है।

# चाकू संग गिरफ्तार किया

बखिरा। बखिरा पुलिस ने सोमवार को सोनौरा मोड़ से एक व्यक्ति के पास से अवैध चाकू बरामद किया। अभियुक्त को आर्म्स अधिनियम में पुलिस ने जेल भेज दिया है। हेड कांस्टेबल एहतेशाम ने बताया कि रविवार की शाम को नन्दौर चौराहे पर ड्यूटी के दौरान एक व्यक्ति के चाकू लेकर नन्दौर आने की सूचना मिली थी। पकड़े गए व्यक्ति शकील अहमद को जेल भेज दिया गया।

# सीओ व थाना प्रभारी ने पैदल गश्त की

नाथनगर। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में सीओ लाइन दीपांशी राठौर एवं थाना प्रभारी महुली संतोष कुमार मिश्रा ने सोमवार की देर शाम पुलिस फोर्स के साथ महुली कस्बे में पैदल गश्त किया। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्धों तथा बगैर कागजात व बगैर हेलमेट के वाहन चलाने वालों को रोक कर पूछताछ की।

सीओ लाइन दीपांशी राठौर के एलर्ट मोड में रहने के कारण सभी चौकी प्रभारी भी चौकन्ना रहे। सभी सड़कों पर अचानक शुरू हुए चेकिंग अभियान से हड़कंप की स्थिति बनी रही। देर शाम महुली क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ थाना प्रभारी के निकलने से लोगों में सुरक्षा की भावना देखी गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि अराजक तत्वों तथा बिना किसी कार्य के रात में घूमने वालों को चिन्हित किया जा रहा है। इस दौरान एसआई दद्दन राय, हेड कांस्टेबल मो.आरिफ खान, हेड कांस्टेबल ज्ञानचंद यादव, शैलेन्द्र यादव रहे।

# मारपीट के मामले में दोनों पक्षों पर लूट का मुकदमा

धर्मसिंहवा, हिन्दुस्तान संवाद। स्यौहा चौबे गांव में दो दिन पहले मारपीट हो गई। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों पर बलवा व लूट का केस दर्ज किया है।

स्यौहा चौबे निवासी पवन मिश्रा पुत्र परासर मिश्रा ने धर्मसिहवा थाना पर 26 नवम्बर को तहरीर दिया था। कहा था कि वे कम्पोजिट विद्यालय धर्मसिंहवा में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। स्कूल की छुट्टी के बाद घर जा रहे थे। इसी दौरान उनके गांव के ही रामशंकर चौबे, प्रेमशंकर चौबे, हरिशंकर चौबे, कृष्ण शंकर चौबे पुत्रगण रामगोपाल और रामगोपाल चौबे पुत्र लालमन घेर कर मारने-पीटने लगे और उनके जेब से पैसा छीन लिया। वहीं स्यौहा चौबे निवासी रामगोपाल चौबे ने तहरीर दिया है कि उनके गांव के पवन मिश्र पुत्र परासर और परासर मिश्रा पुत्र मुनि महराज उनको घेर कर मारने पीटने लगे। थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा अनिल कुमार ने बताया कि पवन मिश्रा की तहरीर पर रामशंकर, प्रेमशंकर, हरिशंकर, कृष्ण शंकर, और रामगोपाल चौबे पुत्र लालमन जबकि रामगोपाल चौबे की तहरीर पर पवन मिश्रा और परासर मिश्रा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

# विभिन्न मामले में 11 आरोपितों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में 11 आरोपितों को पकड़कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, धनघटा पांच, महुली दो और थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने एक आरोपित को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।



मेंहदावल बाईपास चौराहे पर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते सीओ यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया। • हिन्दुस्तान

# यातायात जागरूकता अभियान चलाया

संतकबीरनगर। जनपद में सोमवार को क्षेत्राधिकारी यातायात अम्बरीष सिंह भदौरिया की अगुवाई में यातायात जागरूकता अभियान चला। यातायात माह नवम्बर 2022 को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव ने अपनी टीम के साथ खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास चौराहे पर वाहन चालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के अलावा मैपल एप के बारे में बताया।

# 108 वाहनों से शमन शुल्क वसूला

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहनों की जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 108 वाहनों से शमन शुल्क वसूल किया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल की।

## गांजा के साथ एक आरोपित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने गांजा के साथ एक आरोपित को दबोचकर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी की। थाना महुली पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपित अभियुक्त राकेश गुप्ता उर्फ वीरू गुप्ता पुत्र रामनाथ गुप्ता निवासी वार्ड नंबर-06 जवाहर नगर थाना महुली को राजघाट पुल के पास गिरफ्तार किया।

# पारिवारिक विवाद में जानमाल की धमकी देने पर केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र में पारिवारिक विवाद को लेकर जानमाल की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर तीन लोगों पर केस दर्ज किया है

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि बिधियानी निवासी मोजिबुल्लाह खान ने में बताया कि उनकी साली उम्मे हबीबा की शादी मिसबाउल हक निवासी सहसरांव माफी के साथ हुई है। दोनों अलग रहते हैं। इन्ही बातों को लेकर सादू के चाचा अब्दुल हकीम और उनके भाई नूरूल अमीरुल हक फोन पर जान से मारने की धमकी दी।

# दो को पहुंचाया अस्पताल

जासं संतकबीर नगर : पीआरवी के पुलिस कर्मी सूचना मिलने पर सोमवार को बखिरा थाना के गोइठहा गांव के पास पहुंचे। मार्ग दुर्घटना में घायल थाना के पसाई गांव निवासी रमेश चंद्र व सिद्धार्थनगर जिले के खेसरहा थाना के अर्जी गांव निवासी जावेद अली को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए दाखिल कराया।

# मारपीट में दो पक्षों के 15 लोगों पर केस

जासं, बखिरा: बखिरा पुलिस ने मारपीट के मामले में पचेठी गांव के दो पक्षों के 15 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। ये लोग भूमि विवाद को लेकर रविवार को मारपीट किए थे। 10 लोग घायल हुए थे।

बखिरा थाने में दी गई तहरीर में पचेठी गांव निवासी रफीक अहमद पुत्र हयात मोहम्मद ने उल्लेख किया हैं कि बीते रविवार को दूसरे पक्ष के मो. इशहाक, अब्दुर्रहमान, अजीजुर्रहमान, महफूजुर्रहमान, आफाक अहमद, अशफाक अहमद, जमील अहमद, शीकल अहमद, अकील अहमद, मिनहाज, मफरोज उनके घर पर आ गए। इन लोगों ने उनके भाई रईश अहमद, पत्नी नाजमा खातून, एखलाक, उनकी बेटी सूफिया खातून व आशिया को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने 11 लोगों पर केस दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के आफाक पुत्र वाजिद अली ने थाने में दी गई भूमि के बटवारे का मुकदमा एसडीएम खलीलाबाद कोर्ट में विचाराधीन है। बीते रविवार को ये लोग जबरन उस भूमि पर निर्माण कार्य करा रहे थे। थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष के 15 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# शांतिभंग की आशंका में 11 आरोपित गिरफ्तार

संतकबीर नगर : जनपद के चार थानों की पुलिस ने सोमवार को शांतिभंग की आशंका में 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन, धनघटा पुलिस ने पांच, महुली पुलिस ने दो तथा धर्मसिंहवा पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ये लोग भूमि व घरेलू विवाद को लेकर आपस में मारपीट करने पर उतारू थे।



खलीलाबाद बाईपास पर वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते सीओ अम्बरीश सिंह भदौरिया • जागरण

# यातायात नियमों का पालन करके चलाएं वाहन

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : यातायात पुलिस के क्षेत्राधिकारी अम्बरीश सिंह भदौरिया ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी रखनी जरूरी है। सड़क सुरक्षा के लिए यातायात नियम बनाए गए हैं। इसका पालन करके दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सकता है। आपके पास वाहन चलाने का लाइसेंस है तो नियमों का पालन भी परम कर्तव्य है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सोमवार को खलीलाबाद बाईपास पर यातायात निरीक्षक बृजेश कुमार यादव के साथ वाहन चालकों को जागरूक कर रहे थे। उन्होंने आटो व टैक्सी चालकों से प्रश्न पूछकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। मैपल ऐप की जानकारी देते हुए कहा कि आप इसे मोबाइल पर अपलोड करके सूचनाओं का आदान-प्रदान कर सकते हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाले नुकसान के बारे में वाहनों चालकों को बताया। वाहन चालकों को नियमों की अनदेखी पर होने वाले जान जोखिम के बारे में जागरूक किया। जब वाहन चालक नियम का पालन करेंगे तभी स्वयं सुरक्षित रहेंगे और दूसरों की भी सुरक्षा कर सकेंगे।

# जीवन की यदि करनी है रक्षा, सड़क पर अपनाएं सुरक्षा

## दैनिक जागरण के तत्वावधान में हुआ यातायात जागरूकता का कार्यक्रम, विद्यार्थियों को दी नियमों की जानकारी, लिया शपथ



जूनियर हाई स्कूल मे यातायात नियमों की शपथ लेते परिषदीय विद्यालयों के बच्चे • जागरण



सांथा के अजीजुल्लाह हायर सेकेंड्री स्कूल मे जानकारी देते थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा •




उच्च प्राथमिक विद्यालय बहिलपार मे छात्राओं द्वारा तैयार की गई रंगोली • जागरण



यातायात नियमों की जानकारी लेती कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बघौली की छात्राएं • जागरण



हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद मे शपथ लेते शिक्षक व विद्यार्थी • जागरण

**जागरण टीम, संतकबीर नगर :** सड़क सुरक्षा को लेकर दैनिक जागरण का जागरूकता अभियान सोमवार को भी जारी रहा। सड़क, बाजार के साथ विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने नियमों की जानकारी लेकर कर्तव्य के पालन की शपथ ली। शिक्षकों के साथ एक स्वर में शपथ लेते हुए बच्चों ने कहा कि हम सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाकर आदर्श नागरिक का फर्ज निभाएंगे। अभिभावकों के साथ स्वजन, सगे-संबंधियों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

शहर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय खलीलाबाद में दैनिक जागरण के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। यहां विभिन्न ब्लाक से मंडलीय रैली में प्रतिभाग करने जा रहे बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। अरविंद चौधरी ने कहा कि सड़क पर चलते समय सुरक्षा अपनाएं। पैदल चलने वाले व वाहन चलने वाले दोनों के लिए यातायात नियमों की जानकारी होना आवश्यक है। नियमों का पालन करके हम न केवल दुर्घटना से बच सकते हैं बल्कि दूसरों को भी बचा सकते हैं। आप हमेशा अपनी बायीं ओर से चले और दोनों तरफ देखकर सावधानी पूर्वक सड़क पार करें। घर पर अभिभावकों को दो पहिया वाहन के प्रयोग से पूर्व हेलमेट के लिए प्रेरित करें। प्रधानाध्यापक विजय लक्ष्मी त्रिपाठी ने कहा कि आज के समय में यातायात नियमों का पालन नहीं करने से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। साथ ही आपके अभिभावक भी वाहन लेकर निकलें तो उन्हें भी इस बात के लिए जागरूक करें कि वह नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न हो। रमेश कुमार, इंद्रेश पांडेय सहित विभिन्न विद्यालयों के बच्चे उपस्थित रहे।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बघौली में वार्डेन मीरा चौधरी ने बच्चों को यातायात नियमों का जानकारी दी। उन्होंने दैनिक जागरण द्वारा चल रहे कार्यक्रम से बच्चों को अवगत कराते हुए कहा कि नियमों का जानकारी व उनका पालन करके दुर्घटना से बचाव संभव है। शिक्षक भारती श्रीवास्तव, कल्पना मौर्या, कामिनी मिश्रा, सुष्मिता मिश्रा ने जानकारी दी। छात्रा मोनिका, रोशनी, नेहा, मनीषा व काजल से गीत ये यातायात नियम के पालन करने को प्रेरित किया। इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय बहिलपार में गांव की छात्राओं ने विद्यालय आकर प्रधानाध्यापक संगीता सिंह ने यातायात नियमों की जानकारी हासिल की। छात्राओं ने आकर्षक रंगोली सजाकर स्लोगन लिखकर चार्ट तैयार किया। सांथा के अजीजुल्लाह हायर सेकेंड्री स्कूल में बेलहर के थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने कहा कि लापरवाही से सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। हम सब की जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यों, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। इसी क्रम में हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने यातायात नियमों के पालन की शपथ ली। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य अरुण ओझा, लेफ्टिनेंट डा. सीपी त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह, जोखू पासवान, अभिषेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी (यातायात) अंबरीष सिंह भदौरिया व प्रभारी निरीक्षक बृजेश यादव ने सोमवार को यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया। मैपल् एप की जानकारी दी।

सीओ (यातायात) अंबरीश सिंह भदौरिया ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अपने आसपास, परिवार, रिश्तेदार और आम जन को भी वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर हेड कांस्टेबल अजय राय, अजय साहनी, राममगन, अजय पांडेय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। संवाद

# 106 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस ने सोमवार को जगह-जगह वाहनों की चेकिंग की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 106 वाहनों का चालान किया गया। जबकि 1,05,000 रुपये के समन शुल्क की वसूली की गई। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि यातायात माह में लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही कार्रवाई भी की जा रही है। संवाद

# गांजा के साथ पकड़ा गया युवक

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने सोमवार को चेकिंग के दौरान राजघाट पुल के पास से गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एसओ संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान राकेश गुप्ता उर्फ वीरू गुप्ता निवासी वार्ड नंबर छह जवाहर नगर थाना महुली के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक किलो 145 ग्राम गांजा बरामद हुआ। संवाद

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

बखिरा। सोनौरा मोड़ के पास से रविवार को पुलिस ने चाकू के साथ युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि हेड कांस्टेबल एहतेशाम सहयोगी सिपाही के साथ रविवार शाम को नंदौर चौराहे पर ड्यूटी पर मौजूद थे। उसी दौरान अवैध चाकू लेकर नंदौर की ओर पैदल आरोपी के जाने की सूचना मिली। पुलिस ने सोनौरा मोड़ के पास से आरोपी को चाकू के साथ पकड़ लिया। उसकी पहचान शकील अहमद निवासी दुर्गजोत के रूप में हुई। संवाद

# सेवहा चौबे में चुनावी रंजिश में दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

## दोनों पक्षों के 11 लोगों पर मारपीट और लूट का मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**धर्मसिहवा।** क्षेत्र के सेवहा चौबे में पुरानी चुनावी रंजिश में दो पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। पुलिस ने सोमवार को एक पक्ष से पूर्व प्रधान समेत आठ और दूसरे पक्ष से शिक्षक समेत तीन लोगों पर बलवा, मारपीट और लूट का मुकदमा दर्ज किया।

सेवहा चौबे निवासी पवन मिश्रा पुत्र परासर मिश्रा ने धर्मसिंहवा थाने में 26 नवंबर को तहरीर देकर कहा कि वह कंपोजिट विद्यालय धर्मसिंहवा में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। वह छुट्टी के बाद घर जा रहे थे। गांव पहुंचने

**एसओ बोले-जांच में जो तथ्य सामने आएगा, उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी**

वाले ही थे। उसी दौरान गांव के ही रामशंकर चौबे अपने भाई प्रेमशंकर चौबे, हरिशंकर चौबे, कृष्ण शंकर चौबे और रामगोपाल चौबे के साथ रास्ते में उनकी बाइक रोक ली।

आरोप है कि लोग उसे मारने पीटने लगे। बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सोने की चेन और जेब में रखे 1,960 रुपये छीन लिए। जबकि दूसरे पक्ष के राम गोपाल चौबे का आरोप है कि 26 नवंबर की शाम मेंहदूपार से मजदूरी का रुपये लेकर सेवहा अपने घर जा रहे थे। गांव के पवन मिश्रा और परासर मिश्रा ने रास्ते में उसे रोक कर मारने पीटने लगे। आरोप है कि 42 हजार रुपये व बाइक छीन ली।

एसओ अनिल कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी चुनावी रंजिश है। उसी रंजिश को लेकर दोनों पक्षो के बीच विवाद हुआ है।

दोनों पक्षों की तरफ से मिली तहरीर के आधार पर एक पक्ष से पूर्व प्रधान समेत आठ लोग और दूसरे पक्ष से शिक्षक समेत तीन पर मारपीट, बलवा और लूट का केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएगा, उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कोर्ट के आदेश पर पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** कोर्ट के आदेश पर सोमवार को महुली पुलिस ने कोल्हुआ गांव के रहने वाले तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों पर खड़ंजा क्षतिग्रस्त कर ईंट उठा ले जाने के आरोप में केस दर्ज किया।

कोल्हुआ गांव की प्रधान शिवा त्रिपाठी का आरोप है कि ग्रामवासियों को आने-जाने के लिए खड़ंजे का निर्माण वित्तीय वर्ष 2021-22 में कराया गया था। आरोप है कि गांव के तीन सगे भाई विकास लाल, अनिरुद्ध लाल, दीपक, संत कुमार, अनिल कुमार ने 24 अप्रैल 2021 से आठ जुलाई 2021 के बीच खड़ंजे को क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि लोग ईंट आदि उठा ले गए।

इस मामले में प्रधान ने महुली पुलिस को तहरीर दिया, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। प्रधान ने रजिस्टर्ड डाक से एसपी को सूचना दी। बावजूद इसके कार्रवाई नहीं हुई।

प्रधान ने कोर्ट की शरण ली। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि तीन सगे भाई विकास लाल, अनिरुद्ध लाल, दीपक और दो सगे भाई संत कुमार व अनिल कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

# धमकी देने के आरोप में तीन पर केस

संतकबीरनगर। पारिवारिक विवाद में साढ़ू के चाचा और भाई ने फोन पर युवक को अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। इस मामले में सोमवार को पुलिस ने साढ़ू के चाचा समेत तीन पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला विधियानी निवासी मजिबुल्लाह खान का आरोप है कि उसकी साली उम्मे हबीबा की शादी सहसराव माफी गांव निवासी मिसबाउल हक के साथ हुई है। दोनों के बीच मतभेद है। पति-पत्नी अलग रहते हैं। सुनने में आया है कि मिसबाउल हक ने दूसरी शादी कर ली है। इन्हीं सब बातों को लेकर हम दोनों पक्षों में विवाद चल रहा है। उसी पारिवारिक विवाद को लेकर उसके साढ़ू मिसबाउल हक के चाचा अब्दुल हकीम और उनके भाई नुरुलहक व अमीरूलहक ने 15 नवंबर को फोन कर उसे अपशब्द कहा और धमकी दी। संवाद



शहर के विधियानी मोड़ के पास बड़े वाहनों को रोकती यातायात पुलिस। संवाद

# स्कूल समय में बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक

## यातायात पुलिस हुई सक्रिय विधियना मोड़ पर है नो इंट्री

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद के विधियानी मोड़ से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क पर विद्यालय के समय में बड़े वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए इंतजाम कर दिए गए हैं।

अमर उजाला इंपैक्ट

'अमर उजाला' की खबर का संज्ञान लेते हुए यातायात पुलिस सक्रिय हो गई। स्कूल के तहत दोनों तरफ बड़े वाहनों की आवाजाही रोकी जा रही है। 'अमर उजाला' ने 26 नवंबर के अंक में स्कूल समय में रोक, फिर भी दौड़ रहे बड़े वाहन शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।

इसे संज्ञान में लेते हुए विधियानी मोड़ पर यातायात पुलिस मुस्तैद दिखी। धनघटा की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को यहां रोका जा रहा है। इसी तरह दूसरी तरफ से भी बड़े वाहनों की आवाजाही रोकी जा रही है।

इससे यहां रहने वालों के साथ ही आम लोगों को भी राहत मिली है। कारण यह है कि इस मार्ग पर कई स्कूल व कॉलेज हैं। कोचिंग भी संचालित होते हैं।

पिछले महीने एचआरपीजी कॉलेज की छात्रा की बड़े वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी, तब प्रशासन ने स्कूल समय में इस मार्ग पर बड़े वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया था, लेकिन कुछ दिनों से धड़ल्ले से बड़े वाहन दौड़ रहे थे।

# डाल पर लाए नकली जेवरात बिना शादी के लौटी बरात

## बिहार के पटना से रविवार रात मगहर कस्बे में आई थी बरात

संवाद न्यूज एजेंसी

मगहर। नगर पंचायत मगहर में रविवार रात आयोजित एक शादी समारोह में वर पक्ष के लोग डाल पर नकली जेवरात लाए। इसे देखकर वधू पक्ष के लोग भड़क गए। दोनों पक्षों के बीच तकरार होने लगी। पुलिस और गणमान्य लोगों ने हस्तक्षेप कर विवाद को शांत कराया। देर रात बिना शादी के ही वर पक्ष के लोग दूल्हे व बरातियों को लेकर लौट गए।

नगर पंचायत मगहर की रहने वाली युवती की शादी बिहार के पटना जनपद के फतुहा क्षेत्र के एक गांव में तय हुई थी। रविवार को शादी होनी थी। वर पक्ष के लोग रविवार देर शाम बरात लेकर मगहर आए।

### भड़के लड़की वाले, दोनों पक्षों में हुई तकरार

### पुलिस और लोगों के हस्तक्षेप से थमा विवाद

वधू पक्ष के लोगों ने बरातियों की खातिदारी की। धूमधाम से द्वारपूजा का रस्म हुआ।

वैवाहिक कार्यक्रम की प्रक्रिया धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी। उसके बाद जब दूल्हा मड़वे में विवाह कार्यक्रम के लिए पहुंचा, इस बीच लड़की के पिता ने जेवर दिखाने की बात सामने रखी। दूल्हे के पिता व अन्य लोगों ने जेवरात दिखाया। जैसे ही दुल्हन के पिता व अन्य लोगों ने जेवरात को देखा तो वे भड़क गए।

दुल्हन के पिता ने बताया कि वर पक्ष के लोगों ने उन्हें ठग लिया। सोने-चांदी की जेवरात की जगह नकली जेवरात दिखा कर उसकी बेटी से शादी करना चाहते थे। उन्होंने बेटी का विवाह करने से इन्कार कर दिया तो वर पक्ष के लोग भी नाराज हो गए। वर और वधू पक्ष के लोगों के बीच विवाद शुरू हो गया।

किसी ने इसकी सूचना डायल 112 नंबर की पुलिस को दे दी। सूचना पर डायल 112 नंबर की टीम के साथ मगहर चौकी प्रभारी विजय कुमार दूबे भी पहुंच गए। पुलिस और गणमान्य लोगों ने हस्तक्षेप किया। शादी नहीं होने पर दोनों पक्ष सहमत हो गए। उसके बाद बिना शादी हुए ही वर पक्ष के लोग बरात लेकर बिहार चले गए।

# युवती की पिटाई पर तीन भाइयों पर केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के तेनुहारी सोयम में जमीन विवाद में कुछ लोग घर में घुस कर युवती की पिटाई कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने इस मामले में तीन सगे भाइयो पर केस दर्ज किया।

तेनुहारी सोयम गांव की रहने वाली नीतू विश्वकर्मा पुत्री बृजेश विश्वकर्मा का आरोप है कि 26 नवंबर की रात नौ बजे जमीन विवाद में पट्टीदार शिवम प्रकाश विश्वकर्मा अपने भाई श्रीप्रकाश और सत्य प्रकाश के साथ उसके घर में घुस आए। उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर लोग उसे लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि शिवम प्रकाश, श्रीप्रकाश और सत्य प्रकाश पर घर में घुस कर मारने-पीटने, अपशब्द कहने और जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-11-2022

# सरस्वती विद्या मंदिर बी टीम ने एक को हराया



नेहरू स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हॉकी खिलाड़ी।

**प्रतियोगिता**

गोण्डा, संवाददाता। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी समारोह में सोमवार को नेहरू स्टेडियम में जिला स्तरीय हाकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलें में सरस्वती विद्यामंदिर बी टीम ने सरस्वती विद्यामंदिर ए टीम को 4-3 के अंतर से पराजित किया।

खेल का शुभारंभ एएसपी शिवराज ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की सीख के साथ किया। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनीता कन्नौजिया ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। विजेता टीम को आरटीजीएस के माध्यम से पुरस्कार राशि भुगतान की जाएगी। वहीं सौ मीटर रेस में निशांत सोनकर, शिवम कुमार, उमाशंकर कुमार तथा 2 सौ मीटर रेस में निशांत, शिवम यादव, अनुभव तिवारी विजेता रहे।

खेलों में खलील अहमद, मो यूनुस खान, अहमद अब्बास, सूफियान, देवेन्द्र कुमार, लईक आलम, आद का सहयोग रहा।

# खाद्यान्न घोटाले के पुलिस की जांच पर टिकीं निगाहें

गोण्डा, संवाददाता। खाद्यान्न घोटाले के पुलिसिया जांच पर अब लोगों की टिक गई हैं। यह घोटाला वजीरगंज में संचालित क्रय केन्द्र परसिया पर पाया गया था। गनीमत बस इतनी रही थी पकड़े गए मामले का स्वरूप कुछ छोटा पाया गया है। प्रकरण के गंभीरता के कारण इसे आगे चलकर बड़े घोटाले की शक्ल अख्तियार कर लेने की आशंका भी उपजी हुई है। लोग सवाल कर रहे हैं कि धान खरीद के नोडल अधिकारी विशेष सचिव को ये कमी दिखाई पड़ गई उन्होंने मामले को पकड़ लिया मगर जिले में केन्द्रों का रोजाना सत्यापन करने वाले अफसरों की निगाह इसपर क्यूं नहीं पड़ी।

**गहराई दो तरह की आशंकाएं :** परसिया क्रय केन्द्र से नदारद पाए गए 316 बोरी धान के प्रकरण की कलई खुल जाने के बाद से जानकार इसे दो तरह के कयास लगा रहे हैं। पहली आशंका इस बात की है कि कहीं केन्द्र पर खरीद चल ही नहीं रही हो बल्कि इसके लिए धान की खरीददारी कहीं दूर बैठे बिचौलिए करके चावल मिलों को पहुंचा रहे हों। और दूसरी तरह की आशंका इस बात की है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि धान की खरीद सिर्फ कागजो में चलाई जा रही हो और बाजार से लाए गए चावल को केन्द्रीय पूल के हवाले करने की तैयारी चल रही हो। ऐसा करने पर क्रय केन्द्र से सम्बन्धित चावल मिल तक धान पहुंचाने के भाड़े समेत धान की कुटाई आदि की बचत भी की जा रही है। मामले की जांच कर रहे एसएसआई आरबी पासवान ने बताया कि केन्द्र प्रभारी ने किसानों से आफलाइन खरीद की बात कही। इसकी रसीद मंगलवार को दिखाने की बात कही है।

## विभाग को बढ़ानी पड़ेगी निगरानी

विभाग को जिले में संचालित सरकारी धान खरीद केन्द्रों की निगरानी बढ़ानी होगी। देखते रहना होगा कि खरीद किसानों से की जा रही है या नहीं। और फिर खरीदा जाने वाला धान केन्द्रों से चावल मिलों के लिए जा रहा है या नहीं।

कभी फोन कर ओटीपी मांगकर तो कभी बैंक अफसर बन खाते से रकम पार कर रहे साइबर ठग, वीडियो से भी करते ब्लैकमेल

# रहें होशियार, नहीं तो हो जाएंगे ठगी का शिकार

**पड़ताल**



- आनलाइन सिस्टम से बढ़ रहा है साइबर अपराध का ग्राफ
- आनलाइन ठगी के लिए नई - नई जुगत अपना रहे हैं ठग

गोण्डा, संवाददाता। ऑनलाइन के बढ़ते सिस्टम से साइबर अपराध भी बढ़ा है। होशियार न रहे तो निश्चित ही आनलाइन ठगी के शिकार हो जाएंगे। ठगी के लिए अपराधी नए - नए तरीके भी अपना रहे हैं। कभी फोन कर ओटीपी मांगकर तो कभी बैंक अफसर बन सारा डिटेल पताकर खाते की धनराशि में सेंध लगा रहे हैं। साइबर अपराधियों पर नियंत्रण के लिए दो साल पहले जिले में साइबर थाने की शुरुआत हुई है। अब तक लगभग पांच दर्जन मामले दर्ज भी हुए हैं। सबसे बड़ी बात तो यह है कि पुलिस ने अब तक लगभग 15 लाख रुपयों की रिकबरी भी करा चुकी है। फिलहाल जागरुकता ही साइबर अपराधियों का शिकार होने से बचा सकती है।

साइबर अपराध के लिए ठग कोई एक तरीका नहीं आजमा रहे हैं। हाल ही में कौड़िया थाना क्षेत्र के भैरमपुर निवासी लखन लाल मिश्रा का फोन पे से 20 हजार रूपये ठग लिए गए। जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद वापस कराया। ऐसे नगर कोतवाली के गायत्रीपुरम निवासी सुनील मिश्रा ने ओटीपी शेयर कर दिया था। जिसके बाद उनके खाते से तीन लाख रुपये निकल गए थे। जिसे पुलिस ने लौटवाया। ऐसे कई प्रकार से ठग लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं।

**सिम कार्ड फ्रॉड :** अनजान नम्बर से काल आने पर सावधान रहने की जरूरत है। अपराधी आजकल सिम स्वैप कर बैंक खाते से पैसा निकाल ले रहे। जिसमें कॉल करके कस्टमर को बताया जाता है कि ये कॉल कस्टमर केयर की तरफ से हैं, नेटवर्क प्रॉब्लम है जिसे अपडेट करने के लिए यूजर से कोई बटन (नंबर को दबाने को कहा जाता है और आपका सिम स्वैप हो जाता है। ऐसे कॉल से बचें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे सिम कम्पनी के कस्टमर केयर के नम्बर पर ही सम्पर्क करें।

**बीमा पालिसी, चिट फण्ड, लॉटरी व जॉब सम्बन्धित फ्राड :** ऑनलाइन के बदलते समय में फ्राड के तरीकों में नया नया बदलाव भी आ रहा है। विज्ञापन का सत्यापन करने के पश्चात ही आवेदन करें। ऐसे जॉब आफर लिंक जिसके लिए आवेदन नहीं किया है उसको ओपन न करें। लाटरी, जॉब प्राप्त करने जैसे लुभावने स्कीम के लालच में न आये। कम समय में पैसा डबल करने जैसे लुभावने स्कीम के लालच में न आये।

**लोन एप फ्रॉड :** सस्ते एवं आसान लोन के लालच में प्ले स्टोर से कोई भी लोन एप डाउन न करें, क्योंकि ये एप आसानी से लोन देकर आपके फ़ोन का निजी डेटा ले कर आपको अत्यधिक ब्याज चुकाने के लिए आपके रिश्तदारों एवं मित्रों को परेशान करते है। लोन हमेशा अधिकृत बैंक से ही ले। अनाधिकृत लोन एप से बचें।

**एप पर समान खरीदने व बेचने से सम्बन्धित फ्रॉड :** कोई व्यक्ति आपके सामान को खरीदने के लिए ऑनलाईन पेमेंट करने को बोले तो पेमेंट करने से बचे। सेना के जवान बनकर सामान बेचने वाले व्यक्ति का वेरीफिकेसन जरुर करें, डिलीवरी मिलने से पहले कोई भी पेमेंट न करे। सस्ते के लालच में किसी खाते में एडवांस पेमेंट न करें।

**सोशल मीडिया सम्बन्धित फ्रॉड :** सोशल नेटवर्किंग साइट पर अपनी व्यक्तिगत सूचनाओं को कम से कम साझा करें। अपना पासवर्ड किसी भी व्यक्ति से शेयर कदापि न करें। सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 2 स्टेप वेरिफिकेशन आन रखें। अपने मोबाइल नंबर, मेल एवं मित्रों की सूची छिपा कर रखें। प्रोफाइल लॉक रखें।

**वाट्सएप से सम्बन्धित फ्रॉड :** वाट्सएप पर अज्ञात महिला/व्यक्ति का वीडियो कॉल कतई स्वीकार न करें। यदि आप का अश्लील वीडियो किसी ने बना लिया है एवं आपसे सम्बन्धित लोगों को इस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पैसे की माँग की जाती है तो बिना घबराये उस नंबर को ब्लाक करें एवं किसी धमकी से डर कर पैसे नही दें। किसी भी व्यक्ति को अपने व्हाट्सप का बारकोड स्कैन करने न दे और न ही किसी अनजान व्यक्ति का भेजा हुआ बारकोड स्कैन करें।

**बिजली कटौती के नाम पर फ्रॉड :** साइबर अपराधी आपके पास मैसेज भेज रहे कि आज आपकी बिजली कट जाएगी। कनेक्शन जारी रखने के लिए दिए गए नंबर पर सम्पर्क करें। जैसे ही आप दिए गए नंबर पर कॉल करते हैं वो आपसे आपका बिजली बिल का एकाउंट नंबर मांगेगा और आपको 20 रु का एडवांस पेमेंट करने को कहेगा, उसके लिए आपको प्ले स्टोर से विद्युत क्विक सपोर्ट एप डाऊनलोड करने को बोलेगा, सर्च में आपको डाऊनलोड करवा के आपका मोबाइल का कंट्रोल अपने पास लेकर आपका खाता खाली कर देगा। इसलिए सावधान रहें। बिजली विभाग इस तरीके का कोई मैसेज नहीं भेजता है।

**फोन कॉल बैंकिंग फ्रॉड :** बैंक ग्राहकों को बैंक खाता/एटीएम बन्द हो गया है या आपका नंबर पुनः रजिस्टर कराने के लिए क्या आप इसे चालू रखना चाहते हैं, इस तरह के फोन कॉल से बचे। बोनस प्वाइंट, रिवार्ड प्वाइंट, कैशबैक, केवीसी आदि लुभावने ऑफर के लालच में अपने बैंक डिटेल फोन पर शेयर न करें। अपने फोन पर आये ओटीपी को किसी से साझा करें।

### एटीएम कार्ड फ्रॉड

एटीएम कार्ड किसी भी अन्य व्यक्ति को न दें और न ही किसी से सहायता ले। एटीएम बूथ के अन्दर पैसा निकालते समय पिन हमेशा अपनी हथेली से छिपाकर डालें। जब भी पैसा निकालने जाये किसी अन्जान व्यक्ति को बूथ के अन्दर न प्रवेश करने दें। एटीएम वहीं प्रयोग करे जहाँ गार्ड मौजूद हो।

### डेबिट / क्रेडिट कार्ड स्वाइप फ्रॉड

कार्ड स्वैप मशीन का प्रयोग स्वयं करें। किसी अन्य व्यक्ति को स्वैप करने के लिए न दे। शापिंग मॉल, होटल, पेट्रोल पम्प पर इस्तेमाल करते समय हिडन कैमरा का विशेष ध्यान रखें। स्वैप मशीन के अलावा किसी अन्य डिवाइस पर कार्ड स्वैप न करें।

### बायोमैटिक फ्रॉड साइबर

अपराधी आपके अंगूठे का क्लोन बनाकर के पैसा निकाल ले रहे है। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अंगूठा किसी भी फार्म पर लगाकर मत दें। ग्राहक सेवा केन्द्र पर आधार पेमेन्ट के माध्यम से पैसा निकालते समय अपने अंगूठे का इस्तेमाल सावधानी पूर्वक करें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न करें।

### यूपीआई फ्रॉड

मोबाईल फोन पर अज्ञात यूपीआई लिंक कदापि ओपन न करें। किसी के कहने पर कोई भी लिंक या मैसेज किसी अन्य मोबाईल नम्बर पर फारवर्ड न करें। अपना यूपीआई पिन किसी अनजान यूपीआई लिंक पर न डाले। यूपीआई( गूगल पे, फोन-पे या पेटीएम) पिन का प्रयोग करने से व क्यूआर कोड स्कैन करने से पैसे आपके ही खाते से कटते हैं। किसी से पैसा लेने के लिए कभी पिन की आवश्यकता नहीं होती। किसी फोन कॉल पर किसी के कहने से अपना पिन डालकर बैलेंस न चेक करें। कस्टमर केयर नम्बर गूगल से सर्च न करें।

### अपने साथ ठगी होने पर साइबर थाने में करें शिकायत

गोण्डा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे लोग जो ऑनलाइन माध्यम से ठगी के शिकार हो गए हैं। ठगी के शिकार लोग 1030 और साइबर सेल में शिकायत 24 घंटे के भीतर दर्ज कराए। साइबर थाना प्रभारी सत्य प्रकाश यादव ने बताया कि ऑनलाइन शिकायत करने के साथ ही पीड़ित के बैंक को सूचना भेजी जाती है और साइबर सेल में भी शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की जाती है। उन्होंने कहा कि अनजान व्यक्ति फोन कर बैंक कर्मी बनकर ओटीपी मांगता है। लोग बैंक कर्मी समझ उसे बता देते हैं। ओटीपी बताने के साथ ही ग्राहक के खाते से रकम ट्रांसफर कर लेते हैं। ऐसे फ्राड से बचने के लिए अनजान व्यक्ति के फोन पर कोई जानकारी न दे।

> जागरुकता से ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है। पुलिस लगातार जागरुकता अभियान चला रही हैं। वहीं शिकायत मिलने पर साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी जाती है। पीडितों के ठगे धन की रिकबरी भी कराई जाती है।
>
> -शिवराज, अपर पुलिस अधीक्षक



मिश्रौलिया ओवरब्रिज के रेलवे वाले हिस्से के निर्माण को गति देने के लिए रूट डायवर्जन लागू किया

# क्रासिंग से सिर्फ दोपहिया वाहन गुजरेंगे

**ट्रैफिक व्यवस्था**

गोण्डा, संवाददाता। मिश्रौलिया क्रासिंग पर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर रेलवे के हिस्से का पुल का निर्माण शुरू होने की वजह से वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है। चार महीने तक इस क्रासिंग से दो पहिया वाहन की गुजर सकेंगे। सीओ ट्रैफिक ने बताया कि निर्माण कार्य के चलते यहां से अन्य वाहन नहीं गुजर सकेंगे। इसी वजह से रूट डायवर्जन किया गया है। उधर, प्रशासन ने तय वक्त में ओवरब्रिज का निर्माण पूरा करने की हिदायत दी है।

बहराइच-गोंडा के बीच आने-जाने वालों वाहनों को चार महीने रूट बदलकर आना होगा। मिश्रौलिया रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के रेलवे पोर्शन निर्माण शुरू हो गया। इस वजह से दो पहिया वाहनों को छोड़ कर अन्य सभी वाहनों के लिए रूट डायवर्जन रहेगा। ओवरब्रिज के निर्माण को गति देने के लिए चार माह तक रूट डायवर्जन रहेगा। अब मिश्रौलिया चौकी से बहराइच रोड की तरफ वाहन सीधे नहीं जा सकेंगे। वहीं बहराइच की ओर से आने वालों वाहनों को भी बदले रूट से आवाजाही करनी पड़ेगी। ओवरब्रिज निर्माण की धीमी गति की वजह से लंबे समय से क्रासिंग से भारी वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया था। छोटे वाहन क्रासिंग से होकर गुजर रहे थे। नया डायवर्जन प्लान लागू होने के बाद बड़ी आबादी को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, ओवरब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद मुख्यालय से बहराइच के बीच की राह आसान हो जाएगी।



> मिश्रौलिया चौकी के पास अब ओवरब्रिज के रेलवे पोर्शन का निर्माण होना है। इसलिए यहां से गुजरने वाले वाहनों का रूट मंगलवार से चार महीने के लिए डायवर्ट कर दिया गया है। केवल दो पहिया वाहन ही आ जा सकेंगे।
>
> -मुन्ना उपाध्याय, सीओ ट्रैफिक

**डायवर्जन रूट बनाने को मिट्टी की पटाई:** रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए क्रासिंग के पश्चिम दिशा सड़क के किनारे मिट्टी पाटी है। वहां मौजूद कर्मियों ने बताया कि ओवरब्रिज निर्माण के लिए वाहनों की आवाजाही सुगम करने के लिए डायवर्जन रूट बनाया जा रहा है। इस संबंध में पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के प्रवक्ता महेश गुप्ता ने बताया कि ओवरब्रिज का निर्माण तय समय में पूरा करने के निर्देश रेलवे के आला-अफसरों ने दिए हैं।

### ऐसे होगा डायवर्जन

- आर्यनगर चौराहे से गोण्डा होकर बलरामपुर व बस्ती जाने वाले सभी वाहन आर्यनगर चौराहे से कटरा, चौरी चौराहा के रास्ते जाएंगे। वहीं आर्यनगर चौराहे से खरगूपुर के रास्ते इटियाथोक से अपने गन्तव्य को जा सकेंगे।
- मिश्रौलिया से बहराइच के रास्ते लखनऊ की ओर जाने वाले समस्त वाहन डीजल डिपो, अम्बेडकर चौराहा होकर चौरी चौराहा होते हुए जाएंगे।

# दुष्कर्म के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

**संसू, गोंडा** : विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट नासिर अहमद ने दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। विशेष लोक अभियोजक कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि वादिनी मनकापुर के एक गांव में अपने बुआ के घर गई थी। यहां उसकी मुलाकात हरिश्चंद्र मौर्य से हुई। आरोपित ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया फिर शादी से इन्कार कर दिया। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा कराया था। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट ने अभियुक्त हरिश्चंद्र मौर्य की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

**छापेमारी** : जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव ने कर्नलगंज की दस उर्वरक, बीज व कृषि रक्षा रसायन की दुकानों पर छापेमारी की।

# भूमि विवाद के निस्तारण मे लापरवाही बन रही बवाल-ए-जान

धनंजय तिवारी • गोंडा

जिले में भूमि विवाद की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। जिम्मेदार इसके निस्तारण को लेकर लापरवाही कर रहे हैं। भूमि विवाद का निस्तारण न होने से परेशान पीड़ित आत्महत्या करने का प्रयास कर रहे हैं। इतना ही नहीं जमीन विवाद को लेकर बम भी चल चुके हैं और जान भी जा चुकी है। समाधान दिवस से लेकर अधिकारियों के यहां भूमि विवाद के निस्तारण के लिए भटकते रहते हैं लेकिन, समस्या का निदान नहीं नहीं हो पा रहा है। गत छह माह में नौ सौ से अधिक भूमि विवाद के मामलों की शिकायतें दर्ज की चुकी हैं लेकिन, करीब 100 का ही निस्तारण हो सका है।



**केस 1** आठ अक्टूबर को डीएम आवास के सामने कोतवाली देहात के नरौरा अर्जुन के रहने वाले राम गोपाल ने आत्मदाह करने का प्रयास किया था। पुलिस ने पकड़ लिया था। राम गोपाल की शिकायत थी कि उसकी जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। जमीन की नाप कराकर कब्जा दिलाया जाए। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का निस्तारण न किए जाने पर उसने आत्मदाह का प्रयास किया।

**केस 2** गत 15 अक्टूबर को सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों के सामने बनकासिया शिवरतन सिंह गांव के रहने वाले विजय पाल सिंह ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। शिकायत थी कि गांव में बंजर भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। उसकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप था कि अधिकारी उसका निराकरण नहीं करा रहे हैं।

**केस 3** धानेपुर के श्रीनगर बाबागंज में जमीन व रुपये के लेनदेन को लेकर सप्ताह भर पूर्व मारपीट हो गई थी। इसमें वृद्ध प्रहलाद चोटिल हो गया था। बाद में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके पूर्व देहात कोतवाली के खिरौरा मोहन गांव में भूमि विवाद को लेकर बम चले थे। इसमें चार लोग जख्मी हो गए थे। आरोप है कि पुलिस ने इन मामलों में गंभीरता नहीं दिखाई।

**केस 4** नगर कोतवाली के जानकी नगर मिश्रौलिया के रहने वाले बसंत तिवारी का भूमि विवाद चल रहा था। बसंत का आरोप था कि विपक्षी उसकी भूमि पर कब्जा करना चाह रहे हैं। इसी को लेकर उसे जान से मारने का प्रयास किया जा रहा है। गत 22 नवंबर को इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें बसंत निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज से कूद कर जाने देने का प्रयास करते नजर आ रहा है।

> समस्याओं के निस्तारण के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए है। भूमि विवाद के मामलों में राजस्व अधिकारियों व कर्मियों के साथ पुलिस टीम को भेजकर समस्या का निस्तारण कराया जा रहा है। पुलिस भूमि विवाद का निस्तारण अकेले नहीं कर सकती।
>
> **- आकाश तोमर, एसपी गोंडा**

********

# खेलकूद : शिवपूजन व सौरभ रहे अव्वल

**संसू, गोंडा :** जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष पर जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। 1500 मीटर दौड़ में शिवपूजन व गोला फेंक में सौरभ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंडर-20 के जूनियर वर्ग के 100 मीटर दौड़ में शेखर पांडेय प्रथम, दुर्गेश मौर्य द्वितीय व मुहम्मद सैफ तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में शिखर पांडेय पहले, योगेश कुमार सिंह दूसरे व शिव पूजन मौर्य तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में शिव कुमार शुक्ल प्रथम, शिवपूजन मौर्य द्वितीय व आदर्श सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में अंग्रेज यादव प्रथम, रामू गुप्ता द्वितीय व आदर्श सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1500 मीटर में शिवपूजन यादव प्रथम, अंग्रेज यादव द्वितीय व अभिषेक तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। लंबीकूद में राजन तिवारी पहले, शेखर तिवारी दूसरे व मुहम्मद सैफ तीसरे, ऊंची कूद में आदर्श सिंह पहले, समर्थ शुक्ल दूसरे व सतीश मौर्य तीसरे स्थान पर रहे। तिगड़ी कूद में सतीश मौर्य ने प्रथम, आदर्श सिंह ने द्वितीय व आबिद हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में सौरभ सिंह पहले, रवि प्रकाश मिश्र दूसरे व गौरव सिंह तीसरे, चक्का फेंक में आदर्श तिवारी को पहला, आबिद हुसैन दूसरे व अभिषेक तिवारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। भाला फेंक में शुभम प्रथम, आदर्श तिवारी द्वितीय व शेखर तिवारी तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-12 की 100 व 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में निशांत ने प्रथम प्राप्त किया। इससे पहले पूर्व अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक वाइसी शाह, उप क्रीड़ाधिकारी अशोक सोनकर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, हाकी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर की टीम-बी विजेता रही। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ एएसपी शिवराज ने किया। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनीता कनौजिया, मुहम्मद युनूस खान, मुहम्मद खलील अहमद, अहमद अब्बास, देवेंद्र कुमार, विशाल मौजूद रहे।



मैदान में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करतीं क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनीता कनौजिया ● जागरण



नेहरू स्टेडियम में दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी ● जागरण

# मारपीट में नौ लोग घायल, 15 पर मुकदमा



मारपीट में घायल कन्यावती, आदित्य व किशन ● जागरण

**संसू, नवाबगंज (गोंडा) :** भूमि विवाद में दो गांवों में हुई मारपीट में नौ लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ मुकदमा किया है।

अशोकपुर भैरवपुरवा की लालमती ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि जमीनी विवाद में विजय प्रताप, सुशील, निरंजन व निखिल लाठी डंडे से लैस होकर दरवाजे पर आकर और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारा-पीटा। बीच बचाव कराने आई रुबी, किरन व विजय को भी पीटा। जान से मारने की धमकी दी। उमरिया सिंगहा पुरवा की लक्ष्मी शर्मा ने कहा कि पुराने विवाद को लेकर गांव के ही सुग्रीव मौर्य, कमलेश, चांदनी व सोनम ने लाठी-डंडे मारा पीटा।वहीं, रामापुर डड़वा के पवन कुमार पांडेय ने एफआइआर कराई है। उन्होंने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही मनोज कुमार उर्फ संतोष, किशन व कन्यावती ने घर में घुसकर अभद्रता करते हुए लाठी डंडे से मारा पीटा व जानमाल की धमकी दी। इससेसे उसका सिर फट गया। वहीं, दूसरे पक्ष से किशन पांडेय ने पवन कुमार पांडेय, राजकुमार पांडेय, बालकृष्ण व विकास से मारपीट का आरापे लगाया है। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि दोनों मामलों में आठ आरोपितों पर मुकदमा किया गया है।



घायल पवन कुमार पांडेय ● जागरण

## जमीन विवाद में मारपीट

संसू, खरगूपुर (गोंडा) : ग्राम पंचायत नौशहरा में भूमि पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा किया है।गांव के पंकज कुमार पांडेय व उनके चाचा द्वारिका प्रसाद पांडेय के बीच भूमि विवाद चल रहा है। सोमवार को कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी डंडे चला।मारपीट में पंकज कुमार, बिट्टा देवी, गीता देवी व सुधा घायल हो गईं। वहीं, दूसरे पक्ष के द्वारिका पांडेय, चंद्रावती, वशिष्ठ मुनि और आलोक घायलहैं।पुलिस ने दोनों की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# बच्चे से किया कुकर्म, रिपोर्ट दर्ज

कटरा बाजार (गोंडा)। थाना क्षेत्र कटरा के एक गांव में (5) वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके पांच वर्षीय बेटे के साथ गांव के ही एक किशोर ने कुकर्म किया। पिता ने बताया कि सोमवार को उसके बच्चे को आरोपी बहला फुसलाकर कुछ ले गया, और उसके साथ कुकर्म किया। बेटे ने घर आकर पूरी बात बताई तो रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक [illegible] कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर ली गई है। संवाद

## युवती भगाने में आरोपी पर केस

मनकापुर (गोंडा)। बहला फुसला कर बहन को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। युवती के भाई की तहरीर पर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के भाई ने सोमवार को कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में कहा कि उसकी बहन (19) को शनिवार शाम 5 बजे सुनील निवासी अंबापुर बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। तलाश की गई, लेकिन पता नहीं लग सका। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट जाकिर अहमद ने नवाबगंज थाना क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। विशेष लोक अभियोजक एससी/एसटी एक्ट कृष्ण प्रताप सिंह ने बताया कि नवाबगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने एक युवक पर शादी के बहाने दुष्कर्म करने का आरोप लगा थाने में केस दर्ज कराया था। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट जाकिर अहमद ने आरोपी की अर्जी खारिज कर दी। (संवाद)

# दुकानों व रास्तों पर लगवाएं सीसीटीवी

रुपईडीह (गोंडा)। थानाध्यक्ष कौड़िया विद्यासागर पांडेय ने सोमवार को क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ थाना परिसर में बैठक के दौरान कही। उन्होंने दुकानों, मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा ग्राम प्रधानों से डीपीआरओ से वार्ता कर गांव के मुख्य मार्गों, एक-दूसरे ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाली सड़कों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए प्रेरित किया। (संवाद)

# महिला को परिजनों को सौंपा, प्रेमी को जमानत

मोतीगंज (गोंडा)। थाना क्षेत्र निवासिनी दो बच्चों की मां अपने प्रेमी संग फरार हो गई थी। महिला के पति ने पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। चार दिन बाद वह अपने घर लौट आई। पुलिस ने प्रेमिका को परिजनों को सौंप दिया, जबकि प्रेमी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे जमानत मिल गई।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाने में चार दिन पहले दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 24 नवंबर को आरोपी उसकी पत्नी को भगा ले गया। पत्नी अपने साथ ज्वैलर्स की दुकान में रखा 5 लाख नकदी व 50 ग्राम सोना भी अपने साथ ले गई थी। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि आरोपी को प्रेमिका के संग पकड़ा गया है। (संवाद)

# जिलाधिकारी से जांच की मांग

गोंडा। मजार पर बैठने व फातिया पढ़ने के विवाद में उपजिलाधिकारी के प्रत्यावेदन निस्तारण से असंतुष्ट पक्षकार ने जिलाधिकारी से जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

टिकुलहनपुरवा निवासी मुकद्दर अली ने कहा कि सैयद शाह बाबा के पास बैठने व फातिया पढ़ने को लेकर विवाद था। संवाद

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-11-2022

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

महाराजगंज तराई। वांछित अभियुक्त शिवचरन डीह निवासी राम गुलाम पुत्र सुकाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया अभियुक्त विभिन्न धाराओं में आरोपित है। सुनवाई कोर्ट में चल रही है। वांछित कोर्ट की तारीख में हाजिर न होने पर कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था।

---

# एंटी रोमियो टीम मनचलों पर कस रही शिकंजा

**मिशन शक्ति**

बलरामपुर, संवाददाता। बेवजह घूम रहे युवकों से एंटी रोमियो टीम पूछताछ करें। उन्हें समझा-बुझाकर छोड़ दें। अगर उनकी शिकायत मिलती है तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। यह बातें क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार ने कही।

सीओ सोमवार को महिलाओं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नारी सुरक्षा व सम्मान के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड टीम मंदिर में भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। थाना कोतवाली नगर प्रभारी



महिलाओं छात्राओं को कानून की जानकारी देती पुलिस टीम।

निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है। महिलाएं व छात्राएं बेझिझक हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना देकर सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक सैयद खादिम सज्जाद, श्रवण कुमार वर्मा, चालक संजय कुमार, अजीत कुमार सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना सादुल्लाह नगर पुलिस ने 700 ग्राम गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया है। यह जानकारी देते हुए उपनिरीक्षक हरे कृष्ण उपाध्याय ने बताया कि कांस्टेबल अनिल सिंह, आरक्षी रत्नेश यादव, विकास राज के साथ सगन चेकिंग अभियान क्षेत्र में चलाया जा रहा था। ऐदहा निवासी सोहेल बंजारा पुत्र गुड्डू को 700 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

बलरामपुर। थाना तुलसीपुर पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। निरीक्षक रोहित प्रसाद ने बताया कि कांस्टेबल विजय कुमार पांडेय, नीरज कुमार के साथ जमशेर को गिरफ्तार किया गया है।

# कच्ची शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब के साथ मंगलेश पुत्र जिया लाल को गिरफ्तार किया है। उतरौला सीओ उदयराज सिंह ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से पता चला था कि एक व्यक्ति अवैध शराब बिक्री के लिए मनकापुर रोड की ओर जा रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# 39 वाहनों का कटा ई-चालान, वसूला समन शुल्क

बलरामपुर। यातायात पुलिस ने 39 वाहनों का ई-चालान कर 28500 रुपया समन शुल्क वसूला है। यह जानकारी क्षेत्राधिकारी यातायात ज्योति श्री ने दी है। उन्होंने बताया कि लोगों को अभियान चलाकर यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। अनुपालन न करने वालों को चालान कर समन शुल्क वसूला जा रहा है। अभियान लगातार चलता रहेगा।

## 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार

**बलरामपुर :** उतरौला कोतवाली की पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि मंगेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

## 81 वाहनों का चालान

**बलरामपुर :** यातायात माह के तहत यातायात पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर ।81 वाहनों का चालान कर 53600 रुपये जुर्माना वसूला। पुलिस टीम ने वाहनों को सीट बेल्ट प्रयोग करने व बाइक सवारों को हेल्मेट लगाने के लिए प्रेरित किया। (संसू)

# पुलिस हर कदम साथ, ताकि सुरक्षित हो यातायात

सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए पुलिस व यातायात विभाग कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों को जागरूक करने के साथ ही पुलिस उन्हें सबक भी सिखाती है। वाहनों की नियमित जांच कर बिना हेल्मेट व सीट बेल्ट के गाड़ी चलाने वालों का चालान भी किया जाता है। हाईवे हो या गांव की सड़क, दुर्घटना होने पर पीआरवी की टीम घायलों को अस्पताल पहुंचाने में सक्रियता से योगदान करती है। फिर भी कुछ खामियों व वाहन चालकों की मनमानी से सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रहा है। यातायात नियमों की अनदेखी से दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। सड़क सुरक्षा को लेकर दैनिक जागरण के प्रतिनिधि श्लोक मिश्र की पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना से बातचीत के कुछ अंश :



राजेश कुमार सक्सेना, पुलिस अधीक्षक

## साक्षात्कार

**सवाल : राष्ट्रीय राजमार्ग 730 बहराइच पर पीलीभीत गांव व धुसाह मोड़ के पास ओवरलोड वाहनों से यातायात सिपाही वसूली करते हैं। क्या इस पर कोई कार्रवाई की गई।**

**जवाब** : इस प्रकरण में वसूली की कोई सूचना हमारे पास नहीं है। पीलीभीत गांव के आसपास यातायात पुलिस की ड्यूटी नहीं लगती है। इस माह में स्पीड चेकिंग, रिफ्लेक्टर लगाने व लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान के तहत यातायात पुलिस की टीम कई जगहों पर गई है।

**सवाल : हाईवे पर रात के समय पीआरवी ड्यूटी की क्या स्थिति है।**

**जवाब : पीआरवी के रूट निर्धारित हैं। रात में पीआरवी निर्धारित स्टापेज पर रहती है। किसी शिकायत या घटना होने पर वहां से लोकेशन पर जाने के लिए मूव कर जाती है। इसके अतिरिक्त संवेदनशीलता के आधार पर पीआरवी भ्रमणशील रहती है।**

**सवाल** : नेक मददगार योजना के तहत घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों का विवरण दर्ज होता है या नहीं। इस वर्ष ऐसे कितने लोगों की सूची बनाई गई है।

**जवाब** : नेक मददगार योजना के तहत दुर्घटनाग्रस्त लोगों की मदद करने के लिए आमजन को जागरूक किया जाता है। इस वर्ष इस प्रकरण में कोई सूचना दर्ज नहीं कराई गई है।

**सवाल : दुर्घटना में मृतकों के परिवारजन को प्रतिकर दिलाने में पुलिस की क्या भूमिका रहती है।**

**जवाब** : दुर्घटना के संबंध में थानाध्यक्ष द्वारा तहसील स्थित दुर्घटना प्रतिकरण प्रकोष्ठ में सूचित किया जाता है। शेष कार्यवाही तहसील स्तर पर होती है।

**सवाल : सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पुलिस विभाग ने किन महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया है।**

**जवाब** : सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया गया है। इसमें ब्लैक स्पाट चिह्नीकरण, ब्लैक स्पाट के निकट सीसी कैमरे की व्यवस्था, ई-रिक्शा का रूट निर्धारण, दोपहिया वाहनों के लिए हेल्मेट व चार पहिया के लिए सीट बेल्ट एवं लाइसेंस की अनिवार्यता, बड़े चौराहों पर सीसी कैमरे से मानीटरिंग, माल वाहक गाड़ियों व सभी वाहनों का फिटनेस चेक आधारित चालान शामिल हैं।

# 700 ग्राम गांजा बरामद

**बलरामपुर :** सादुल्लाहनगर थाना की पुलिस ने 700 ग्राम गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक हरि कृष्ण उपाध्याय ने बताया कि ऐहदा निवासी सोहेल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# एलन मस्क को दिया ऐसा जवाब लोग बोले– छा गई यूपी पुलिस

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ:** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। ट्विटर के मालिक बनने के बाद से तो वह कुछ ज्यादा ही ट्रेंड में बने हुए हैं। उनके ट्वीट भी खासी सुर्खियां बटोरते हैं। इधर, उनके एक ट्वीट पर यूपी पुलिस का जवाब भारी पड़ा है। मस्क को दिया गया यूपी पुलिस का जवाब इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है और वाहवाही भी लूट रहा है।

दरअसल, एलन मस्क ने एक ट्वीट में पूछा था कि अगर मैं ट्वीट करता हूं, तो क्या वह काम के रूप में गिना जाता है? यानी कि क्या उनका ट्वीट काम के रूप में गिना जाता है। दुनिया भर के लोग तो इस पर जवाब दे ही रहे हैं लेकिन इन सबके बीच यूपी पुलिस के एक ट्वीट ने कुछ ज्यादा ही चर्चा बटोरी। मस्क के ट्वीट पर जवाब देते हुए यूपी पुलिस के ट्विटर हैंडल पर लिखा गया कि 'अगर यूपी पुलिस एक ट्वीट पर आपकी समस्याओं को हल करती है, तो क्या वह काम के रूप में गिना जाता है? यूपी पुलिस ने हैशटेग लगाकर ट्विटर सेवा यूपीपी भी लिखा और एलन मस्क को टैग भी कर दिया। यूजर्स को यूपी पुलिस का जवाब इतना पसंद आया कि उन्होंने यूपी पुलिस की तारीफ के पुल बांध दिए। यूजर्स ने लिखा छा गई यूपी पुलिस। किसी ने लिखा कि विनोदी यूपी पुलिस अब अंतरराष्ट्रीय हो गई।

# तेंदुए को पकड़ने के लिए पांच गांवों में विशेष निगरानी

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** भांभर रेंज के मजगवां गांव में तेंदुए के हमले से एक बालक की मौत के बाद वन विभाग ने सक्रियता बढ़ा दी है। पांच गांवों में विशेष निगरानी की जा रही है। इसके लिए टीमें लगाई गई हैं। गांव-गांव लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

**वन विभाग की टीम ने बनाई रणनीति**

**गांव-गांव लोगों को जागरूक कर रहे कर्मी**

सोमवार को प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सेम्मारन ने बताया कि भांभर रेंज में गत दिवस हुई घटना के बाद कैमरा लगाकर क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। पिंजरा लगाया गया है। इसके माध्यम से तेंदुए के मूवमेंट को पता करने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

वहीं गैसड़ी विधायक डॉ. एसपी यादव ने सोमवार को प्रभावित गांव पहुंचकर मृतक के स्वजन से मुलाकात की। कहाकि इससे पहले रमावपुर, विशुनपुर, कोड़र, पिपरा बेलभरिया, मड़नी, सेमरहवा गांव में भी तेंदुए की सक्रियता का मामला सामने आ चुका है। उन्होंने डीएफओ से तेंदुआ को पकड़ने के लिए विशेष प्रयास करने के साथ ही मृतक के स्वजन को मुआवजा दिलाने की मांग की है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य इरशाद आलम, नंद कुमार पांडेय व सफी उल्ला खां मौजूद थे। संवाद

# अपराध संक्षेप

# 700 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार

**गैड़ासबुजुर्ग (बलरामपुर)।** सादुल्लाहनगर के प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान ऐदहा निवासी सोहेल को पकड़ा गया। उसके पास से 700 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। (संवाद)

## ■ चार लोगों को दबोचा

**बलरामपुर।** तुलसीपुर पुलिस ने मारपीट सहित अन्य मामलों में आरोपी गदाखौवा निवासी सुहेल को गिरफ्तार कर लिया। उतरौला पुलिस ने मंगलेश को अवैध शराब के साथ धर दबोचा। वहीं, सियाराम यादव व मुनीजर यादव को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# 39 वाहनों का चालान

**बलरामपुर।** यातायात पुलिस ने जांच अभियान चलाया। इस दौरान 39 वाहनों का चालान कर 28 हजार रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूला गया। सीओ ज्योति श्री ने बताया कि इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया गया। लोगों को यातायात नियमों के बारे में बताया गया। (संवाद)

# ज्वॉइनिंग लेटर के नाम पर मांगे जा रहे रुपये

संवाद न्यूज एजेंसी

## रोजगार मेले में चयनित युवाओं ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**महराजगंज तराई (बलरामपुर)।** रोजगार मेले में नौकरी के लिए चयनित युवाओं से ज्वॉइनिंग लेटर के नाम पर रुपये मांगे जाने का मामला प्रकाश में आया है। युवाओं ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने कार्रवाई करने की बात कही है। बीते दिनों ब्लॉक मुख्यालय तुलसीपुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। मेले में 400 युवाओं ने रोजगार के लिए आवेदन पत्र जमा किए थे। इनमें से 210 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कंपनियों की ओर से नौकरी के लिए किया गया।

चयनित किए गए अक्रुमार ने बताया कि कंपनी की तरफ से बीते दिनों ज्वॉइनिंग लेटर देने के लिए 1550 रुपये खाता संख्या 20141715540 में मांगे गए। पैसा जमा करने के बाद ज्वॉइनिंग लेटर भेज दिया गया और दो दिन बाद मोबाइल पर संपर्क करने को कहा गया। दो दिन बाद जब दिए गए मोबाइल नंबर 7376847110 पर संपर्क किया तो नंबर बंद मिला।

इसी तरह राजेश कुमार साहू, विनय वर्मा व मनीष जायसवाल ने भी बताया कि उनसे इंटरव्यू के लिए पैसों की मांग की जा रही है। मोबाइल के जरिए यह कहा जा रहा है कि जब तक पैसा नहीं भेजोगे, तब तक इंटरव्यू नहीं लिया जाएगा। पैसे के लिए बार-बार दबाव बनाया जा रहा है।

इस संबंध में जिला सेवायोजन अधिकारी आशा वर्मा ने बताया कि युवाओं से यदि पैसा लिया गया है तो उसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# रैंकिंग में फिसड्डी पांच थानों के एसओ पर कार्रवाई की तलवार

**बलरामपुर।** पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम के आधार पर हुई रैंकिंग में फिसड्डी पांच थानों के प्रभारियों पर कार्रवाई की तलवार लटकने लगी है। एडीजी गोरखपुर से मिले निर्देश के क्रम में इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

एडीजी अखिल कुमार ने पुलिस के कामकाज की जानकारी सीधे आम जनता से हासिल करने के लिए यह व्यवस्था बनाई है। इसमें प्रति माह कराए जाने वाले थाना स्तरीय मूल्यांकन का परिणाम आने के बाद अब उसकी समीक्षा शुरू हो गई है।

इस आधार पर अब निर्देश जारी किए गए हैं कि आईजीआरएस व एफआईआर के योग के औसत में जो थाने टॉप फाइव में आ रहे हैं, उनके प्रभारियों को जनपदीय मासिक अपराध गोष्ठी में सम्मानित किया जाए।

लगातार तीन माह तक नीचे रहने वाले पांच थाना प्रभारियों को तत्काल हटाने का आदेश दिया गया है। यह जानकारी एडीजी के मीडिया सेल ने दी है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 29-11-2022

# कब्जा हटवाने की मांग को लेकर धरने पर बैठा परिवार

- 13 दिन पूर्व श्रमिक को घायल कर कब्जा किए जाने का लगाया आरोप
- बैनामा कराई गई भूमि का महिला के नाम हो चुका है नामांतरण


शहर के कलेक्ट्रेट स्थिति धरना स्थल पर परिवार सहित बैठी पीड़िता।

बहराइच, संवाददाता। बैनामा कराई गई भूमि पर 16 दिन पूर्व श्रमिक को मारपीट कर घायल कर अवैध कब्जा करने की शिकायत एसएसपी के यहां की गुरुवार को की गई थी। सोमवार से पीड़िता कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर परिवार सहित अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गई है। महिला व उसके परिजन भी शुक्रवार को धरने पर बैठे थे। पीड़िता का आरोप है कि कुछ पहुंच वालों के दवाब में उस पर व उसके पति पर ही केस दर्ज किया गया। यही नहीं शांति भंग की कार्रवाई की गई है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कार्यवाई न होने तक अनिश्चित कालीन धरना चलता रहेगा।

रामगांव थाने के जानीजोत गांव निवासिनी कंचन सिंह पत्नी संतोष कुमार सिंह ने दी गई शिकायत में उल्लेख किया है कि उसके पति संतोष कुमार सिंह ने नगर कोतवाली के घसियारीपुरा में उषा सक्सेना से एक प्लाट का बैनामा 17 अगस्त 2013 में कराया था। इसी से मिले प्लाट का बैनामा कंचन सिंह ने उर्मिला देवी से 16 अगस्त 2021 को कराया था। कंचन सिंह व संतोष सिंह की ओर से अलग -अलग खरीदे गए प्लाटों का उन दोनों लोगों के नाम नामांतरण भी हो चुका है। इन खरीदे गए प्लाटों में टिन शेड व बाउण्ड्रीवाल भी बनी है। 13 नवम्बर को वह, उसके पति संतोष सिंह, श्रमिक रामगांव थाने के भोपतपुर चौकी निवासी कैलाश पुत्र दुजई सफाई कर रहे थे। उसी दौरान अराजक तत्वों ने हमला कर उसको, उसके पति व श्रमिक को मारापीटा था। जिससे श्रमिक के सिर में चोट आई थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया। उल्टे उसके व उसके पति को नामजद कर कोतवाली में केस दर्ज किया गया। शांति भंग में भी कार्यवाई की गई थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था।

नगर कोतवाली के घसियारीपुरा निवासनी वंदना जायसवाल ने डीएम से शिकायत की है कि उसके पति की कैंसर से मौत हो चुकी है। उसके पति व जेठ संजय कुमार जायसवाल का संयुक्त परिवार है, जो अपनी पैतृक सम्पत्ति पर रह रहे हैं। भू-माफिया ने जालसाजी कर फर्जी कागजात के जरिए बैनामा किया था।

## छोटी सी सावधानी बचा सकती है लोगों की रकम, हर थाने पर कार्य कर रही साइबर डेस्क

# सावधान रहें, साइबर ठगों से बचें

**हि पड़ताल**

■ प्रमोद सोनी

बहराइच । आधुनिक संचार युग में सरकारी महकमों, निजी संस्थानों में ही नहीं वरन लगभग हर घर में इंटरनेट की पहुंच है। इंटरनेट लगभग हर व्यक्ति की जरूरत बन गई है। डिजिटल दुनिया में इसी के साथ साइबर अपराध भी बढ़े हैं। हालत यह है कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी, की तर्ज पर कभी भी कोई व्यक्ति साइबर अपराध का शिकार हो रहा है। साइबर ठगी का शिकार व्यक्ति यदि तत्काल इसकी शिकायत साइबर क्राइम कंट्रोल टोल फ्री नम्बर पर दर्ज नहीं कराता है, तो देर होने पर मामले की तहकीकात की अवधि बढ़ सकती है। जरूरत है सावधानी न हटे। यानि कुछ गलतियां न करके साइबर ठगों के नेटवर्क से सुरक्षित रहा जा सकता है।

इस डिजिटल दुनिया में साइबर ठगी के कई तरीके हो सकते हैं। किसी मोबाइल काल या अंजान व्यक्ति को ओटीपी दिए जाने, सोशल मीडिया का पासवर्ड शेयर किए जाने पर शत प्रतिशत व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो सकता है। यही नहीं आपके मोबाइल के सोशल मीडिया पर किसी अनजाने लिंक को खोले जाने पर साइबर ठगी की पूरी आशंका है। साइबर ठग विभिन्न एप को डाउन लोड कराकर आपके बैंक खाते में मेहनत से कमाई गई जमा पूंजी को पलक झपकते ही उड़ा सकते हैं। ऐसी परिस्थिति में जरूरी है कि तुरंत साइबर हेल्प टोल फ्री नम्बर पर शिकायत दर्ज कराएं। ताकि खाते से ट्रांसफर कर ली गई रकम फ्रीज की जा सके।

**साइबर ठगी का शिकार होने पर यहां करें शिकायत:** जिले के हर थाने पर साइबर डेस्क कार्य कर रही है। जबकि जिला मुख्यालय स्थित एसएसपी कैम्प कार्यालय परिसर में साइबर क्राइम यूनिट इन मामलों में तहकीकात करती है। अधिकांश वह मामले जिनमें समय से शिकायत हुई है। साइबर ठगी से निकाली गई रकम की वापसी भी हुई है। यदि कोई आपका सोशल मीडिया एकांउट हैक करे, तो इसकी सूचना तत्काल थाने की साइबर सेल में दी जानी चाहिए। आपकी ओटीपी एटीएम पिन नम्बर या इंटरनेट एकांउट पासवर्ड शेयर करना महंगा साबित हो सकता है। इसलिए ओटीपी, एटीएम पिन नम्बर किसी अंजान व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर न बताएं।

**अपना डाटा सुरक्षित व आधार कार्ड लाक रखें:** साइबर सेल प्रभारी पंकज सिंह का कहना है कि किसी अंजान को अपने मोबाइल नम्बर की ओटीपी न दें। किसी अंजान काल पर अपने आप को बैंक अफसर बताकर आपका खाता बंद होने की काल कर ओटीपी मांगी जाती है। कोई अंजान एप डाउन लोड न करें। कोई अंजान लिंक न खोलें। बैंक खाते से धन निकल जाने पर बैंक मैनेजर को भी लिखित सूचना दी जानी चाहिए।

- ठगी होने पर तत्काल हेल्प लाइन पर काल कर राशि फ्रीज कराएं
- सोशल मीडिया पर किसी अनजाने लिंक को कभी न खोलें

## टोल फ्री नम्बर 1930 पर दर्ज कराएं शिकायत

बहराइच । साइबर ठगी का शिकार होने पर थाने, जिला मुख्यालय की साइबर क्राइम यूनिट पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। साइबर सेल में प्रभारी पंकज सिंह बताते हैं कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल गृह मंत्रालय की ओर से जारी किए गए टोल फ्री 1930 नम्बर पर अपनी शिकायत वहीं से दर्ज कराएं।

## क्रेडिट कार्ड अपडेट करने को कहकर निकाले रुपये

**केस 1** रामगांव थाने के मिर्जापुर निवासी विनोद के मोबाइल फोन पर अपने आप को बैंक आफिसर बता उनके क्रेडिट कार्ड को अपडेट करने को एप डाउन लोड कराकर 58 हजार रुपये साइबर ठग ने निकाल लिए। तत्काल साइबर क्राइम यूनिट को शिकायत दर्ज कराए जाने पर लगभग 48 हजार धनराशि वापस हुई।

## केवाईसी अपडेट करने के नाम पर ठगी की

**केस 2** देहात कोतवाली के माधव रेती निवासी भाजपा नेता श्रवण शुक्ला से किसी ठग ने मोबाइल काल कर केवाईसी अपडेट करने के नाम पर कोई ऐप डाउनलोड कराया। मैसेज आया तो पता चला कि उनके बैंक खाते से ढाई लाख निकल गए। मामले का निस्तारण साइबर ठग की गिरफ्तारी से हुआ।

## विशेश्वरगंज में साइबर ठग ने खाते से उड़ाई धनराशि

**केस 3** विशेश्वरगंज थाने के गंगवल निवासी दिनेश कुमार जायसवाल पुत्र रामफेर के खाते से साइबर ठग ने धन निकासी कर ली। शिकायत दर्ज होने पर तहकीकात के बाद देवरिया का देवव्रत व बिहार का जइसा गिरफ्तार किया गया।

# वाहनों के पीछे लगाए गए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

## अभियान

बहराइच, संवाददाता। यातायात माह जागरूकता अभियान में केवल दो दिन और बचे हैं। इसमें निर्धारित कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी के निर्देशन में सोमवार सुबह से अभियान की शुरुआत की गई।

एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह के मार्गदर्शन में व सीओ सिटी जंग बहादुर यादव यातायात के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक यातायात जय प्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक यातायात संदीप यादव, सिपाही दिनेश कुमार, विकास यादव, निरपम यादव व होमगार्ड रविंद्र शुक्ला के शहर के विभिन्न चौराहों - तिराहों पर यातायत नियमों से संबंधित पंपलेट वितरित किया। ट्रैक्टर - ट्रालियों, पिकअप, मैक्स व अन्य कामर्शियल गाड़ियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाया गया। रविवार को चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान में 111 वाहनों से 1,76, 500 रुपए का चालान किया गया। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने को प्रेरित किया गया। वाहन संचालन करते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने को वाहन चालकों को जागरूक किया गया।

### नेपाल सीमा से लगे भारतीय क्षेत्र में अवैध गोदामों के बारे में गोपनीय रिपोर्ट पर प्रशासन की कार्रवाई

# खाद-बीज डंप मिलने पर, गोदाम सील, केस दर्ज

- पांच दुकानदार खाद व बीज बिक्री का नहीं दे पाए ब्यौरा
- खाद व बीज नेपाल में आपूर्ति पर कार्रवाई, कई दुकानें मिली बंद

बहराइच, संवाददाता। सीमा से लगे भारतीय क्षेत्र में अवैध गोदामों में खाद, बीज डंप कर नेपाल आपूर्ति करने की मिली गोपनीय रिपोर्ट पर सोमवार को डीएओ ने एसएसबी जवानों के संग भगड़िया व चोरवा गांव में छापेमारी की। विभिन्न कंपनियों के कई उत्पाद भारी संख्या में बरामद किए गए हैं। दुकानों को सील कर केस दर्ज कराया गया है। खाद व बीज बिक्री का ब्योरा न दे पाने पर पांच दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। सभी को नोटिस देकर तीन दिनों में जवाब देने के चेतावनी दी गई है।

भारत-नेपाल खुली सीमा का फायदा उठाकर मुनाफाखोर दुकानदार सीमा से लगे लोगों के माध्यम से नेपाल खाद बीज आपूर्ति कर मोटी रकम कमाने की जुगत में लगे हुए हैं। भगड़िया व चोरवा गांव में डीएओ ने छापेमारी की। डब्लू नामक दुकानदार के गोदाम का शटर उठाया तो वहां विभिन्न कंपनियों के 150 बोरी खाद, बीज व रसायन डंप पाए गए। मनगौढ़िया में सत्तार के गोदाम से डंप 130 बोरी खाद, बीज व अन्य उत्पाद बरामद किए गए हैं। दोनों दुकानों को सील कर दिया गया है। दुकानदारों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। श्यामलाल जायसवाल, गौरव जायसवाल, उदयप्रकाश बीज भंडार, सुरेंद्र कुमार व पोरवाल किसान खाद भंडार की जांच में कई चौकाने वाले तथ्य समाने आए हैं। स्टॉक रजिस्टर में दर्ज ब्योरा के हिसाब से दुकान में खाद की उपलब्धता व बिक्री रजिस्टर में दर्ज नहीं पाई गई है। तीन बीज व दो खाद के दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।



छापेमारी के दौरान मुस्तैद एसएसबी के जवान, जिला कृषि अधिकारी व टीम।

## खाद, बीज समेत नौ उत्पादों के भरे नमूने

बहराइच। नेपाल आपूर्ति के लिए गोदामों में डंप किए गए खाद, बीज व रसायनों के नौ सैंपल भरे गए हैं। इनमें डीएपी, एसएसपी, जिंक व रसायन के सैंपल लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अलग से भी कार्रवाई की जाएगी।

## बिना लाइसेंस कैसे मिली खाद, होगी जांच

नेपाल सीमा से लगे भारतीय क्षेत्र में विभिन्न कंपनियों के खाद, बीज व रसायनों की मिली खेप ने कई सवाल खड़े किए हैं। जब एक बोरी खाद व बीज के लिए जिले भर में हायतौबा मची हुई है, तब सीमा के निकट गोदामों में खाद कहां व कैसे पहुंची। किस दुकानदार से सांठगांठ कर अवैध खाद की आपूर्ति सीमा पर की गई है।

“ अवैध रूप से भंडारित खाद व बीज पकड़ी गई है। दोनों को सील कर मुकदमा दर्ज कराया गया है। तीन बीज व दो खाद की दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। बिना आधार कार्ड के खाद की बिक्री पूर्ण प्रतिबंधित है।

**सतीश कुमार पांडेय**, जिला कृषि अधिकारी, बहराइच

# दो खाद की दुकानें सीज, मुकदमा दर्ज

**संसू, बहराइच** : मिहींपुरवा विकास खंड में बिना लाइसेंस के संचालित खाद की दो दुकानों को कृषि विभाग के अधिकारियों ने सीज कर संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। बिना लाइसेंस के संचालित दुकानों से भारी मात्रा में खाद भी बरामद हुई है, जबकि खाद व बीज के पांच दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। खाद और बीज के नौ नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। एसएसबी की मौजूदगी में कृषि विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में अफरातफरी मची रही।



मिहींपुरवा में खाद दुकान पर छापेमारी के दौरान एसएसबी जवान संग मौजूद कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ● जागरण

मिहींपुरवा ब्लाक के ग्राम पंचायत भगडिया में बिना लाइसेंस के दुकान संचालित होने की शिकायत कृषि विभाग को मिल रही थी। जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र के निर्देश पर सोमवार को जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय ने एसएसबी चितलहवा की टीम के साथ छापेमारी की। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर स्थित भगड़िया बाजार में डबलू कुमार जायसवाल बिना लाइसेंस के खाद की दुकान का संचालन करते मिले। जिस पर दुकान को सीज कर दिया गया है। कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है, जबकि गांव में ही श्याम जायसवाल, गौरव जायसवाल और उदय प्रकाश तिवारी के बीज के दुकान का लाइसेंस निलंबित किया गया है।

उन्होंने बताया कि बीज कहां बिक्री की गई और किसे बेचा गया। इसकी कोई जानकारी नहीं मिली। साथ ही रजिस्टर अधूरा था। उन्होंने बताया कि यही हाल सुरेंद्र खाद भंडार और पोरवाल किसान सेवा केंद्र की रही। यहां बिना ई-पास मशीन और खतौनी के ही खाद बिक्री की गई। दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के मनगौढिया गांव निवासी सत्तार पुत्र दिलदार हुसैन बिना लाइसेंस के खाद की बिक्री करता मिला। जिस पर खाद की दुकान को सीज कर दिया गया है। थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि कुल नौ नमूना जांच के लिए भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दिल्ली से 215 पेटी टूथपेस्ट उड़ाने वाला गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** आज तक आपने विभिन्न तरीके की चोरी की वारदातों के बारे में सुना होगा, पर करीब एक सप्ताह पूर्व दिल्ली में हुई अनोखी चोरी की चर्चा अब जिले में जोरों पर हो रही है। जिले के रहने वाले युवक ने मालिक के गोदाम से टूथपेस्ट की पेटियां उड़ा लीं और पूरे माल के साथ वह बहराइच पहुंच गया। यहां घर के टिन शेड में छिपाकर चोरी के माल को रख दिया। दिल्ली पुलिस की ओर से बीते दिनों हुई छापेमारी के बाद घटना का राजफाश हुआ। पुलिस उसे पकड़ कर दिल्ली ले गई है।

गौरतलब है कि बीती 22 नवंबर को दिल्ली के लाहौरी गेट थाने में कुंवर पाल सिंह पुत्र हरस्वरूप सिंह ने 215 पेटी टूथपेस्ट चोरी कर गायब किए जाने का मामला दर्ज कराया था। इसमें दिल्ली पुलिस को जिले के जरवलरोड थाना क्षेत्र के खासेपुर बहरामपुर गांव के ऊदल कुमार उर्फ संतोष के शामिल होने की जानकारी के बाद सरगर्मी से तलाश थी। दिल्ली पुलिस के उपनिरीक्षक रमाकांत व सहायक उपनिरीक्षक हरेंद्र सिंह दो दिन पूर्व जरवलरोड थाने पहुंचे और यहां की पुलिस के साथ आरोपित के गांव खासेपुर में छापेमारी की। जहां से उन्हें गायब टूथपेस्ट की पेटियां के साथ आरोपित ऊदल कुमार भी मिल गया। एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि सभी वैधानिक औपचारिकताओं के पूरा करने के बाद दिल्ली पुलिस आरोपित को अपने साथ दिल्ली लेकर चली गई है।



जरवलरोड में चोरी के टूथपेस्ट के साथ पकड़ा गया युवक ● सौ. पुलिस

# तस्करी से नेपाल जाने वाली डीएपी की खेप पकड़ी

## दो दुकानें सील, दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले के किसानों को खाद मिल नहीं पा रही है, लेकिन सीमा पार तस्करी जारी है। सोमवार को कृषि विभाग व एसएसबी की संयुक्त टीम के छापे में यह असलियत उजागर हुई। सीमा के पास स्थित एक दुकान से भारी मात्रा में डीएपी व अन्य खाद बरामद हुई जिसे अवैध तरीके से नेपाल भेजा जाना था।

सीमा के पांच किलोमीटर के दायरे में खाद-बीज की दुकान के लिए लाइसेंस न देने का प्रावधान है। इसके बावजूद यह दुकान अवैध तरीके से चल रही थी। दुकान सील कर दुकानदार पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, बिना लाइसेंस चल रही एक दूसरी दुकान से भी भारी मात्रा में खाद मिली है।

इसे भी नेपाल भेजा जाना था। दुकान सील कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। खाद की एक अन्य दुकान भी खाद बिक्री व ई-पॉश मशीन में अंतर मिलने पर सील कर दी गई। दुकानदार से जवाब मांगा गया है। इसके अलावा जांच में प्रपत्र दुरुस्त न मिलने पर बीज की तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

सोमवार को जिला कृषि अधिकारी सतीश पांडेय व एसएसबी की संयुक्त टीम ने मिहींपुरवा के भग्गड़िया बाजार में छापा मारा। यहां सीमा से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित डब्ल्यू जायसवाल की दुकान में भारी मात्रा में खाद डंप मिली। इसे अवैध तरीके से नेपाल भेजा जाना था।

दुकान सील कर डब्ल्यू जायसवाल पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कृषि अधिकारी ने बताया कि दुकान से 90 बोरी यूरिया, 18 बोरी एसएसपी, चार बोरी डीएपी, पांच बोरी सुपर फॉस्फेट, दो बोरी एमओपी, 10 बाल्टी रामबाण व पांच बोरी जिंक बरामद हुई है।

उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है कि यह तस्करी कब से हो रही थी। दुकान से चार नमूने भी भरे गए हैं। वहीं, सीमा से करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित मनगौड़िया में भी बिना लाइसेंस चलती मिली एक दुकान से 52 बोरी यूरिया, 28 बोरी एसएसपी, 12 बोरी कैल्शियम सल्फेट, नौ बाल्टी शक्तिमान उर्वरक, 15 पैकेट सल्फर, 10 पैकेट पावर, चार मोनो गोल्ड बरामद हुआ है। दुकान सील कर मुकदमा दर्ज किया गया है। पांच नमूने भी भरे गए हैं।

**■ बिक्री रजिस्टर में मिली अनियमितता :** अभियान के दौरान भग्गड़िया की कई अन्य दुकानों में भी अनियमितता पाई गई। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि श्याम जायस्वाल, गौरव जायसवाल व उदय प्रकाश तिवारी की बीज की दुकान में अनियमितता मिली।

बिक्री रजिस्टर, बीज उपलब्धता चार्ट व रखरखाव दुरुस्त नहीं मिला। दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। वहीं, मिहींपुरवा के चोरवा स्थित सुरेंद्र खाद भंडार में काफी गड़बड़ी मिली। खाद बिक्री व ई-पॉश मशीन में भारी अंतर मिला। दुकान को सील कर जवाब मांगा गया है।

### सीमा के पांच किलोमीटर के दायरे में नहीं दिया जाता है लाइसेंस, गड़बड़ी मिलने पर एक अन्य दुकान भी सील



मिहींपुरवा में इसी दुकान से बरामद हुई नेपाल भेजने के लिए रखी गई खाद। -संवाद

> **■ खाद तस्करी की मिली थी जानकारी :** खाद तस्करी की जानकारी मिली थी। इसी आधार पर छापा मारा गया। जांच में सूचना सही निकली। सीमा के पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित एक दुकान से भारी मात्रा में खाद बरामद हुई। शुरुआती पूछताछ में दुकानदार ने भी तस्करी की बात स्वीकार की है। एक अन्य दुकान से भी तस्करी के लिए भारी मात्रा में रखी गई खाद बरामद हुई है।
> **-सतीश पांडेय,** जिला कृषि अधिकारी

## कुछ को ही मिली खाद, बाकी लौटे खाली हाथ

### गलत सूचना पर भी किसान 10 से 15 किलोमीटर दूर समितियों पर पहुंच रहे

### कैसरगंज, महसी और रिसिया में सबसे बुरा हाल, समितियां खुलने का हो रहा इंतजार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** जिले में डीएपी की किल्लत बरकरार है। तमाम दावों के बावजूद हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। गलत सूचना पर भी किसान 10 से 15 किलोमीटर दूर स्थित समितियों पर पहुंच रहे हैं। जहां खाद उपलब्ध है गजब की मारामारी देखने को मिल रही है। वहीं, तमाम समितियों पर ताले लटक रहे हैं।

सोमवार को शहर के जेल रोड स्थित इफ्को किसान सेवा केंद्र पर सोमवार को पुलिस की मौजूदगी में खाद बांटी गई। इस किल्लत का फायदा दुकानदार जमकर उठा रहे हैं। एक बोरी पर 300 से 400 रुपये ज्यादा वसूलने का आरोप किसान लगा रहे हैं।

इसके बावजूद भी तमाम किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा। किसान महंगू, सुमिरन, भगोले, रामनरायण यादव, कल्लूराम पाल, दिवाकर, संत कुमार, जोगिंदर शर्मा आदि ने बताया कि सुबह से लाइन में लगे थे, लेकिन डीएपी नहीं मिली। कल आने की बात कही है।

**■ सहकारी समितियों पर लटक रहे ताले : कैसरगंज/फखरपुर/महसी/रिसिया/हुजूरपुर/बौंडी।** कैसरगंज, महसी और रिसिया में सबसे बुरा हाल है। तमाम साधन सहकारी समितियों पर बीते एक सप्ताह से ताले लटकर रहे हैं। कैसरगंज की डिहवा शेरबहादुर सिंह, कसेहरी बुजुर्ग, नौगइया, बदरौली व पयागी सहकारी समिति से सोमवार को भी डीएपी नदारद रही और ताला लटकता मिला।

यही आलम महसी व रिसिया की साधन सहकारी समितियों पर भी देखने को मिला। यहां भी ताला लटकता पाया गया। हुजूरपुर की 10 समितियों पर भी सोमवार को खाद का टोटा देखने को मिला। प्रगतिशील किसान अवधेश कुमार सिंह, शिवकुमार पाण्डेय आदि ने बताया कि खाद न मिलने से गेहूं की बुआई पिछड़ रही है।

बौंडी की साधन सहकारी समिति उमरी दहल्ली से भी खाद नदारद रही। फखरपुर की साधन सहकारी समिति, माधवपुर पर भी ताला लटकता मिला।



बहराइच में सोमवार को इफको गोदाम पर खाद लेने के लिए लगी किसानों की भीड़। -संवाद




फखरपुर में साधन सहकारी समिति, माधवपुर पर कई दिन से लटक रहा है ताला। -संवाद



महसी की जोतचांदपारा समिति भी बंद है। -संवाद

### तीन दिन में बंटी 1200 बोरी डीएपी

**नानपारा।** कस्बे के इफ्को बाजार केंद्र पर अलीनगर निवासी तैफल अहमद ने बताया कि पांच दिन से चक्कर काट रहे हैं। कांड़ुखनपुरवा निवासी उदय राज व चौकसाहार निवासी शिवराम ने एक सप्ताह से चक्कर काटने की बात कही। केंद्र प्रभारी देव प्रताप सिंह ने बताया कि 1200 बोरी डीएपी आई थी जो तीन दिन में बंट गई। मंगलवार को फिर बांटी जाएगी।

> ### मंगवाई गई है चार रैक खाद
> चार रैक खाद मंगवाई गई है। दो दिनों में लगभग दो हजार मीट्रिक टन खाद जिले में पहुंच जाएगी और स्थिति सामान्य हो जाएगी। किसान आवश्यकता से अधिक खाद न लें।
> - सतीश पांडेय, जिला कृषि अधिकारी

# सुलह के बाद साथ रहने को राजी हुए 14 जोड़े

## परिवार परामर्श केंद्र में 83 मामलों की हुई सुनवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** पति-पत्नी के आपसी विवाद निपटाने के लिए सोमवार को परिवार परामर्श केंद्र में सुनवाई की गई। पीठ के काउंसलरों ने 83 मामलों की सुनवाई की। 14 जोड़ों के बीच मध्यस्थता कराकर उन्हें साथ रहने के लिए राजी किया गया।



बहराइच के पुलिस लाइन में रविवार को आयोजित परिवार परामर्श केंद्र में सुलह करवाते समिति के सदस्य। -संवाद

20 जोड़ों ने विचार करने का समय लिया। चार मामले न्यायालय में विचाराधीन होने के चलते पीठ ने निरस्त कर दिए। एएसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह की देखरेख में सुनवाई हुई।

काउंसलर फहीम अहमद किदवई ने बताया कि 45 मामलों में नोटिस जारी किया गया है। काउंसिलिंग के दौरान काउंसलर सरजीत सिंह, डीपी सिंह, रंजना उपाध्याय व महिला आरक्षी अंजली और कविता मौजूद रहीं।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 29-11-2022

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान र्जुन प्रसाद पुत्र राम अधार निवासी गब्बापुर थाना सिरसिया के रूप में हुई।

# स्थानांतरित चौकी प्रभारी को दी गई विदाई

जमुनहा। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के मल्हीपुर पुलिस चौकी प्रभारी कृष्ण गोपाल राय का स्थानांतरण हो जाने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। वह पांच माह पूर्व जमुनहा चौकी पर प्रभारी बनकर आये थे। उन्होंने ग्रामीणों से निरन्तर संवाद स्थापित करते हुए समस्याओ का निस्तारण किया। उनका स्थांतरण श्रावस्ती के ही लक्ष्मनपुर चौकी किया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस चौकी पर उन्हें फूल माला पहना कर विदाई दी।

# आगंतुक कक्ष का उद्घाटन हुआ

इकौना। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने थाना इकौना में बने नवनिर्मित आगुन्तक कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के बाद एसपी ने प्रभारी निरीक्षक इकौना का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने निर्माण में सहयोग करने वाले लोगों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, पुलिस उपाधीक्षक सतीश कुमार शर्मा, श्रावस्ती थाने के प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव, गिलौला प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय मौजूद रहे।

# 167 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा, जुर्माना लगा

**कार्रवाई**

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 167 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर दो लाख सात हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

बदलते समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, पुलिस ने बनाई साइबर सेल, जागरूकता अभियान चलाया

# प्रलोभन के जाल में फंसाकर बैंक का खाता खाली कर रहे साइबर अपराधी

**पड़ताल**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** जैसे जैसे आनलाइन व्यापार का कारोबार बढ़ता जा रहा है। वैसे वैसे साइबर ठगी भी बढ़ती जा रही है। नाम और काम बदल बदल कर और तरह तरह के प्रलोभन देकर साइबर अपराधी ग्राहकों को फंसा कर रुपए ऐंठते हैं। साइबर अपराध से बचने के लिए पुलिस की ओर से जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके बाद भी अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में इंटरनेट से चलने वाले एप प्राथमिकता से उपयोग में लिए जा रहे हैं। उसी हिसाब से साइबर क्राइम का ग्राफ भी बढ़ गया है। आए दिन लोग साइबर ठगी का शिकार होते देखे जा रहे हैं। ऐसे में लोगों को जागरूक होना बेहद जरूरी है और जागरूकता के साथ साथ सावधान रहना भी आवश्यक है। साइबर ठगी के मामले में अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी ही गलती से धोखा खा जाते हैं और देखते ही देखते बैंकों में जमा उनकी गाढ़ी कमाई मिनटों में उड़ जाती है। जिसमें किसी से ओटीपी लेकर, किसी से पिन नम्बर देकर और किसी ने नई एप्लीकेशन इंस्टाल करा कर ठगी की जाती है।

**इन तरीकों से फटका लगा रहे साइबर अपराधी:** पहले साइबर ठग बैंक अधिकारी बनकर खाते से संबंधित जानकारी प्राप्त कर लोगों से ठगी करते थे। इसके अलावा लोन दिलाने, मोबाइल टावर लगाने आदि का झांसा देकर ठगी करते थे। लेकिन लोगों के जागरूक होने के बाद साइबर अपराधियों ने भी ठगी का तरीका बदल दिया है। मौजूदा समय में साइबर ठग सोशल साइट्स का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अब साइबर ठग पेटीएम फ्राड, फोन पे, यूपीआइ फ्राड के जरिए लोगों को ठग रहे हैं। सोशल साइट्स पर वीडियो काल कर अश्लील वीडियो बनाकर लोगों को भय दिखाकर भी ठगी करते हैं। फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाकर भी मैसेज भेजे जा रहे हैं। इसमें ठग पीड़ित का रिश्तेदार बताकर मदद की मांग करते हुए लिंक के माध्यम से रुपए मांगते हैं और अगर रुपए भेज दिया तो खाते का विवरण लेकर पैसे खाली कर देते हैं।

## सभी थानों पर हेल्प डेस्क

साइबर अपराध को रोकने और कार्रवाई के लिए जिले स्तर पर साइबर सेल स्थापित है। जिले के भिनगा, इकौना, सिरसिया, गिलौला, मल्हीपुर, श्रावस्ती थाना सहित सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। यहां आने वाले मामलों की जांच जिले स्तर पर गठित साइबर टीम को भेज कर कार्रवाई की जाती है।



कटरा बाजार में साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते थानाध्यक्ष व सीओ

## जिले में हुए साइबर ठगी के कुछ मामले

अक्टूबर में तहसील भिनगा में नायब नाजिर के पद पर तैनात अमरेश सिंह के इंडियन बैंक शाखा भिनगा के खाते से 79600 रुपये साइबरों ठगों ने उड़ा लिए थे। 25 अक्टूबर को मोबाइल पर एसएमएस प्राप्त होने पर अमरेश सिंह ने बैंक से स्टेटमेन्ट निकाला तो पता चला कि 22 अक्टूबर को चार किस्तों में साइबर अपराधियों ने रुपये निकाले थे। इसी महीने में इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िला निवासी अनुपम कुमार पांडेय पुत्र ललित मोहन पांडेय के खाते से साइबर ठगों ने क्विक सपोर्ट एप्लीकेशन के माध्यम से 1,23,500 रुपये निकाल लिए थे। साइबर टीम ने अमरेश सिंह का 49,500 रुपये तथा अनुपम पांडेय का 43 हजार 500 रुपये वापस कराया। शेष राशि के लिए टीम कार्रवाई में जुटी हुई है।

> साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सभी थानों और जिले स्तर पर साइबर सेल गठित की गई है। साइबर अपराध दर्ज होते ही त्वरित कार्रवाई की जाती है। अपराधियों से रिकवरी करा कर जेल भेजा जा रहा है।
>
> -अरविन्द कुमार मौर्य, एसपी

**79600**

रुपये साइबर ठगों ने उड़ा लिए चार किस्तों में उड़ा लिया, तीन दिन बाद हुई ठगी की जानकारी

**22** अक्टूबर को हुई ठगी इसी माह 1 लाख 23 हजार रुपयें साइबर अपराधियों ने हड़पे

### ये बरतें सावधानी...

- साइबर ठगों से बचने के लिए फोन काल, एसएमएस या अन्य किसी माध्यम से ओटीपी, यूपीआइ पिन या एटीएम पिन किसी के साथ शेयर न करें
- केवाईसी के लिए एसएमएस पर ध्यान न दें। एसएमएस में दिए गए मोबाइल नंबर पर काल बिल्कुल न करें।
- फोन पर आए किसी भी लिंक को फालो न करें।
- फोन पर आए किसी भी एसएमएस को अपरिचित व्यक्ति की ओर से बताए गए नंबर पर फारवर्ड न करें।
- एटीएम से निकासी के समय किसी की सहायता न लें। एटीएम के पीछे सफेद पट्टी पर अपना नाम जरूर लिखें ताकि कार्ड बदलने पर तत्काल पहचान हो सके।
- फोन, इमेल, एसएमएस, वाट्सएप के माध्यम से नौकरी, पॉलिसी बोनस, लॉटरी, सस्ता लोन आदि पर भरोसा न करें।

# 16 करोड़ ख

गिरंटबाजार, संवाददाता। बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर आगे बढ़ाने के लिए विकास क्षेत्र जमुनहा के हरदत्तनगर गिरंट में राजकीय पालिटेक्निक कालेज की स्थापना की गई है। लेकिन करीब 16 करोड़ खर्च होने के बाद भी अब तक पॉलीटेक्निक कालेज शुरू नहीं हो सका। निर्माणाधीन भवन जर्जर होने की स्थिति में पहुंच गया है।

वर्ष 2011 में शासन ने हरदत्त नगर गिरंट में राजकीय पॉलीटेक्निक विद्यालय का निर्माण शुरू कराया था उस समय सरकार ने इस भवन निर्माण के लिए 16 करोड़ का बजट भी आवंटित किया था। ठेकेदार ने निर्माण कार्य बड़ी ही तेजी के साथ किया। पांच वर्ष में भवन आधा से अधिक तैयार हो गया। लेकिन न तो रंगरोगन किया गया और न ही आने जाने का रास्ता ही ब

## आगंतुक कक्ष का उद्घाटन हुआ

**इकौना।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने थाना इकौना में बने नवनिर्मित आगुन्तक कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के बाद एसपी ने प्रभारी निरीक्षक इकौना का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने निर्माण में सहयोग करने वाले लोगों को धन्यवाद दिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे, पुलिस उपाधीक्षक सतीश कुमार शर्मा, श्रावस्ती थाने के प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव, गिलौला प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय मौजूद रहे।

## शांतिभंग में 27 पाबंद

**श्रावस्ती :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को 27 लोगों को पाबंद किया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

## 167 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती :** विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 167 वाहनों का चालान किया गया। दो लाख सात हजार 500 रुपये शमन शुल्क भी वसूला गया। (वि.)

# 10 लीटर शराब बरामद

**श्रावस्ती :** सिरसिया पुलिस ने क्षेत्र गब्बापुर निवासी अर्जुन प्रसाद को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

# इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम से सुधरेगी यातायात व्यवस्था

**सड़क** पर वाहनों का बेड़ा हर साल बढ़ रहा है। यातायात को नियंत्रित करने के लिए जरूरी मानव संसाधन घटते जा रहे हैं। सड़कों की आडिट के दौरान जागरण टीम ने कई प्रकार की समस्याएं चिह्नित कीं। इनके समाधान के लिए यातायात व पुलिस विभाग की क्या तैयारी है? इस पर सोमवार को श्रावस्ती के अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव से जागरण संवाददाता ने बातचीत की। प्रस्तुत है वार्ता के प्रमुख अंश–

साक्षात्कार



प्रवीण कुमार यादव, एएसपी • जागरण

**•ब्लैक स्पाट पर हादसों को रोकने के लिए पुलिस विभाग की क्या तैयारी है?**

– ब्लैक स्पाट ऐसे स्थान होते हैं, जहां निरंतर हादसे होते रहते हैं। इन स्थानों पर साइन बोर्ड भी लगे हैं। इस साइन बोर्ड व ब्लैक स्पाट के बारे में लोगों को जागरूक होने की जारूरत है। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

**•जंगल में वाहनों की रफ्तार हादसों का कारण बन रहा है, इसे नियंत्रित करने की क्या तैयारी है?**

– जंगल में सड़क पर बाइक खड़ी कर लोग सेल्फी लेते रहते हैं। यह गलत है। इसी तरह अन्य कई कारण हादसों के लिए जिम्मेदार हैं। पुलिस के पास अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई करने का ही विकल्प है। कार्रवाई में तेजी लाई जाएगी।

**•सड़क किनारे लगे निर्माण सामग्री के ढेर हादसों का कारण बनते हैं, इस पर अंकुश कैसे लगेगा?**

– सड़क पर अथवा सड़क की पटरी पर निर्माण सामग्री लगाना अथवा अन्य किसी प्रकार से अतिक्रमण करना कानूनन अपराध है। अभियान चलाकर ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनपर कार्रवाई की जाएगी।

**•भिनगा व इकौना में यातायात नियंत्रण के लिए ट्रैफिक लाइट लगने की क्या संभावना है?**

– जल्द ही इस विषय पर काम शुरू होगा। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को विकसित किया जाएगा। इसके तहत ट्रैफिक लाइट के साथ सीसी कैमरे भी लगाए जाएंगे। आनलाइन चालान कटेगा। पहले चरण में भिनगा व इकौना नगर में ही यह व्यवस्था लागू होगी।

## पटरियों पर अतिक्रमण

**श्रावस्ती :** भिनगा नगर के नई बाजार में सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण के चलते सड़कें सिकुड़ गई हैं। अतिक्रमण के चलते लोगों का राह चलना दूभर है। अतिक्रमण से आए दिन लोग चोटिल भी हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। (वि.)

# 167 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने जांच  के दौरान 167 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 2,07,500 रुपये शमन शुल्क के रूप में वसूल किया। संवाद

# शांति भंग के आरोप में 27 दबोचे

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार रात अभियान चला कर 27 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# नारी सुरक्षा दल ने किया जागरूक

**श्रावस्ती।** शक्ति मोबाइल टीम के जरिए नारी सुरक्षा दल ने महिलाओं व युवतियों को जागरूक किया। शक्ति मोबाइल टीम व नारी सुरक्षा दल की महिला आरक्षी सोनी देवी व अर्जिता यादव ने सोमवार को महिलाओं को सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून तथा नियमों की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 के बारे में बताया। इसके साथ ही किसी प्रकार की समस्या होने पर अनजान व्यक्तियों द्वारा परेशान किए जाने पर फोन करके पुलिस सहायता लेने को कहा। संवाद

# आगंतुक कक्ष का एसपी ने किया लोकार्पण



**श्रावस्ती।** जन सहयोग से इकौना थाने में आगंतुक कक्ष का निर्माण कराया गया है। इसका लोकार्पण रविवार शाम एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद ग्राम प्रहरियों से मिल कर उन्हें छोटी-बड़ी गतिविधियों की सूचना समय से अपने थाने को देने को कहा।

साथ ही वहां मौजूद लोगों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने को कहा। इस मौके पर एएसपी प्रवीण कुमार यादव, सीओ नगर अतुल कुमार चौबे, सीओ (प्रशिक्षु) सतीश कुमार शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहें। संवाद